सूर्योदय 5:32 सूर्यास्त 7:04

आज का तापमान

शिमला 12.0 न्यू 21.0 अधि
धर्मशाला 10.6 न्यू 27.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स 77,844
निफ्टी 24,326

सोना 1,51,000 चांदी 2,51,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 8 मई 2026 | 25 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 129, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली-पटना फ्लाइट टर्बुलेंस में फंसी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत के कई राज्यों में बुधवार को बारिश का दौर जारी रहा। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में बारिश दर्ज की गई, जबकि बिहार, हरियाणा और हिमाचल में ओले गिरे। पटना में भारी बारिश के दौरान एक इंडिगो फ्लाइट टर्बुलेंस में फंस गई, जिसे बाद में लखनऊ डायवर्ट किया गया। यूपी के 44 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है। वहीं कई राज्यों में गर्मी का असर भी बना हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### भारत आ सकते हैं ईरान के उपविदेश मंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बीच ईरान के उप-विदेश



मंत्री काजेम गरीबाबादी के भारत दौरे की संभावना है। वह नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स से जुड़े विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं। भारत इस समय ब्रिक्स का चेयरमैन है और 14-15 मई को विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करने जा रहा है, जो सितंबर में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की तैयारी का हिस्सा है। यह दौरा हाल ही में विदेश मंत्री एस. जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री के बीच हुई बातचीत के बाद हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

### धर्मशाला में कैदी से 13.62 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला में कैदी से चिट्टा बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार लाला लाजपतराय जिला एवं मुक्त सुधार गृह धर्मशाला में कैदी हैप्पी उर्फ राहुल निवासी गांव व डाकघर चलवाड़ा, तहसील ज्वाली के कब्जे से 13.62 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। इस संदर्भ में जेल अधिनियम धारा 42 तथा स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम की धारा 20 के तहत पुलिस ने मामला दर्ज की जांच शुरू कर दी है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

### बंगाल गवर्नर रवि ने भंग की विधानसभा

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा भंग कर दी है। लोकभवन से जारी अधिसूचना के बाद ममता सरकार के मंत्रियों के अधिकार समाप्त हो गए हैं। इससे पहले ममता बनर्जी ने इस्तीफा नहीं देने की बात कही थी। वहीं, हावड़ा के शिवपुर में भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबर है। दूसरी ओर तमिलनाडु में सरकार गठन पर स्थिति स्पष्ट नहीं है। अभिनेता विजय की पार्टी बहुमत से पांच सीट पीछे है और राज्यपाल ने समर्थन पत्र मांगा है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- मौसम की मार से बागवान बेहाल : जगत नेगी -पेज 2
- एनएचएआई से बिजली बोर्ड लेता है ढाई फीसदी डिपार्टमेंटल चार्जिज -पेज 4
- शूलिनी विवि ने मजबूत की बौद्धिक संपदा में पहचान -पेज 12

# ऑपरेशन सिंदूर का एक साल, सेना बोली–आतंकवाद से लड़ते रहेंगे

## 100 से ज्यादा पाकिस्तानी जवान मारे गए थे

**अनंत ज्ञान, जयपुर**





'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह साफ संदेश दिया कि पाकिस्तान में कोई भी आतंकवादी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। सेना ने यह भी कहा कि यह अभियान अंत नहीं, बल्कि शुरुआत थी। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ता रहेगा। जयपुर में गुरुवार को भारतीय वायुसेना, नौसेना और थलसेना के सैन्य अभियानों के प्रमुख साउथ वेस्टर्न कमांड में जुटे।

यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सैन्य अभियान के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। सेना की ओर से जानकारी दी गई कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान के 100 से ज्यादा जवानों और टेररिस्ट कैंप में 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई है। इस अभियान को पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ पिछले कई दशकों में भारत का सबसे व्यापक सैन्य अभियान बताया गया।

पहलगाम हमले में मारे गए हमारे भाई-बहनों को हम वापस नहीं ला सकते, लेकिन यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि ऐसा हमला दोबारा न हो। हमारा ऑब्जेक्टिव क्लियर था और ऑपरेशन के लिए पूरी छूट दी गई थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए मिनवाला, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, एयर मार्शल अवधेश कुमार और वाइस एडमिरल एएन प्रमोद सहित सेना के कई अधिकारी मौजूद रहे।

जुबिन ए मिनवाला इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के डिप्टी चीफ (ऑपरेशन) राजीव घई डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन और डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ, एयर मार्शल अवधेश कुमार डायरेक्ट जनरल एयर ऑपरेशन और वाइस एडमिरल एएन प्रमोद डायरेक्टर जनरल नेवल ऑपरेशन हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना की तरफ से इन तीन ऑफिसर ने ही प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। (अनंत ज्ञान)

### पीएम मोदी ने सोशल मीडिया डीपी पर लगाया 'ऑपरेशन सिंदूर' का लोगो

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी डिस्प्ले पिक्चर बदलकर 'ऑपरेशन सिंदूर' का लोगो लगाया है। यह पहल पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू किए गए



सैन्य ऑपरेशन की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सेना के साहस को ट्रिब्यूट देने के लिए की गई। अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किया गया था, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी।

# बिहार में नई सम्राट टीम तैयार

## नीतीश के बेटे निशांत और श्रेयसी सिंह समेत 32 बने मंत्री

**एजेंसी, पटना**



सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के 22 दिन बाद वीरवार को कैबिनेट का विस्तार किया गया। मेगा इवेंट में नीतीश के बेटे निशांत कुमार समेत 32 मंत्री सम्राट कैबिनेट में शामिल हुए।

नई कैबिनेट में भाजपा से 15, जेडीयू से 13, एलजेपी (आर)-2, एचएएम और आरएलएम से एक-एक मंत्री हैं। 25 मिनट चले इस कार्यक्रम में एक साथ 5-5 विधायकों ने शपथ ली है। पहली बार में निशांत कुमार, श्रवण कुमार, विजय सिन्हा, लेसी सिंह, और दिलीप जायसवाल ने शपथ ली। निशांत कुमार को पहली बार मंत्री बनाया गया। वहीं, 32 लोगों के शपथ ग्रहण करते ही सम्राट कैबिनेट में कुल 34 मंत्री हो चुके हैं। जेडीयू कोटे से 2 डिप्टी सीएम के साथ पहले ही शपथ ले चुके हैं।

समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए हैं। कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री ने नीतीश कुमार को अपने पास बुलाया। मंच पर उनसे हाथ मिलाया, इस दौरान नीतीश कुमार ने पीएम का कंधा पकड़कर हिला दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में सीधे राष्ट्रगान बजाया गया, जबकि प्रोटोकॉल के हिसाब से पहले राष्ट्रगीत वंदे मातरम् बजाया जाना था। दो बार बिहार के स्वास्थ्य मंत्री रहे मंगल पांडेय इस बार कैबिनेट में जगह नहीं मिली है, खबर है कि पार्टी में उन्हें बड़ी जगह दी जाएगी।

- प्रधानमंत्री ने नीतीश को बुलाया हाथ पकड़कर लाए पास
- सीएम की कुर्सी पर बैठने लगे नीतीश, नेताओं ने रोका

सीएम की कुर्सी पर बैठने लगे नीतीश, नेताओं ने रोका गांधी मैदान में सम्राट सरकार के मंत्रियों की शपथ के दौरान नीतीश कुमार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के लिए बढ़ने लगे। विजय चौधरी और संजय झा नीतीश के साथ मौजूद थे। विजय चौधरी ने नीतीश कुमार को बताया कि उनकी सीट उधर है। इसके बाद नीतीश कुमार मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ अपनी कुर्सी पर जाकर बैठे। (अनंत ज्ञान)

### ये दिग्गज बने मंत्री

**निशांत** कुमार, लेसी सिंह, दिलीप जायसवाल, विजय कुमार सिन्हा, श्रवण कुमार, रामकृपाल यादव, नीतीश मिश्रा, अशोक चौधरी, संजय सिंह टाइगर, रमा निषाद, मदन सहनी, संतोष सुमन, दामोदर रावत, रत्नेश सदा, शीला मंडल, सुनील कुमार, श्रेयसी सिंह, जमा खान, बुलो मंडल, श्वेता गुप्ता, दीपक प्रकाश, मिथिलेश तिवारी, केदार प्रसाद गुप्ता, लखेंद्र कुमार रौशन, नंद किशोर राम, प्रमोद कुमार और रामचंद्र प्रसाद मंत्री बने।

# विजय 118 विधायकों का समर्थन दिखाएं, तभी शपथ : राज्यपाल

**एजेंसी, कोलकाता**



तमिलनाडु में सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली टीवीके के लिए सरकार गठन करना मुश्किल होता दिख रहा है। पार्टी चीफ और एक्टर विजय गुरुवार को लगातार दूसरे दिन राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मिलने लोकभवन पहुंचे। करीब एक घंटे बाद वहां से रवाना हुए। राज्यपाल ने उनसे कहा है कि वे राज्य में स्थिर सरकार चाहते हैं, इसलिए सरकार बनाने का दावा पेश करने से पहले 118 विधायक होने जरूरी हैं। अब सूत्रों ने बताया है कि विजय मुख्यमंत्री पद की शपथ तभी ले सकेंगे, जब राज्यपाल को 118 विधायकों का समर्थन दिखाएंगे।

इस बीच एआईएडीएमके ने 28 विधायक पुडुचेरी के रिसॉर्ट भेजा दिया है। 234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके के पास 108 सीटें हैं। विजय दो सीटों पर जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़ने पर यह 107 रह जाएंगी। कुल सीटें 233 होने पर भी बहुमत 118 ही रहेगा, इसलिए टीवीके को 11 और विधायक चाहिए। कांग्रेस के 5 विधायकों ने उन्हें समर्थन दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि एक-दूसरे की प्रतिद्वंदी डीएमके और एआईएडीएमके के बीच भी सरकार गठन को लेकर चर्चा चल रही है। सूत्रों के अनुसार, दोनों दलों के नेताओं के बीच बैकचैनल बातचीत चल रही है।

सूत्रों का कहना है कि एक प्रस्ताव पर चर्चा हुई है, जिसमें एआईएडीएमके सरकार बनाए और डीएमके बाहर से समर्थन दे। छोटे दलों का समर्थन भी इस फॉर्मूले का हिस्सा हो सकता है। हालांकि, अभी तक कोई औपचारिक फैसला नहीं लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# सिरमौर में खड्ड में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के उपमंडल संगड़ाह की नौहराधार तहसील अंतर्गत देवामानल गांव में एक हृदयविदारक हादसे में एक ही परिवार के दो मासूम भाइयों की खड्ड में डूबने से मौत हो गई। इस दुखद घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, 8 वर्षीय आयन और उसका बड़ा भाई 9 वर्षीय नवोन्मेष गांव के समीप जंगल की ओर पशु चराने गए थे। इसी दौरान दोनों पास की खड्ड में डूब गए। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों बच्चों को खड्ड से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

बताया जा रहा है कि नवोन्मेष बोलने और सुनने में असमर्थ था। एक ही परिवार के दो मासूम बच्चों की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। उधर, प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवार को फौरी राहत देने के निर्देश जारी किए गए हैं। अधिकारियों ने लोगों से बरसात के मौसम में नदी-नालों और खड्डों के आसपास विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। देवामानल गांव में इस दर्दनाक हादसे ने हर आंख को नम कर दिया है।

# हिमाचल में डिजिटल होगी सेब खरीद प्रक्रिया : सीएम

## सेब उत्पादकों के हितों के लिए सुक्खू सरकार का बड़ा फैसला

**अनंत ज्ञान**



सचिवालय में बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में सेब सीजन को लेकर सरकार ने अभी से तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एचपीएमसी की योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आगामी सेब सीजन में मंडी मध्यस्थता योजना (एमआईएस) के तहत खरीद व्यवस्था पूरी तरह सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के छोटे और सीमांत बागवान राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत का उचित मूल्य सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि खरीद केंद्रों की अग्रिम सूचना जारी कर बागवानों को समय रहते पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में सीएम ने खरीद प्रक्रिया के पूर्ण डिजिटलीकरण पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि आगामी सीजन से सेब खरीद से जुड़ा पूरा डेटा और भुगतान प्रणाली डिजिटल माध्यम से संचालित की जाएगी। इससे खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी, रिकॉर्ड प्रबंधन बेहतर होगा और बागवानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा। सरकार का मानना है कि आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से बागवानों का विश्वास और मजबूत होगा तथा बिचौलिया व्यवस्था पर भी प्रभावी नियंत्रण लगेगा।

# हिमाचल सचिवालय सेवा के नौ अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार ने सचिवालय स्तर पर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए एचपी सचिवालय सेवा (एचपीएसएस) के नौ अधिकारियों के तबादला और पदोन्नति आदेश जारी कर दिए हैं। कार्मिक विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के बाद सचिवालय के कई महत्वपूर्ण विभागों में नई तैनातियां की गई हैं। ये आदेश मुख्य सचिव संजय गुप्ता के हस्ताक्षर से जारी हुए हैं और इन्हें तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।





जारी आदेशों के अनुसार विजय कुमार को डिजिटल टेक्नोलॉजीज एंड गवर्नेंस विभाग से हटाकर गृह विभाग में उप सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं मनमोहन चोपड़ा को आयुष विभाग से स्थानांतरित कर गृह विभाग में नियुक्त किया गया है। वंदना को उद्योग विभाग से हटाकर एसए विभाग में उप सचिव बनाया गया है। रंजना शर्मा को शिक्षा विभाग से स्थानांतरित कर युवा सेवाएं एवं खेल तथा डिजिटल टेक्नोलॉजीज एंड गवर्नेंस विभाग का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा रमेश चंद को युवा सेवाएं एवं खेल विभाग से उद्योग विभाग में उप सचिव नियुक्त किया गया है।

सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल के साथ कई अधिकारियों को पदोन्नति का लाभ भी दिया है। तरुण सक्सेना को पदोन्नत कर वित्त-आईएफ विभाग में उप सचिव बनाया गया है। वंदना गुप्ता को आयुष विभाग, वेद प्रकाश को वित्त नियमन विभाग तथा गोविंद बल्लभ उपाध्याय को कार्मिक विभाग में उप सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

# मोहाली में आईटी कारोबारी पर ईडी रेड, हवा में उड़े 500 के नोट

**एजेंसी, चंडीगढ़।** मोहाली के खरड़ में वेस्टर्न टावर्स सोसायटी में आज (7 मई) इनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) की टीम ने आईटी सेक्टर में काम करने वाले कारोबारी के घर पर दबिश दी। ईडी टीम को आता देख पकड़े जाने के डर से रिहायशी टावर की नौवीं मंजिल से कैश से भरे बैग नीचे फेंक दिए गए। नीचे उनका ड्राइवर खड़ा था। ऊपर से 2 बैग फेंके गए, जिनमें 500-500 रुपए के नोटों के बंडल भरे हुए थे। इनमें से एक बैग नीचे गिरते ही फट गया, जिससे कुछ नोट हवा में उड़ते हुए वहीं बिखर गए। एक बैग को वहां खड़ा ड्राइवर गाड़ी में डालकर भाग निकला। ईडी की टीम ने उसका पीछा किया, लेकिन उसे पकड़ नहीं पाई। फटा बैग ईडी टीम ने जब्त कर लिया। उसमें से 21 लाख रुपए मिले। इस बैग की डबल पैकिंग की गई थी। जिसमें लाल रंग के बैग को सफेद रंग के बैग में पैक किया गया था। जिस टावर पर रेड चल रही है, वहां अब पुलिस ने लोगों की एंट्री रोक दी है। ईडी टीम की रेड होते ही पंजाब की पॉलिटिक्स गरमा गई। विरोधी दलों ने आरोप लगाया कि जिस कारोबारी नितिन गोहिल के घर रेड हुई, वह सीएम भगवंत मान के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन का करीबी है। यह रुपए भी ओएसडी के ही थे। यही है इनकी कट्टर ईमानदारी। (अनंत ज्ञान)

# पंचायत चुनाव में अतिक्रमणकारियों को राहत पर बवाल

## एफआरए के लंबित मामलों वाले उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने की अनुमति पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान**





**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों की प्रक्रिया शुरू होते ही सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को चुनाव लड़ने की अनुमति देने का मुद्दा विवादों में आ गया है। पंचायतीराज विभाग के हालिया स्पष्टीकरण के बाद राजनीतिक और कानूनी बहस तेज हो गई है। राज्य पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा 122(1)(ई) के अनुसार सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाला व्यक्ति पंचायत चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य माना जाता है। वहीं, मई 2025 में हाईकोर्ट ने भी स्पष्ट किया था कि ऐसे व्यक्तियों के परिवार के सदस्य भी चुनाव नहीं लड़ सकते।

इसके बावजूद पंचायतीराज विभाग ने 20 अप्रैल 2026 को जारी स्पष्टीकरण में कहा कि जिन लोगों ने वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) 2006 के तहत भूमि नियमितीकरण के लिए आवेदन किया है और जिनके मामले लंबित हैं, उन्हें चुनाव लड़ने से नहीं रोका जाएगा।

पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दीपक सानन ने इस फैसले पर कहा कि यह पंचायतीराज अधिनियम की भावना के खिलाफ है। वहीं, सामाजिक संगठनों और कानूनी विशेषज्ञों ने भी इस निर्णय पर सवाल उठाए हैं। आलोचकों का आरोप है कि प्रभावशाली लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए नियमों की अलग व्याख्या की जा रही है, जिससे पंचायत व्यवस्था की पारदर्शिता प्रभावित हो सकती है।

### अतिक्रमणकारी अब भी रहेंगे अयोग्य

**उधर,** पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त निदेशक केवल शर्मा ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय विधि विभाग की राय और मंजूरी के बाद लिया गया है। उन्होंने कहा कि केवल वही लोग चुनाव लड़ सकेंगे जिन्होंने एफआरए के तहत आवेदन कर रखा है, जबकि अन्य अतिक्रमणकारी अब भी अयोग्य रहेंगे। इसी बीच प्रदेश की 3758 पंचायतों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और आने वाले दिनों में यह मुद्दा चुनावी मैदान से लेकर अदालतों और राजनीतिक गलियारों तक और अधिक गर्माने के संकेत दे रहा है।

# सुवेंदु बोले–मैंने ममता को हराया, इसीलिए पीए की हत्या

## चंद्रनाथ की मां बोलीं– बेटे से लिया हार का बदला

**एजेंसी, कोलकाता**

भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि उनके पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की हत्या इसलिए हुई क्योंकि उन्होंने ममता को हराया है। सुवेंदु ने कहा कि इस हत्या को जिस तरह से अंजाम दिया गया, उसकी जितनी भी निंदा करें वह कम है। हत्या की वजह भवानीपुर से ममता की हार हो सकती है।



उधर, चंद्रनाथ की मां ने कहा कि इस हार का बदला मेरे बेटे की हत्या कर लिया गया। कुछ नेताओं ने पहले धमकी दी थी कि 4 तारीख के बाद कोई बचा नहीं पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि रथ को चार गोलियां लगीं थीं। इस मामले में पुलिस ने 3 लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं, हत्या में इस्तेमाल की गई बाइक मिल गई है। चंद्रनाथ की हत्या बुधवार देर रात 10.30 बजे की गई थी। वे कोलकाता से मध्यमग्राम अपने घर लौट रहे थे। कोलकाता से करीब 20 किलोमीटर दूर डोलतला में एक कार रथ की स्कॉर्पियो के सामने खड़ी हो गई।

इसी बीच बाइक पर आए हमलावरों ने 6 से 10 राउंड फायरिंग की। दो गोलियां चंद्रनाथ के सीने से आर-पार हो गईं। एक गोली पेट में लगी। उनके ड्राइवर बुद्धदेब बेरा को भी गोली लगी। सुवेंदु अधिकारी ने पीए की हत्या को प्लांड मर्डर बताया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि भाजपा बंगाल में गुंडों की सफाई का काम शुरू करेगी। टीएमसी ने सुवेंदु के पीए की हत्या के पीछे अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के शामिल होने के आरोपों का खंडन करते हुए मामले की सीबीआई जांच की मांग की है।

वहीं, पीए चंद्रनाथ रथ की मां हासिरानी रथ ने कहा कि मैं चाहती हूं कि दोषियों को सजा मिले। मैं खुद एक मां हूं, इसलिए मैं नहीं चाहूंगी कि किसी दोषी को फांसी दी जाए, लेकिन उन्हें उम्रकैद जरूर होनी चाहिए। मैं नई सरकार से अपील करती हूं कि वह सुनिश्चित करे कि दोषियों को सजा मिले। (अनंत ज्ञान)

**रणनीति** आधुनिक युद्ध क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम, निगरानी और हमलों में मिलेगी बढ़त

# भारत में पहली बार बनेगी 50 हजार जवानों की ड्रोन फोर्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर, रूस-यूक्रेन और अमेरिका-इजराइल-ईरान जंग के बाद भारतीय रक्षा प्रतिष्ठान ने एक 'ड्रोन फोर्स' बनाने का फैसला किया है। यह फोर्स किसी भी सैन्य कार्रवाई में 'फर्स्ट रेस्पोंडर' (पहली जवाबी कार्रवाई) के तौर पर तैनात की जाएगी। इसे डेटा और कॉग्निटिव वारफेयर फोर्स का तकनीकी का सपोर्ट होगा।

इंटीग्रेटेड रक्षा मुख्यालय के अनुसार इस फोर्स के लिए अभी 50 हजार सैन्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अगले 3 साल में 15 नए 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' बनाए जाएंगे। यहां सिम्युलेटर और वर्चुअल रियलिटी के जरिए रीयल-टाइम बैटल ट्रेनिंग दी जाएगी।

भविष्य में बीएसएफ और आईटीबीपी जैसे सुरक्षा बलों को भी इस नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। यह फोर्स इंटेलिजेंस, सर्विलांस और सटीक प्रहार की दोहरी भूमिका निभाएगी। इस तंत्र को वायुसेना के इंटीग्रेटेड एयर कमांड और सेना के 'आकाशतीर' सिस्टम का कवच मिलेगा। (अनंत ज्ञान)



### हर फौजी के पास होगा अपना ड्रोन

**सेना** की योजना इस ड्रोन फोर्स के हर जवान को ड्रोन चलाने की बेसिक ट्रेनिंग देने की है। लक्ष्य यह है कि युद्ध के मैदान में हर फौजी के पास अपना ड्रोन हो। इसके अलावा, सेना की प्रत्येक कोर में 8,000 ड्रोंस शामिल करने की योजना है, जिससे एक लाख ड्रोंस की विशाल शक्ति तैयार होगी।

### डिफेंस ईकोसिस्टम भी नया, तीनों सेनाएं एक

**ऑपरेशन** सिंदूर के बाद से भारत ने खुद को रक्षा उत्पादन में काफी मजबूत किया है। यह 1.54 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। तीनों सेनाओं की थिएटर कमान बन रही है। दुश्मन के सस्ते ड्रोंस से निपटने के लिए अब किफायती 'सॉफ्ट किल' (जैमिंग/स्पूफिंग) और 'हार्ड किल' (लेजर-आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। ड्रोन फोर्स का विचार पिछले साल तब आया, जब पाकिस्तान ने 1,000 ड्रोंस से हमला किया। उसका मकसद हमारे एयर डिफेंस गैप्स को समझना और महंगे मिसाइल डिफेंस सिस्टम को सस्ते ड्रोन्स के जरिए आर्थिक नुकसान पहुंचाना था।

### हमारे हथियार

**इस** साल 120 डिफेंस स्टार्टअप खुले 20 नई कंपनियां सिर्फ ड्रोन, एआई, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर में एक्टिव हैं। इनकी मदद 16 हजार एमएसएमई कर रहे हैं। 7.85 लाख करोड़ के रक्षा बजट का 75 प्रतिशत हिस्सा भारत में ही खर्च हो रहा, जबकि इस एक साल में भारत का कुल रक्षा आयात 11 से 15 प्रतिशत घटा है।

### हमारा कौशल

**ड्रोन** के 'दिल-दिमाग' भी यहीं बन रहे, मिसाइल का दिल यानी सीकर्स (अहम सेंसर) और दिमाग यानी इंजन। इन्हें भारतीय कंपनियां पीटीसी इंडस्ट्रीज, डेटा पैटर्न्स और सोलर इंडस्ट्रीज बना रहे हैं। पहले ये हिस्से रूस से मिलते थे। 2015 में ब्रह्मोस मिसाइल के 15% पुर्जे स्वदेशी थे, आज 72% हैं।

# हिमाचल के लोक निर्माण विभाग ने पीएमजीएसवाई में किया कमाल

## प्रदेश की 429 नई बस्तियां सड़क सुविधा से जुड़ेंगी, उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय सम्मान के लिए हुआ चयन

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सड़क बुनियादी ढांचे ने एक बार फिर देशभर में अपनी मजबूत पहचान दर्ज करवाई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग को राष्ट्रीय सम्मान के लिए चयनित किया है। यह उपलब्धि ऐसे समय में सामने आई है जब प्रदेश का कुल सड़क नेटवर्क 42,779 किलोमीटर तक पहुंच चुका है।

पहाड़ों की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच प्रदेश ने ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को मजबूत बनाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, जिसकी सराहना अब राष्ट्रीय स्तर पर भी होने लगी है।



जानकारी के अनुसार राज्य में अब तक पीएमजीएसवाई के तहत 22 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया जा चुका है। इन सड़कों ने दूरदराज के गांवों की तस्वीर बदलने में बड़ी भूमिका निभाई है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह सम्मान उन इंजीनियरों, कर्मचारियों और श्रमिकों की अथक मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने दुर्गम क्षेत्रों में भी दिन-रात कार्य कर ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल की सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं बल्कि गांवों की अर्थव्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की नई जीवनरेखा बन चुकी हैं।

### गुणवत्ता व पारदर्शिता को दी जाएगी सर्वोच्च प्राथमिकता

**लोक** निर्माण विभाग का कहना है कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही विभाग आधुनिक तकनीक और बेहतर समन्वय के साथ ग्रामीण तथा शहरी हिमाचल के बीच दूरी कम करने की दिशा में कार्य करेगा।

### केंद्र से पीएमजीएसवाई-4 के तहत 2247 करोड़ स्वीकृत

**केंद्र** सरकार ने हिमाचल के लिए पीएमजीएसवाई-4 के तहत 2247 करोड़ रुपये की बड़ी स्वीकृति भी प्रदान की है। इस परियोजना के अंतर्गत प्रदेश में लगभग 2300 किलोमीटर नए सड़क नेटवर्क का निर्माण किया जाएगा, जिससे 429 नई बस्तियों को सड़क सुविधा से जोड़ा जाएगा। प्रारंभिक चरण में 1500 किलोमीटर सड़कों को उच्च प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जाएगा। सरकार का मानना है कि यह परियोजना पहाड़ी राज्यों के विकास मॉडल में नया अध्याय साबित होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

# लाल चेरी ने बदली कोटगढ़ के बागवानों की तकदीर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के प्रसिद्ध बागवानी क्षेत्र कोटगढ़ की चेरी ने एक बार फिर राष्ट्रीय बाजार में अपनी मिठास और गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। दिल्ली की

◆ **दिल्ली मंडी में 2300 रुपए प्रतिकिलो बिका यह फल**

आजादपुर सब्जी मंडी में कोटीधार क्षेत्र की चेरी का एक किलोग्राम डिब्बा 2300 रुपए में बिकने से बागवानों के चेहरे खिल उठे हैं। कम उत्पादन के बावजूद बेहतर गुणवत्ता और आकर्षक पैकिंग के कारण इस बार बागवानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं।

कोटीधार की बागवान निशा चौहान ने अपनी चेरी की फसल दिल्ली भेजी थी, जहां सरस्वती लक्ष्मी फ्रूट कंपनी ने एक किलो के डिब्बे को 2300 रुपए में खरीदा। निशा चौहान को छह डिब्बों के कुल 13,800 रुपए प्राप्त हुए। इससे पहले भी कोटगढ़ की चेरी 1800 से 2000 रुपए प्रति डिब्बा बिक चुकी है, लेकिन इस बार दामों में और उछाल देखने को मिला है। बागवानों का कहना है कि मौसम की मार से फसल कम हुई है, मगर अच्छी गुणवत्ता वाले फलों को बाजार में शानदार मूल्य मिल रहा है।

### बाजार में उच्च गुणवत्ता वाली चेरी की मांग



दिल्ली की आजादपुर मंडी में ऊंचे दाम पर बिकी कोटगढ़ की चेरी।

**दिल्ली** की सरस्वती लक्ष्मी फ्रूट कंपनी के समन्वयक दुर्गा चौहान ने बताया कि बाजार में उच्च गुणवत्ता वाली चेरी की मांग लगातार बनी हुई है। उन्होंने कहा कि फल की गुणवत्ता के साथ उसकी पैकिंग भी बेहद महत्वपूर्ण होती है। यदि बागवान सही समय पर तुड़ान करें और कच्चा फल बाजार में न भेजें तो उन्हें और बेहतर दाम मिल सकते हैं। बागवानों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में चेरी के दामों में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे क्षेत्र की आर्थिकी को भी मजबूती मिलेगी।

# राजधानी शिमला में 19 साल बाद मई महीने में सबसे कम तापमान रिकॉर्ड

## 18 से लेकर 21 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा अधिकतम पारा

अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल की राजधानी शिमला में 19 साल बाद मई में सबसे कम पारा रिकॉर्ड हुआ है। शिमला में इन दिनों अधिकतम तापमान 18 से 21 डिग्री के बीच चल रहा है। इससे पूर्व साल 2007 में मई के दौरान अधिकतम तापमान सबसे अधिक 26 डिग्री तक ही पहुंचा था।

अब 19 साल बाद पारे में बड़ी कमी दर्ज हुई है। मौसम के बदले मिजाज से हिमाचल में आजकल सामान्य से दस डिग्री कम अधिकतम तापमान चल रहा है। आमतौर पर मई के दौरान 40 डिग्री से अधिक पारे का सामना करने वाले ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा और हमीरपुर जिलों में इन दिनों तापमान 28 से 33 डिग्री के बीच ही चल रहा है।

प्रदेश में सुबह और शाम के समय मौसम में ठंडक अभी भी बरकरार है। बुधवार को रोहतांग दर्रा के साथ ऊंची पहाड़ियों में फिर बर्फबारी हुई। रामपुर, चंबा और कुल्लू में ओलावृष्टि हुई। राजधानी शिमला में भी बाद बरसे। प्रदेश के मध्य और उच्च पर्वतीय आठ जिलों किन्नौर, लाहौल-स्पीति, शिमला, सोलन, सिरमौर, मंडी, कुल्लू और चंबा के कुछ क्षेत्रों में वीरवार को बारिश और अंधड़ के आसार हैं। मैदानी जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा में मौसम साफ रहेगा। आठ से दस मई तक पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। इस दौरान धूप खिलने से तापमान में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। 11 और 12 मई को पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से दोबारा बारिश का पूर्वानुमान है।



फाइल फोटो

◆ **इससे पूर्व 2007 में 26 डिग्री तक लुढ़का था तापमान**

### प्रदेश में सामान्य से 28 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज

**हिमाचल** में मई के छह दिन प्रदेश में सामान्य से 28 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई। 1 से 6 मई की अवधि के लिए 13.9 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना गया, लेकिन वास्तव में 17.8 मिलीमीटर बारिश हुई। बिलासपुर में सामान्य से 367, हमीरपुर में 197, कांगड़ा में 168, मंडी में 160, शिमला में 284, सिरमौर में 336, सोलन में 304 व ऊना जिले में 317 फीसदी अधिक बारिश हुई। हालांकि, चंबा में सामान्य से 49, किन्नौर में 51, कुल्लू में 6 व लाहौल-स्पीति में 89 फीसदी कम बारिश हुई।

# रेडक्रॉस दिवस पर आज सुन्नी में लगेगा हेल्थ कैंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर 8 मई को सिविल अस्पताल सुन्नी में उपमण्डल स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। उपमंडल दण्डाधिकारी सुन्नी राजेश वर्मा ने बताया कि यह शिविर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी शिमला के सहयोग से लगाया जा रहा है। इस वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस की थीम 'मानवता में एकता' रखी गई है, जिसके माध्यम से समाज में सेवा, सहयोग और मानव कल्याण का संदेश दिया जाएगा। यह दिवस रेडक्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनैंट की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि शिविर में लोगों के लिए ब्लड, शुगर, एचआईवी, एचबी सहित विभिन्न प्रकार की चिकित्सीय जांच निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की जाएंगी।

# मौसम की मार से बागवान बेहाल: जगत नेगी

## केंद्र से वेदर बेस्ड फसल बीमा योजना को अधिक प्रभावी बनाने का किया आग्रह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लगातार बिगड़ते मौसम, ओलावृष्टि और मई महीने में भी बनी ठंड ने बागवानी और कृषि क्षेत्र की चिंता बढ़ा दी है। राजधानी शिमला सहित ऊपरी क्षेत्रों में मौसम की बेरुखी ने सेब, चेरी और अन्य फलदार फसलों की फ्लावरिंग पर गहरा असर डाला है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रभावित क्षेत्रों से नुकसान का विस्तृत आकलन करवा रही है और रिपोर्ट आने के बाद राहत को लेकर उचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने माना कि इस बार खराब मौसम ने बागवानों की उम्मीदों पर बड़ा आघात पहुंचाया है। जगत नेगी ने कहा कि प्रदेश में बार-बार हो रही ओलावृष्टि और तापमान में गिरावट के कारण कई क्षेत्रों में फलों की गुणवत्ता और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि सरकार राहत राशि की व्यवस्था तो करती है, लेकिन प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले बड़े नुकसान की तुलना में यह सहायता सीमित होती है। ऐसे में केंद्र सरकार से लगातार आग्रह किया जा रहा है कि वेदर बेस्ड फसल बीमा योजना को अधिक प्रभावी बनाया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों और बागवानों को सुरक्षा मिल सके।



मंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के करीब साढ़े तीन लाख बागवानों में से 75 हजार से भी कम लोग बीमा योजना से जुड़े हैं, जबकि बीमा करवाने वाले किसानों को नुकसान की स्थिति में बेहतर मुआवजा मिला है। राजस्व मंत्री ने वर्ष 2023 और 2025 की प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आर्थिक चुनौतियों के बावजूद हिमाचल सरकार ने प्रभावित परिवारों को केंद्र से मिलने वाली राहत से कई गुना अधिक सहायता प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रभावित किसानों और बागवानों को हरसंभव सहयोग देना है, ताकि प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले बागवानी क्षेत्र को संभाला जा सके।

### जनता विकास कार्यों को देखकर ही देगी फैसला

**पंचायत** और निकाय चुनावों को लेकर भी जगत नेगी ने कांग्रेस की स्थिति मजबूत बताते हुए कहा कि अभी चुनाव प्रचार पूरी तरह गति नहीं पकड़ पाया है। उन्होंने कहा कि पंचायत, समिति और जिला परिषदों के अधिकार क्षेत्र अलग-अलग होते हैं और सभी संस्थाओं को अपने अधिकारों और बजट के अनुसार ही विकास कार्य करने चाहिए। मंत्री ने दावा किया कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास, सड़क, पेयजल और बागवानी क्षेत्र में लगातार काम कर रही है, जिसका लाभ चुनावों में कांग्रेस को मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनता विकास और कार्यों के आधार पर ही अपना फैसला सुनाएगी।

# कांग्रेस के लिए शहरी निकाय-पंचायत चुनाव पहली बड़ी परीक्षा : प्रतिभा सिंह

अनंत ज्ञान

**शिमला।** पूर्व सांसद व पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि प्रदेश में होने वाले नगर निगम, नगर निकाय और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव कांग्रेस पार्टी के लिए बेहद अहम हैं। इन चुनावों के नतीजे प्रदेश में राजनीतिक दलों की दिशा और स्थिति तय करेंगे, इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और संगठन के पदाधिकारियों को पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ चुनाव मैदान में उतरना होगा।

शिमला में गुरुवार को जारी बयान में प्रतिभा सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और सरकार कठिन आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद बेहतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को सरकार को और मजबूत बनाने के लिए कांग्रेस का समर्थन करना चाहिए ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके।



उन्होंने पार्टी नेताओं, नवगठित संगठन के पदाधिकारियों, जिला और ब्लॉक अध्यक्षों से अपील की कि वे चुनावों में पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत से काम करें। प्रतिभा सिंह ने कहा कि संगठन के लिए यह पहली बड़ी परीक्षा है और इसमें सभी को सफल होकर दिखाना होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को याद करते हुए उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह कभी भी किसी चुनाव को हल्के में नहीं लेते थे। यही कारण रहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का जनाधार लगातार मजबूत होता गया। उन्होंने कहा कि भले ही वीरभद्र सिंह आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके आदर्श और आशीर्वाद हमेशा पार्टी और प्रदेश का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

प्रतिभा सिंह ने पार्टी संगठन के जल्द विस्तार की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के मेहनती और समर्पित कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जानी चाहिए, ताकि संगठन और मजबूत हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए कांग्रेस को अभी से तैयारी शुरू करनी होगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों को कांग्रेस से काफी उम्मीदें हैं और पार्टी को उन उम्मीदों पर समय रहते खरा उतरना होगा।

# जिले के सभी न्यायालयों में कल लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला द्वारा 9 मई को जिला के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी उमेश वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से लोगों को त्वरित, सरल और सस्ता न्याय उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि लंबे समय से लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित हो सके।




उन्होंने बताया कि लोक अदालत में विवाह एवं पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, पेंशन, कर्मचारी क्षतिपूर्ति, बैंक वसूली, विद्युत एवं दूरभाष बिल, आवास ऋण, उपभोक्ता शिकायतें, मोटर वाहन चालान तथा मकान कर संबंधी मामलों सहित अनेक प्रकार के प्रकरणों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें किसी भी पक्ष पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ता तथा मामलों का समाधान आपसी सहमति और संवाद के माध्यम से किया जाता है। उमेश वर्मा ने कहा कि लोक अदालत में न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि पुराने मामलों में जमा न्यायालय शुल्क भी वापस मिल जाता है। यहां मामलों का निपटारा सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया जाता है और मुआवजा अथवा हर्जाना भी शीघ्र प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का निर्णय अंतिम होता है तथा इसके विरुद्ध किसी प्रकार की अपील का प्रावधान नहीं है।

# ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को दी नई दिशा: राज्यपाल

## कविंद्र गुप्ता ने भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को किया नमन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य, साहस और अदम्य पराक्रम को नमन करते हुए कहा कि इस अभियान ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि 7-8 मई 2025 की रात भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों पर सटीक और सुनियोजित कार्रवाई कर यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत आतंकवाद के सामने कभी झुकने वाला नहीं है। यह कार्रवाई 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी।



◆ **ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर देशभक्ति-राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश**

राज्यपाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की अटल राष्ट्रीय इच्छाशक्ति और आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का प्रतीक बनकर उभरा। उन्होंने भारतीय सेना की पेशेवर क्षमता, सटीक रणनीति और आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्मोस और आकाश जैसी स्वदेशी प्रणालियों ने इस अभियान में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने दुनिया को भारत की गहरी मारक क्षमता और मजबूत रक्षा तैयारी का परिचय कराया है। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सदैव वीर सैनिकों की भूमि रहा है और यहां के जवानों ने हर दौर में देश की सुरक्षा में अग्रिम पंक्ति में रहकर योगदान दिया है।

उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ को गर्व, कृतज्ञता और राष्ट्रीय संकल्प के रूप में मनाएं। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल की वादियां आज भी शहीदों और वीर सैनिकों की गाथाओं से गूंजती हैं और देश की रक्षा में समर्पित प्रत्येक सैनिक तथा उनके परिवार के प्रति पूरा राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा के लिए हर चुनौती का दृढ़ता और जिम्मेदारी के साथ सामना करता रहेगा।

# सड़क हादसे में पालतू कुत्ते की मौत पर एफआईआर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** रामपुर में सड़क हादसे में एक पालतू कुत्ते की सड़क हादसे में मौत पर मालिक की शिकायत पर पुलिस थाना रामपुर में एफआईआर दर्ज की गई है और पुलिस अब आरोपी ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है। मामले में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 325 के तहत दर्ज किया गया।

शिकायत कंचन गुप्ता पत्नी रमाकांत गुप्ता निवासी शीश महल रामपुर ने दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता के अनुसार 5 मई की देर शाम करीब 8:15 बजे वह अपने पालतू कुत्ते को शौच के लिए दुकान के बाहर लेकर गई थीं। इसी दौरान कुत्ता अचानक भागकर नव नभ होटल की ओर चला गया। जब वह उसके पीछे वहां पहुंचीं तो देखा कि एक ट्रक कुत्ते को कुचलकर निकल चुका था। हादसे में कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई थी।

# स्टेनोग्राफरों ने देखा कृषि अनुसंधान का मॉडल

## केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला से ली अहम जानकारियां

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नई दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ सेक्रेटेरिएट ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट (आईएसटीएम) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 34 नव नियुक्त स्टेनोग्राफरों के दल ने केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला का शैक्षणिक भ्रमण किया। हिमालय की शांत वादियों में स्थित देश के इस प्रतिष्ठित कृषि अनुसंधान संस्थान में पहुंचे प्रतिभागियों ने आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा कृषि नवाचारों को करीब से समझा। अध्ययन भ्रमण का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को देश के प्रमुख राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों की कार्यशैली, उपलब्धियों और वैज्ञानिक योगदान से परिचित कराना रहा।



कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों ने बताया कि संस्थान देश में आलू उत्पादन बढ़ाने, किसानों की आय मजबूत करने और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण अनुसंधान कर रहा है। प्रतिभागियों को उच्च उत्पादकता देने वाली तथा रोगरोधी आलू किस्मों के विकास, गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन तकनीकों और बदलती जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप टिकाऊ खेती के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी गई।

संस्थान के निदेशक डॉ. ब्रजेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आलू केवल एक खाद्य फसल नहीं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसी उन्नत प्रजातियों और तकनीकों के विकास पर कार्य कर रहा है, जो कम लागत में अधिक उत्पादन देने में सक्षम हों। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान का वास्तविक उद्देश्य प्रयोगशालाओं से निकलकर किसानों के खेतों तक पहुंचना है।

**साइबर अपराध** | शिमला के एसएसबी कुसुम्पटी में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

# साइबर फ्रॉड के नए तरीकों से बचने का दिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के कुसुम्पटी स्थित एसएसबी दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र में साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी से बचाव को लेकर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता कार्यवाहक कमान अधिकारी एवं सहायक कमांडेंट संचार रविंद्र कुमार ने की।

इस दौरान प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षुओं और जवानों को साइबर अपराधों के बदलते स्वरूप, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी तथा साइबर ठगों द्वारा अपनाई जा रही नई तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने जवानों को डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सहायक कमांडेंट संचार प्रमोद कुमार ने जवानों को वित्तीय लालच, अनचाहे ई-मेल, फर्जी लिंक और व्हाट्सऐप एक्सेस जैसे साइबर जाल से बचने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी बड़े आर्थिक नुकसान और डाटा चोरी जैसी घटनाओं से बचा सकती है। कार्यशाला में निरीक्षक सामान्य राजेश कुशवाहा, निरीक्षक संचार जसवीर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक संचार धर्मराज गौतम, सहायक उपनिरीक्षक संचार प्रभात कुमार साहू तथा मुख्य आरक्षी संचार विकास कुमार सहित अन्य अधिकारी और जवान मौजूद रहे।



साइबर अपराधों पर आयोजित जागरूकता कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी। अनंत ज्ञान

# 'खोखला' हो रहा भाजपा का भीतरी ढांचा, नेताओं की गुटबाजी कार्यकर्ताओं पर भारी

## 'अपनी डफली अपना राग' अलाप रहे नेता, जिप प्रत्याशियों को लेकर एक-दूसरे से 'भिड़' रहे दोनों खेमे

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** पंचायतीराज व्यवस्था में उम्मीदवारों के चयन को लेकर भाजपाइयों की अंदरूनी कलह अब खुलकर सामने आ गई है। पार्टी का भीतरी ढांचा इसी वजह से अब कहीं खोखला तो नहीं हो रहा? कारण यह है कि नेता मनमर्जी पर सवार हैं प्रत्याशियों की सूची तैयार करने और उसमें फेरबदल को लेकर जो 'तमाशा' जिला भाजपा में इन दिनों जारी है, वह नेताओं की गुटबाजी की भीतरी 'कलई' को भी खोल रहा है।

सोशल मीडिया पर नेता इस अच्छा बाजी को अब खूब हवा दे रहे हैं अपनी अपनी तरह से वे भड़ास भी निकल रहे हैं आने वाले समय के लिए संकेत भी दे रहे हैं। लेकिन हालात यह हैं कि इस समय पंचायती राज व्यवस्था के चुनावों के बहाने नेता कहीं आर-पार की लड़ाई पर तो उतारू नहीं? दिख यही रहा है इसीलिए अब जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर भी अच्छे खासे खफा दिख रहे हैं उन्होंने सांसद अनुराग ठाकुर को भी पत्र लिखकर स्थिति बयां की है। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व को भी मौजूदा खलल को लेकर हालात पत्र लिखकर बयां किए हैं सूत्रों के मुताबिक अगले आने वाले दिनों में एक दूसरे को पटखनी देने का जो दौर चल रहा है, वह लगता है और भी ज्यादा खुलकर सामने आ सकता है।

दरअसल जिले में बड़सर, हमीरपुर और सुजानपुर विधानसभा क्षेत्रों में ही सबसे ज्यादा गुटबाजी का यह आलम फल फूल रहा है। इस जिले में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के समर्थकों का अच्छा खासा दवा है लेकिन बदली हुई



परिस्थितियों में इस तीनों विधानसभा क्षेत्र में हमीरपुर वर्सेस विजयपुर की जो धमाल देखी जा रही है वह थमने का नाम नहीं ले रही तभी तो कहा जा रहा है कि यहां अपनी

**◆ उम्मीदवारों के चयन को लेकर भाजपाइयों की अंदरूनी कलह अब खुलकर आई सामने**

डफली अपना राग अलापने का जो दौर जारी है, उसका अंजाम क्या होगा? लगता है ट्रेलर इन्हीं चुनावों में देखने को मिल जाएगा।

क्योंकि दोनों के समर्थक मुकम्मल तौर पर गुटों में बंट चुके हैं कोई भी हार मानने को तैयार नहीं है ऐसा दिखता है की सभी पर एक दूसरे पर हावी होने और हार ना मानने का भूत सवार है। लिहाजा अपने-अपने कार्यकर्ताओं के बचाव के लिए शायद उनका यह रवैया पार्टी के कुनबे को बचाए रखने के लिए फिसलन भरा हो रहा है।

### संगठन अपनी पहली सूची पर अडिग

**जिला** अध्यक्ष राकेश ठाकुर से इस मामले को लेकर बुधवार को विस्तार से चर्चा की गई उनका कहना था कि जिला परिषद के चुनाव के लिए जो पहली सूची प्रदेश नेतृत्व ने जारी की थी, इसका कारण यह था कि मिल बैठकर सभी की राय से उसे फाइनल किया गया था। अब दिन को 12:00 बजे के आसपास यह सूची जारी हुई थी और रात को 9:00, 10:00 बजे के आसपास 3 सदस्यों को बदलने के लिए अलग सूची जारी हो गई। यह स्थिति संगठन की समझ से परे है। उनका कहना था कि प्रदेश नेतृत्व को इस नई स्थिति से अवगत करवा दिया गया है। आने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पंचायती राज व्यवस्था के यह चुनाव निश्चित रूप में सत्ता का सेमीफाइनल माना जाता है। लेकिन इन चुनावों में यदि इस तरह कार्यकर्ताओं को लड़ाने का प्रयास होगा, तो यह स्थिति निश्चित रूप में पार्टी की मजबूती के लिए किसी भी तरफ से ठीक नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व को स्थिति से अवगत करवा दिया गया है स्थानीय नेताओं से भी बात हुई है। उनका कहना है की असली नाराजगी यह है कि या फिर बदल जिला संगठन को बगैर पूछे हुआ है ऐसा नहीं होना चाहिए इससे संगठनात्मक ढांचा कमजोर होगा, जिसकी भरपाई आसानी से नहीं होती।

# पंचायतीराज चुनाव के लिए नामांकन शुरू

## पहले ही दिन पंचायत कार्यालयों में उमड़ी भीड़, प्रत्याशियों में दिखा गजब का उत्साह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए वीरवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी हलचल तेज हो गई। राज्यभर के पंचायत कार्यालयों, तहसील परिसरों और एसडीएम कार्यालयों में सुबह से ही प्रत्याशियों और समर्थकों की आवाजाही बनी रही। कई स्थानों पर प्रधान, पंचायत सदस्य, पंचायत समिति और जिला परिषद सीटों के लिए उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। पहले ही दिन ग्रामीण राजनीति का माहौल पूरी तरह गर्माता नजर आया और गांवों में चुनावी समीकरणों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार उम्मीदवार 7, 8 और 11 मई को नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। पंचायत प्रधान और सदस्य पंचायत कार्यालयों में सहायक निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष, पंचायत समिति सदस्य तहसीलदार कार्यालयों में तथा जिला परिषद सदस्य एसडीएम कार्यालयों में नामांकन भर रहे हैं। प्रशासन की ओर से सभी निर्वाचन कार्यालयों में




आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। कई जिलों में अधिकारियों ने स्वयं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर प्रक्रिया को पारदर्शी और शांतिपूर्ण बनाए रखने के निर्देश दिए।

**◆ 12 मई को होगी स्क्रूटनी 15 मई तक नाम वापसी और चुनाव चिह्न आवंटन**

नामांकन प्रक्रिया के दौरान दस्तावेजों की जांच को लेकर प्रशासन इस बार विशेष सतर्कता बरत रहा है। प्रत्याशियों के लिए मतदाता सूची में नाम होना अनिवार्य रखा गया है। इसके साथ पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र और निर्वाचन आयोग की ओर से जारी स्वयं सत्यापित घोषणा पत्र जमा करना भी जरूरी होगा। उम्मीदवारों को यह भी प्रमाणित करना होगा कि वह किसी आपराधिक मामले, चिट्टा तस्करी, बैंक डिफाल्ट, अतिक्रमण या अन्य गंभीर अनियमितताओं में संलिप्त नहीं हैं।

पंचायत समिति और जिला परिषद उम्मीदवारों को बीडीओ कार्यालय से काउंटर साइन करवाना भी अनिवार्य किया गया है। निर्वाचन आयोग ने पात्र और अपात्र श्रेणियों को लेकर भी स्थिति स्पष्ट कर दी है। आशा वर्कर, आउटसोर्स कर्मी, होमगार्ड, कृषि मित्र, निजी डिपो होल्डर, मनरेगा सोशल ऑडिट कर्मी और लंबरदार चुनाव लड़ सकेंगे। वहीं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, मिड-डे मील वर्कर, जलरक्षक, सहकारी समितियों के सेल्समैन और सचिव चुनावी मैदान में नहीं उतर सकेंगे। आयोग ने साफ किया है कि जिन मामलों में अपील या पुनरीक्षण अदालत में लंबित है, वहां संबंधित व्यक्ति चुनाव लड़ने के लिए पात्र नहीं माना जाएगा।

12 मई को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी, जबकि 14 और 15 मई को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। 15 मई को ही शेष उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके बाद पंचायत चुनाव का मुकाबला पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगा। प्रदेश में मतदान 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में होगा। ऐसे में गांवों में अब चुनावी सरगर्मियां चरम पर पहुंचने लगी हैं और पंचायतों में राजनीतिक रणनीतियों का दौर भी तेज हो गया है।

### ये दस्तावेज हैं जरूरी

**मतदाता** सूची में उम्मीदवार का नाम होना आवश्यक है। इसके साथ ही पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र, निर्वाचन आयोग की तरफ से मिलने वाला स्वयं सत्यापित पत्र जरूरी है। पत्र में पांच नियमों का जिक्र होगा जैसे-कोई मुकदमा नहीं, चिट्टे में संलिप्त नहीं, अतिक्रमण नहीं, बैंक का डिफाल्टर नहीं, अपराध में संलिप्त नहीं। पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्यों के उम्मीदवारों को को बीडीओ कार्यालय से काउंटर साइन कराना अनिवार्य है।

### ये नहीं लड़ सकेंगे

सरकारी जमीन पर आतिक्रमण करने वाला व्यक्ति (ससुर) और उसकी बहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, मिड-डे मील वर्कर और जलरक्षक, सहकारी समितियों के सेल्समैन, सेक्रेटरी भी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। यदि किसी मामले में अपील व पुनरीक्षण अदालत में लंबित है, तो संबंधित व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ पाएगा। अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति को बेदखली व कब्जा छोड़ने के बाद भी छह वर्षों तक अयोग्य माना जाएगा।

# डैहर में भाजपा की जीत तय, कांग्रेस पार्टी से जनता निराश: राकेश जम्वाल

## जिला परिषद के लिए पार्टी प्रत्याशी रोशन लाल ने भरा नामांकन

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा है कि डैहर जिला परिषद वार्ड में भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल के नामांकन के दौरान जनता और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला, जिससे भाजपा की बड़ी जीत के संकेत मिल रहे हैं।



जिला परिषद के लिए नामांकन दाखिल करते रोशन लाल।

उन्होंने कहा कि रोशन लाल ने एसडीएम कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया, जहां बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक मौजूद रहे। जमवाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने पिछले तीन वर्षों में केवल झूठे वादों से जनता को गुमराह किया है और हर वर्ग सरकार से निराश है। उन्होंने कहा कि महिलाएं, युवा, किसान, कर्मचारी और पेंशनर खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। राकेश जम्वाल ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं और सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पंचायत एवं स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि डैहर जिला परिषद वार्ड की जनता विकास और ईमानदार नेतृत्व के पक्ष में मतदान कर भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल को भारी मतों से विजयी बनाएगी।

## नबाही और कोट से श्यामलाल-सुष्मिता ने किया नामांकन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में जिला परिषद चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नबाही वार्ड से भाजपा उम्मीदवार श्यामलाल तथा कोट वार्ड से भाजपा प्रत्याशी सुष्मिता शर्मा ने आज जिला परिषद चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान स्थानीय विधायक दलीप ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। नामांकन के अवसर पर समर्थकों के साथ जोरदार शक्ति प्रदर्शन देखने को मिला, जिससे क्षेत्र का चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म हो गया है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी बलद्वाड़ा मंडल अध्यक्ष वाशु देव शर्मा, सरकाघाट मंडल अध्यक्ष पवन ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष एवं चुनाव प्रभारी सुदेश चंदेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष कल्पना, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील कुमार, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष ख्याली राम शास्त्री, के.एल. राणा, पूर्व प्रधान कमलेश नेगी, पूर्व प्रधान विजय लक्ष्मी, हंशा देवी, मीरा सहित अनेक कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं में नामांकन को लेकर भारी उत्साह देखा गया और समर्थकों ने जीत का भरोसा जताते हुए दोनों प्रत्याशियों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की।

## युवाओं की भागीदारी से मजबूत होगा पंचायत लोकतंत्र: सिंटू राणा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतीन्द्र पाल सिंह उर्फ़ सिंटू राणा ने पंचायती राज चुनावों को लेकर युवाओं से जागरूक, निर्भय और निष्पक्ष भूमिका निभाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव केवल प्रतिनिधियों के चयन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह गांवों के भविष्य और विकास की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण अवसर है। सिंटू राणा ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे चुनाव प्रक्रिया में सकारात्मक भागीदारी निभाएं और नशाखोरी, धनबल व किसी भी प्रकार के प्रलोभनों से दूर रहें, क्योंकि ऐसे तत्व लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करते हैं और विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतों में ईमानदार, जुझारू और जनहित के प्रति समर्पित प्रतिनिधियों का चयन ही गांवों के समग्र विकास की मजबूत नींव रख सकता है। राणा ने जोर देकर कहा कि पंचायत स्तर पर युवाओं के लिए रोजगार, स्वरोजगार और कौशल विकास के अवसर बढ़ाना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और पारदर्शी नेतृत्व के माध्यम से गांवों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि युवा वर्ग निष्पक्ष मतदान और जागरूक भागीदारी सुनिश्चित करेगा तो पंचायतों में सकारात्मक परिवर्तन की नई शुरुआत होगी और लोकतंत्र और अधिक सशक्त बनेगा।



**◆ पंचायत चुनावों में नशा धनबल और प्रलोभनों से दूर रहने की अपील**

# बढाल से रचना नेगी होंगी भाजपा समर्थित प्रत्याशी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पंचायतीराज संस्थाओं एवं स्थानीय शहरी निकाय चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने जिला महासू के जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के बढाल वार्ड में अपने समर्थित प्रत्याशी के नाम में संशोधन किया है। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक तथा पंचायतीराज एवं नगर निकाय चुनाव समिति के प्रदेश संयोजक विपिन सिंह परमार द्वारा जारी संशोधित सूची में रचना नेगी को भाजपा समर्थित प्रत्याशी घोषित किया गया है

पार्टी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बढाल वार्ड से पहले घोषित प्रत्याशी प्रज्वल बस्टा ने रचना नेगी के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया है। भाजपा संगठन ने इसे आपसी सहमति और संगठनात्मक एकजुटता का उदाहरण बताते हुए कहा कि पंचायत चुनावों में पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को मजबूत जनसमर्थन दिलाने के लिए कार्यकर्ता पूरी सक्रियता से मैदान में जुटेंगे। भाजपा की इस संशोधित सूची को चुनावी रणनीति और संगठनात्मक संतुलन के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पंचायत चुनावों में स्थानीय समीकरणों को साधने के लिए दल अब अंतिम समय तक प्रत्याशियों के चयन में बदलाव कर रहे हैं, ताकि चुनावी मुकाबले में पार्टी की स्थिति अधिक मजबूत बनाई जा सके।

**◆ प्रज्वल बस्टा ने नाम लिया वापस**

# जोगिंद्रनगर में जिला परिषद के लिए छह प्रत्याशियों ने भरे नामांकन पत्र

## 11 मई तक दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल होंगे नामांकन पत्र

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव प्रक्रिया के नामांकन के पहले दिन जोगिंद्रनगर में तीन जिला परिषद वार्ड सदस्यों के चुनाव के लिए कुल 6 लोगों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं जिनमें भड़याड़ा से एक नामांकन, नेरघरवासड़ा से तीन तथा लांगणा जिला परिषद वार्ड से दो लोगों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस बात की पुष्टि करते हुए रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि नामांकन के पहले दिन उनके कार्यालय में जिला परिषद के तीन वार्ड सदस्यों के लिए कुल 6 लोगों ने अपने - अपने नामांकन दाखिल किए हैं। जिनमें भड़याड़ा वार्ड से एक नामांकन, नेरघरवासड़ा वार्ड से तीन तथा लांगणा जिला परिषद वार्ड से दो लोगों ने अपना नामांकन दाखिल किया।

**◆ 12 को दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी**

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 8 व 11 मई को भी प्रात: 11 बजे से सायं 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। जबकि 12 मई को दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि 15 मई को सायं तीन बजे से पहले इच्छुक अभ्यर्थी अपना नाम वापिस लें सकेंगे तथा इसी दिन चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह का आबंटन कर दिया जाएगा। नेरघरवासड़ा, भड़याड़ा व लांगणा जिला परिषद वार्ड से इन्होने दाखिल किए नामांकन जोगिंद्रनगर में नेरघरवासड़ा जिला परिषद वार्ड से दक्षा देवी, बिन्दु बाला व अनीता जबकि भड़याड़ा वार्ड से अमर सिंह ने नामांकन दाखिल किया। इसी तरह लांगणा वार्ड से राखी देवी व रजनी देवी ने अपना - अपना नामांकन भरा है।

# रोहड़ू में जिला परिषद के लिए चार उम्मीदवारों ने जताई दावेदारी

अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिमला जिला के रोहड़ू उपमंडल में पंचायती राज संस्थाओं और के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान चुनावी हलचल तेज हो गई। पंचायत चुनाव में नामांकन का वीरवार को पहला दिन रहा, वहीं नगर परिषद रोहड़ू चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई। पूरे दिन विभिन्न वार्डों से 27 उम्मीदवार नामांकन दाखिल करने पहुंचे, जिससे चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म हो गया।

पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के तहत जिला परिषद वार्ड सदस्यों के लिए पहले दिन कुल चार उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रोहड़ू धर्मेश रामोत्रा के समक्ष जिला परिषद वार्ड नंबर 8 भलूण से शीला देवी और कल्पना देवी, वार्ड नंबर 9 टिक्कर से देवराज तथा वार्ड नंबर 7 खशधार से धर्मेंद्र सिंह ने नामांकन दाखिल किया। वहीं पंचायत समिति चुनाव के लिए पहले दिन कुल 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे। पंचायत समिति वार्ड नंबर 1 दलगांव से रेवती देवी और संतोष, वार्ड नंबर 4 शील से चिराग चौहान, वार्ड नंबर 5 कुई से कुशल कुमार और गगन रुक्टा, वार्ड नंबर 6 भलाडा से रामलाल झींगटा, वार्ड नंबर 9 करासा से मनोज कुमार झींगटा, वार्ड नंबर 10 अढाल से सुनीता रैटका, वार्ड नंबर 14 कटलाह से निर्मला झामटा और वार्ड नंबर 15 पुजारली नंबर-4 से ज्ञानपति ने अपने नामांकन पत्र जमा करवाए। प्रशासन के अनुसार जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के लिए 8 और 11 मई को भी नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 12 मई को होगी जबकि उम्मीदवार 14 और 15 मई को अपने नाम वापस ले सकेंगे।

### नगर परिषद के लिए नामांकन प्रक्रिया बंद

**नगर** परिषद रोहड़ू चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई है। अंतिम दिन 13 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। इसके साथ ही अब नगर परिषद चुनाव के लिए कुल 23 उम्मीदवार मैदान में उतर चुके हैं। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं नायब तहसीलदार रोहड़ू डीएन शर्मा ने बताया कि वार्ड नंबर 1 दशालनी से रमा देवी, वार्ड नंबर 2 अपर बाजार से पारुल और ऊषा शर्मा, वार्ड नंबर 3 मुख्य बाजार से सुजय अग्रवाल और रंजना रेटका, वार्ड नंबर 4 सेरी एवं समाला से रंजीता, वार्ड नंबर 5 बस स्टैंड क्षेत्र से राज वार्ड नंबर 6 ब्लॉक क्षेत्र से बीना देवी और प्रीति चौहान, वार्ड नंबर 7 कोर्ट रोड क्षेत्र से जितेंद्र चौहान, वार्ड नंबर 8 बावटीनाला से पन्ना लाल और सोहन लाल तथा वार्ड नंबर 9 शक्तिनगर से शालू दत्ता और सिमरन कौर ने अपने नामांकन दाखिल किए।

**नगर निकाय चुनाव** | मैदान में अब 1147 उम्मीदवार बचे, 10 पार्षद निर्विरोध चुने गए, 17 मई को वोटिंग

# हिमाचल के शहरी निकायों में कुल 237 नॉमिनेशन वापस

अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शहरी निकायों के लिए नॉमिनेशन भरने वाले 237 दावेदारों ने आज अपने नामांकन पत्र वापस लिए। इसके बाद अब 1147 दावेदार मैदान में बचे है। इन सभी को आज चुनाव चिन्ह दे दिए गए हैं। नामांकन वापसी के साथ ही 10 पार्षद निर्विरोध चुन लिए गए है। स्टेट इलेक्शन कमीशन के अनुसार- नगर पंचायत करसोग में वार्ड नंबर-3, नगर परिषद ज्वालामुखी में वार्ड नंबर-2, नगर पंचायत बंजार के वार्ड नंबर-6, नगर पंचायत करसोग के वार्ड नंबर 1, नगर पंचायत रिवाल्सर के वार्ड नंबर-1, नगर पंचायत नेरवा के वार्ड नंबर 2, 3 व 4 और नगर पंचायत चिढ़गांव के वार्ड नंबर 2 में पार्षद को निर्विरोध चुन लिया गया है।




### कांगड़ा जिले में सबसे ज्यादा 218 दावेदारे

10 पार्षदों के निर्विरोध चुनने के बाद अब 51 नगर निकायों में 439 पदों के लिए मैदान में 1147 दावेदार बचे है। कांगड़ा जिला में सबसे ज्यादा 218 दावेदार है, जबकि बिलासपुर 87, चंबा 72, हमीरपुर 44, कुल्लू 100, मंडी 180, शिमला 123, सिरमौर 84, सोलन 121 और ऊना में 118 उम्मीदवार मैदान में बचे है।

### 17 मई को 3.80 लाख मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का करेंगे फैसला

**इनके** भाग्य का फैसला 3 लाख 60 लाख मतदाता करेंगे। इनमें 1 लाख 80 हजार 963 पुरुष, 1 लाख 79 हजार 882 महिला और 14 अन्य मतदाता मतदान करेंगे। 17 मई को सुबह सात बजे वोटिंग शुरू होगी और दोपहर बाद तीन बजे तक चलेगी। नगर पंचायत और नगर परिषद के रिजल्ट उसी दिन घोषित होंगे, जबकि चार नगर निगम सोलन, मंडी, धर्मशाला और पालमपुर के रिजल्ट के लिए 31 मई को इंतजार करना होगा। नगर निगम चुनाव पार्टी चिन्ह पर हो रहे है, जबकि नगर पंचायत और नगर परिषद इलेक्शन बिना पार्टी चिन्ह के हो रहे हैं। रोहड़ू, नगर परिषद रोहड़ू के वार्ड सदस्यों के चुनाव हेतु नामांकन प्रक्रिया विधिवत रूप से संपन्न हो गई। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कुल 13 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसके साथ ही अब नगर परिषद रोहड़ू चुनाव के लिए कुल 23 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है।




# बडेड गांव को नपं से हटाने पर भड़कीं महिलाएं, चुनाव बहिष्कार का ऐलान

## 8 किलोमीटर दूर पंचायत में शामिल करने पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

अनंत ज्ञान

**कोटला।** बलाह कोटला पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा मिलने की खुशी उस वक्त विरोध में बदल गई, जब बडेड गांव को नगर पंचायत से बाहर कर करीब 8 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत सोहल्दा में शामिल कर दिया गया। सरकार के इस फैसले के खिलाफ बडेड गांव की महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है और आगामी पंचायत चुनावों के पूर्ण बहिष्कार की चेतावनी दी है।

वीरवार को महिला मंडल बडेड की लगभग 40 महिलाओं ने कोटला पहुंचकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। महिला मंडल प्रधान रमा देवी ने बताया कि बडेड गांव पहले बलाह कोटला पंचायत के वार्ड नंबर-1 का हिस्सा था, लेकिन अब इसे सोहल्दा पंचायत से जोड़ दिया गया है, जिसकी दूरी न केवल 8 किलोमीटर है बल्कि वहां जाने के लिए भी कोटला होकर ही गुजरना पड़ता है।


बडेड गांव को नपं से हटाने पर भड़कीं महिलाएं। अनंत ज्ञान

ग्रामीण महिलाओं ने रोष जताते हुए कहा कि इस भौगोलिक बदलाव से बुजुर्गों और महिलाओं को पंचायत संबंधी कार्यों के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय निवासी नर्मदा देवी और शकुंतला देवी ने आपत्ति जताई कि पहले इस वार्ड का नाम 'बडेड' था, जिसे बदलकर अब 'भल्लू' कर दिया गया है, जिससे गांव की पहचान पर भी संकट आ गया है। सुमन बाला सहित अन्य महिलाओं का कहना है कि उन्हें उम्मीद थी कि नगर पंचायत बनने से क्षेत्र का विकास होगा, लेकिन विकास के बजाय उन्हें मुख्य केंद्र से ही बेदखल कर दिया गया।

महिलाओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि उन्हें कोटला नगर पंचायत में वापस शामिल नहीं किया गया, तो गांव के सभी मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग नहीं करेंगे।

बडेड गांव के कुल 340 मतदाताओं ने एकजुट होकर इस बार होने वाले चुनावों के विरोध का ऐलान किया है। प्रदर्शन के दौरान बीना देवी, शारदा देवी, मंजू बाला, रीता देवी और अनिता सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रहीं। ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। उनका कहना है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए बडेड गांव को कोटला नगर पंचायत में ही यथावत रखा जाए, ताकि स्थानीय लोगों को प्रशासनिक जटिलताओं और लंबी दूरी की मार न झेलनी पड़े।

# पिछले चुनावों का आकलन करके भाजपा ने उतारे चेहरे : सुधीर शर्मा

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि भाजपा ने पिछले चुनावों का आकलन करते हुए टिकटों का आवंटन किया है, जिसके चलते नए चेहरों को नगर निगम में उतारा गया है। पहले जो रिवाज चल रहा था, वो अब बंद हो गया है, जो खुद को मक्खी कह रहे हैं तो उसमें मैं क्या कह सकता हूं। चुनावों में जातिय व क्षेत्र के आधार पर बंटवारा नहीं होगा, जनता के विश्वास पर भाजपा चुनाव लड़ रही है। वीरवार को धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के दो जिला परिषद वार्डों झिकली इच्छी और सौकणी दा कोट के भाजपा प्रत्याशियों का नामांकन भरवाने पहुंचे थे। विधायक ने प्रत्याशियों के साथ पहले कचेहरी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में शीश नवाया।

पत्रकारों से बातचीत में सुधीर शर्मा ने कहा कि झिकली इच्छी से भाजपा ने सतीश चौधरी, सौकणी दा कोट से सीमा को प्रत्याशी बनाया है।

◆ **झिकली इच्छी वार्ड से सतीश, सौकणी दा कोट से सीमा ने भरा नामांकन**

दोनों प्रत्याशी वीरवार को विधायक सुधीर शर्मा के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे थे। सुधीर ने कहा कि भाजपा की नगर निगम को लेकर पिछले कल बैठक आयोजित की गई है। पदाधिकारियों को विभिन्न वार्डों की जिम्मेवारी सौंपी गई है। दोनों प्रत्याशियों ने कहा कि बड़े भाई सुधीर शर्मा और भाजपा ने उनपर भरोसा जताया है, जिसपर वह खरा उतरेंगे। इस अवसर पर सुधीर शर्मा के साथ विश्व चक्षु, सचिन शर्मा, सुरजीत आदि कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों को स्वच्छता अपनाने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** स्प्रिंग डेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल भेडूमहादेव में वीरवार को व्यक्तिगत स्वच्छता विषय पर जागरूकता एवं काउंसलिंग शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान डॉ. अंकुश परशोग, डॉ. रविश वर्मा तथा आशीष मिश्रा (एपीओ) ने लगभग 90 बच्चों को चलचित्र और आईईसी सामग्री के माध्यम से स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में बच्चों को हाथ धोने, साफ-सफाई रखने तथा बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। स्कूल की चेयरपर्सन राज राणा और स्टाफ सदस्यों को भी बच्चों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने का संदेश दिया गया। आयुष विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा यह कार्यक्रम स्कूल अडॉप्शन प्रोग्राम के अंतर्गत नियमित रूप से आयोजित किया जाता है।

### कांगड़ा की वर्षा मनकोटिया बनी गोल्ड मेडलिस्ट



**अनंत ज्ञान कोटला।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में आयोजित दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और डिग्रियां प्रदान की गईं। समारोह में हिमाचल के राज्यपाल राजपाल कोविंद्र गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। द्रोणाचार्य शिक्षण महाविद्यालय रैत के बीबीए सत्र 2022-25 की छात्रा वर्षा मनकोटिया ने भी गोल्ड मेडल हासिल कर कांगड़ा जिले का नाम रोशन किया। वर्षा मनकोटिया नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव परगना की निवासी हैं। उनके पिता सुरजीत सिंह भारतीय सेना में कार्यरत हैं, जबकि माता सीमा देवी गृहिणी हैं। वर्षा की इस उपलब्धि से परिवार और पूरे गांव में खुशी का माहौल है। महाविद्यालय प्रबंधन निदेशक जी.एस. पठानिया, कार्यकारी निदेशक बी.एस. पठानिया और प्राचार्य डॉ. प्रवीण शर्मा ने छात्रा को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# विद्यार्थियों ने उत्साह से खरीदीं ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायक पुस्तकें


नलेटी में दो दिवसीय पुस्तक मेला लगाया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**डाडासीबा।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नलेटी में दो दिवसीय भव्य पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन की रुचि बढ़ाना और उन्हें साहित्य एवं ज्ञान की दुनिया से जोड़ना रहा।

ज्ञानदीप पब्लिकेशन द्वारा आयोजित इस मेले में विद्यार्थियों को कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें उपलब्ध करवाई गईं। मेले में विज्ञान, सामान्य ज्ञान, कहानियां, जीवनियां, कॉमिक्स, उपन्यास तथा कला एवं शिल्प से जुड़ी पुस्तकों का विशाल संग्रह आकर्षण का केंद्र बना रहा। विशेष छूट मिलने से विद्यार्थियों ने अपनी पसंद की पुस्तकें उत्साहपूर्वक खरीदीं। विद्यालय की लाइब्रेरी कमेटी और शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने रुचि अनुसार पुस्तकों का चयन किया।

विद्यालय के प्राचार्य सतनाम सिंह ने कहा कि पुस्तकें बच्चों की सबसे अच्छी मित्र होती हैं और ऐसे आयोजन उनके बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की।

# स्कूटी न देने पर पूरी राशि ब्याज सहित लौटाने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग ने एक महत्वपूर्ण फैसले में ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रा. लि. को सेवा में कमी का दोषी ठहराया है। आयोग ने आदेश दिया है कि उपभोक्ता को स्कूटी न देने के मामले में कंपनी पूरी राशि ब्याज सहित लौटाए और हर्जाना भी अदा करे। यह फैसला आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा तथा सदस्य आरती सूद और नारायण ठाकुर की पीठ ने सुनाया। मंगडियाल निवासी शिकायतकर्ता महिला ने आयोग को बताया कि उन्होंने 23 मई 2025 को स्कूटी खरीदने के लिए 17,831 रुपये एडवांस और बाद में 1,22,400 रुपये की शेष राशि जमा की थी। इस तरह कुल 1,40,231 रुपये का भुगतान करने के बावजूद कंपनी ने तय 20 दिनों के भीतर वाहन की डिलीवरी नहीं की। शिकायत में यह भी सामने आया कि 27 जून 2025 को स्कूटी के नाम पर बीमा पॉलिसी जारी कर दी गई, जबकि 30 जून 2025 को डिलीवरी का संदेश भेजा गया, लेकिन वास्तविक वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया। आयोग ने पाया कि यह मामला सेवा में गंभीर कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार का है। सुनवाई के दौरान विपक्षी कंपनी की ओर से कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके चलते मामला एकतरफा रूप से तय किया गया। आयोग ने आदेश दिया कि कंपनी शिकायतकर्ता को 1,47,016 रुपये की राशि 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटाए। इसके साथ ही 10,000 रुपये मुआवजा और 7,500 रुपये मुकदमा खर्च के रूप में देने के निर्देश भी दिए गए। आयोग के इस फैसले को उपभोक्ता अधिकारों की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिससे भविष्य में कंपनियों की जवाबदेही और अधिक सख्त होने की उम्मीद है।

# बैजनाथ में चोरी की वारदात से सनसनी शिव मंदिर के पास 4 दुकानों में लगाई सेंध


स्थानीय व्यापारियों और लोगों में भारी चिंता का माहौल है। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित शिव मंदिर के साथ लगती चार दुकानों में दीवारें तोड़कर चोरों ने अंदर सेंध लगाई है। चोरों ने मस्तराम पूर्व अध्यक्ष बीडीसी, विनोद कुमार, अजय कुमार, संजय मेहरा की दुकानों में पिछली तरफ से दीवारें तोड़कर सेंध लगाई है वहीं पर सरदार सतनाम सिंह की दुकान की दीवार तोड़ने में कामयाब नहीं हो सके हालांकि उनकी दुकान की भी पिछली दीवार की कुछ इंटे निकली गई है।

चोर दुकानों से लैपटॉप, गैस सिलेंडर तथा नगदी सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और लोगों में भारी चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि जब राष्ट्रीय उच्च मार्ग और मंदिर के समीप स्थित दुकानों की सुरक्षा नहीं है, तो गली-मोहल्लों में स्थित दुकानों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

वहीं, दुकानदारों ने बाजार क्षेत्र में रात्रि चौकीदार की व्यवस्था किए जाने की मांग उठाई है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# एनएचएआई से बिजली बोर्ड लेता है ढाई फीसदी डिपार्टमेंटल चार्जिज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** फोरलेन परियोजना के तहत सड़क के किनारे से गुजर रही विद्युत लाइनों की शिफ्टिंग का कार्य अब तेज गति से आगे बढ़ रहा है। यह कार्य नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा करवाया जा रहा है, जिसमें विद्युत बोर्ड की महत्वपूर्ण भूमिका निगरानी और तकनीकी मानकों के अनुपालन तक सीमित रखी गई है।

विभागीय समन्वय के चलते यह प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से पूरी की जा रही है। मुख्य अभियंता विद्युत बोर्ड कांगड़ा-चंबा अजय गौतम ने बताया कि विद्युत लाइनों की शिफ्टिंग के कार्य में सामान्य तौर पर विद्युत बोर्ड द्वारा 11 प्रतिशत डिपार्टमेंटल चार्जिस लिए जाते हैं। हालांकि, एनएचएआई से जुड़े कार्यों में यह शुल्क केवल ढाई प्रतिशत निर्धारित किया गया है, जिसे सरकार की स्वीकृति प्राप्त है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था का उद्देश्य परियोजना की

◆ **फोरलेन किनारे बिजली लाइन शिफ्टिंग का काम चरणबद्ध तरीके से जारी**

लागत को संतुलित रखते हुए कार्य में तेजी लाना है। ऐसे मामलों में विद्युत बोर्ड का मुख्य दायित्व यह सुनिश्चित करना होता है कि शिफ्टिंग का कार्य निर्धारित मानकों और नियमों के अनुसार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि फोरलेन निर्माण कार्य नूरपुर से लेकर नगरोटा बगवां से आगे तक जिस-जिस क्षेत्र में पहुंच चुका है, वहां संबंधित विद्युत बोर्ड डिवीजनों ने अपनी-अपनी सीमा में आने वाली लाइनों की शिफ्टिंग के लिए विस्तृत एस्टीमेट तैयार किए थे। इन एस्टीमेट्स के आधार पर बनने वाली राशि एनएचएआई द्वारा संबंधित विभागों में जमा करवाई जा चुकी है, जिससे कार्य में किसी प्रकार की वित्तीय बाधा न आए। अजय गौतम ने कहा कि इसके बाद एनएचएआई के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरों द्वारा मौके पर शिफ्टिंग का कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरा किया गया।

इस दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि कार्य में इस्तेमाल होने वाला सभी मैटीरियल विद्युत बोर्ड के निर्धारित स्टैंडर्ड वेंडर्स से ही उपलब्ध करवाया जाए, ताकि गुणवत्ता और सुरक्षा के मानकों में कोई समझौता न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के साथ-साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। फोरलेन निर्माण के साथ-साथ विद्युत लाइनों की शिफ्टिंग का कार्य भी समानांतर रूप से पूरा होने से परियोजना में देरी की संभावना काफी हद तक कम हो गई है। स्थानीय स्तर पर भी इस कार्य को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है, क्योंकि इससे भविष्य में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी।

# अथर्व हेड ब्वॉय और रिद्धिमा बनी हेड गर्ल

## एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में हाउस इंवेस्टिचर सेरेमनी संपन्न

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** एंजल पब्लिक स्कूल में हाउस इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन विद्यालय की शिक्षिका सपना और इंदु कटोच की देखरेख में संपन्न हुआ। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बैज और सेश पहनाए गए। इस अवसर पर हेड ब्वॉय अथर्व तथा हेड गर्ल रिद्धिमा को प्रधानाचार्य समीर अमिताभ सूद और उप प्रधानाचार्य सोनिया सूद द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इसके साथ अग्नि सदन से वंश एवं अलीशा को हाउस कैप्टन तथा ईशान और तनिषा को वाइस कैप्टन, वायु हाउस से आरुषि एवं प्रियंका को हाउस कैप्टन तथा अंश ठाकुर और मुस्कान को वाइस कैप्टन, पृथ्वी सदन से अक्षित नौटियाल एवं



एंजल स्कूल में छात्र परिषद का गठन किया गया। अनंत ज्ञान

गरिमा को हाउस कैप्टन तथा आदित्य चौहान और नवधा को वाइस कैप्टन तथा छोटे बच्चों के सदन सूर्य सदन से रेयांश एवं रियांशी को हाउस कैप्टन तथा रोनित और सात्विका को वाइस कैप्टन के रूप में सभी सदन के शिक्षकों द्वारा बैज तथा सेश पहनाए गए।

इसके अतिरिक्त अक्षिता, सात्विक, अवनी, रचित, आदित्य, पलक राणा, अवनी, सूर्या, नमन, सोमिल, निशा तथा आरव को विभिन्न गतिविधियों जैसे प्रीफेक्ट, स्पोर्ट्स कैप्टन, सांस्कृतिक ,इको क्लब एवं मार्चिंग बैंड जैसी विभिन्न जिम्मेदारियों के लिए बैज पहनाए गए। सभी नव निर्वाचित विद्यार्थियों को स्कूल शिक्षिका अनीता राणा द्वारा अपने कार्यों को अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ निभाने की शपथ दिलाई गई।

विद्यालय प्रधानाचार्य समीर सूद ने सभी छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे विद्यालय के अनुशासन, सम्मान एवं गौरव को बनाए रखते हुए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

## बैजनाथ में बयानबाजी पर गरमाई सियासत

# किशोरी लाल ने पूर्व विधायक प्रेमी के दावों को बताया भ्रामक

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ क्षेत्र में इन दिनों राजनीतिक माहौल काफी गर्म हो गया है। विधायक किशोरी लाल ने पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी के हालिया बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए उनके दावों को पूरी तरह झूठ और भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भाजपा में शामिल होने की बातें केवल जनता को गुमराह करने का प्रयास हैं।

किशोरी लाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन लोगों के नाम समाचार पत्रों में प्रकाशित किए गए हैं, उनका कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आगामी पंचायती राज चुनावों को देखते हुए जानबूझकर इस तरह की बयानबाजी कर रही है, ताकि क्षेत्र की जनता को भ्रमित किया जा सके। विधायक ने कहा कि बैजनाथ क्षेत्र में इस समय विकास कार्य तेज गति से चल रहे हैं, लेकिन विपक्ष इन उपलब्धियों को नजरअंदाज कर केवल राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी के कार्यकाल पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि उस दौरान भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला। उन्होंने दावा किया कि पूर्व विधायक के करीबी रिश्तेदार सरकारी विभागों में ठेकेदारी कार्यों में सक्रिय रहे तथा नियमों की अनदेखी कर जमीन आवंटन करवाया गया, जिसे हाल ही में अदालत ने रद्द कर दिया।

किशोरी लाल ने बताया कि बैजनाथ में लगभग 100 करोड़ रुपए की पेयजल योजनाएं, 50 करोड़ रुपए की सीवरेज परियोजना, 28 करोड़ रुपये की बाईपास योजना, 5 करोड़ का इंडोर स्टेडियम, 2 करोड़ रुपए की खीर गंगा घाट परियोजना तथा 132 केवी विद्युत सबस्टेशन जैसी बड़ी योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है।

# छावनी क्षेत्र में हाउस टैक्स माफी की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के समीप योल क्षेत्र में छावनी बोर्ड द्वारा पेंडिंग हाउस टैक्स की वसूली के निर्देशों पर स्थानीय लोगों ने कड़ी आपत्ति जताई है। नरवाणा खास, टिका बणी, लहसर और चतेहड़ के निवासियों ने गुरुवार को उपायुक्त कांगड़ा के माध्यम से सरकार से टैक्स माफी की मांग उठाई। स्थानीय निवासियों विजय आनंद, ज्ञान चंद और रिटायर्ड कैप्टन ए.ए. खान सहित अन्य लोगों ने कहा कि योल क्षेत्र पंचायत बनने के बाद यह टैक्स लगाया गया है, जो अब अनुचित है। उन्होंने बताया कि टैक्स की राशि 30 हजार से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक बकाया है और यह मामला वर्ष 2008 से लंबित है। लोगों ने कहा कि पंचायत चुनावों में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हाउस टैक्स का निर्णय वापस लिया जाए, अन्यथा एनओसी न मिलने से वे चुनाव से वंचित हो सकते हैं।

# जिला परिषद वार्ड 22 तरहेल से सत्या देवी ने भरा नामांकन, विकास के दम पर जीत का किया दावा

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** जिला परिषद वार्ड नंबर 22 तरहेल से वीरवार को कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार सत्या देवी ने अपना नामांकन दाखिल किया। सत्या देवी विधानसभा क्षेत्र की सगूर पंचायत से संबंध रखती हैं। नामांकन दाखिल करने से पहले सत्या देवी ने कांग्रेस कार्यालय में विधायक किशोरी लाल से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत कांग्रेस के युवा नेता रविंदर बिट्ठू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शशि राणा सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ उपमंडल अधिकारी (नागरिक) बैजनाथ कार्यालय पहुंचकर उन्होंने जिला परिषद उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

सत्या देवी को क्षेत्र में एक मिलनसार और लोकप्रिय व्यक्तित्व के रूप में जाना जाता है, जिसके चलते उन्हें लोगों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। इस मौके पर सत्या देवी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व तथा


नामांकन भरने के बाद समर्थकों के साथ सत्या देवी। अनंत ज्ञान

स्थानीय विधायक किशोरी लाल की अगुवाई में बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि इसी अभूतपूर्व विकास को अपना मुख्य चुनावी मुद्दा बनाकर वह चुनाव मैदान में उतरी हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों में वह लगभग आधे से अधिक जिला परिषद वार्डों में लोगों से संपर्क कर चुकी हैं और कांग्रेस की नीतियों के कारण उन्हें भारी समर्थन मिल रहा है। सत्या देवी ने विश्वास जताया कि इस बार जिला परिषद चुनाव में उन्हें निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के कई कर्मठ कार्यकर्ता पार्टी नेतृत्व से निराश होकर उन्हें समर्थन दे रहे हैं, जिसके लिए वह सदैव उनकी आभारी रहेंगी। इस मौके पर अतुल चौधरी शैलभ अवस्थी मिलाप राणा रेशमा देवी करतार चंद कुलदीप सोनी रजिंदर परमार मुकेश शर्मा मनीष शर्मा कुश सूद सचिन अवस्थी जमुना गोयल शशि राणा गौरव कुमार तेजस अवस्थी सहित कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# धर्मशाला डाक मंडल ने गत वर्ष बेची 8,557 नई पॉलिसियां: रविंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अधीक्षक डाकघर धर्मशाला रविन्द्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्मशाला डाक मंडल में गत वित्तीय वर्ष के दौरान डाक जीवन बीमा (पीएलआई) एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा (आरपीएलआई) की कुल 8,557 नई पॉलिसियां खरीदी गईं। इन पॉलिसियों की कुल बीमित राशि 318 करोड़ रुपये तथा प्रीमियम राशि 4.74 करोड़ रुपये रही।

उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वर्ष 1,033 प्रस्ताव अधिक प्राप्त हुए हैं। साथ ही प्रीमियम राशि में 1.33 करोड़ रुपये तथा बीमित राशि में 88 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है। दावों के निपटान के संबंध में उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान कुल 3,208 मैच्योरिटी क्लेम का भुगतान किया गया, जिनकी कुल राशि 61.74 करोड़ रुपये रही। इसके अतिरिक्त, गत वर्ष 71 मृत्यु दावों का निपटारा किया गया था, जिनकी कुल दावा राशि 1.44 करोड़ रुपये थी, जबकि इस वर्ष 87 मृत्यु दावों का निपटान किया गया, जिनमें 1.79 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया।

अधीक्षक डाकघर धर्मशाला ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे डाक विभाग की बीमा योजनाओं को अपनाकर अपने एवं अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित बनाएं।

# धर्मशाला कॉलेज के वीवॉक विभाग की छात्रा सुहानी गोल्ड मेडल से सम्मानित

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** सरदार पटेल विश्विधालय मंडी के द्वितीय दीक्षांत समारोह में डिग्री कॉलेज धर्मशाला के वीवॉक विभाग की मेधावी छात्रा सुहानी ने प्रदेशभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल कर महाविद्यालय, अपने परिवार तथा पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। कॉलेज पहुंचने पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो राकेश पठानिया, नोडल ऑफिसर प्रो नरेश कुमार धीमान, प्रो डॉ नरेश शर्मा, प्रो डॉ संजय जसरोटिया तथा वीवॉक विभाग के समस्त स्टाफ ने सुहानी का भव्य स्वागत करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो राकेश पठानिया ने कहा कि सुहानी की यह उपलब्धि पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण से हर विद्यार्थी अपने सपनों को साकार कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से सुहानी से प्रेरणा लेकर कौशल आधारित शिक्षा एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में आगे बढ़ने का आह्वान किया। नोडल ऑफिसर प्रो नरेश कुमार ने कहा कि वीवॉक कोर्स विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल नॉलेज, इंडस्ट्री एक्सपोजर, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट तथा रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं।

स्वर्ण पदक विजेता सुहानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं वीवॉक विभाग के समस्त स्टाफ को दिया। उन्होंने भावुक होकर कहा कि उनके पिता राजीव कुमार, जो पूर्व सैनिक हैं तथा जिला ऊना के अंब क्षेत्र से संबंध रखते हैं, और उनकी माता मोनिका शर्मा, जो जिला कांगड़ा से हैं एवं गृहिणी हैं, ने उन्हें जीवन के संस्कार, अनुशासन और मेहनत का महत्व सिखाया। सुहानी ने कहा कि आज वह जो भी हैं, उसमें उनके माता-पिता का सबसे बड़ा योगदान है और वह उनके प्रति सदैव आभारी रहेंगी।

# तीन हार के बाद धर्मशाला बना पंजाब किंग्स का 'उम्मीदों का मैदान'

## श्रेयस अय्यर की अगुवाई में धर्मशाला पहुंची पंजाब किंग्स, हार का क्रम तोड़कर जीत की लय बरकरार करने उतरेगी टीम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** आईपीएल-2026 के आगामी तीन मुकाबलों के लिए पंजाब किंग्स की टीम सरपंच साहब यानी कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में अपने दूसरे घर हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में पहुंच गई। इस सीजन में लगातार छह मैच जीतने के बाद प्वाइंट टेबल में पहले नंबर के बाद अब लगातार तीन हार से तीसरे नंबर पर पहुंच गई है। ऐसे में अब पंजाब दूसरे घर धर्मशाला में हार का क्रम तोड़कर फिर से जीत की पटरी पर उतरने के लिए जोर लगाएगी।

पंजाब किंग्स की टीम स्पेशल विमान के जरिए कांगड़ा धर्मशाला गगल हवाई अड्डे पर गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे के करीब पहुंची। कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचने पर टीम के खिलाड़ियों का हिमाचल की संस्कृति से स्वागत किया गया। इसके बाद पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों को स्पेशल बसों के द्वारा कांगड़ा हवाई अड्डे से धर्मशाला के लिए रवाना किया गया। इस दौरान पंजाब किंग्स के कैप्टन श्रेयस अय्यर, तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, मारको जॉनसन, हरप्रीत बर्रार, मार्कस स्टोइनिस, शशांक सिंह, जोश इंग्लिश आदि खिलाड़ी नजर आए। अपने पंसदीदा क्रिकेटरों की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमीयों ने एयरपोर्ट में खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया, और उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश भी की। लेकिन, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते किसी को भी खिलाडियों के साथ सेल्फी लेने की अनुमति नहीं दी। वहीं इन क्रिकेट खिलाड़ियों के एक झलक पाने के लिए क्रिकेट प्रेमियों का हजूम लगा हुआ था, लेकिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते किसी भी व्यक्ति को सुरक्षा घेरे में नही जाने दिया गया। धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 11 मई को खेले जाने वाले मैच को लेकर मेजबान टीम तीन दिनों तक अभ्यास करेगी। एचपीसीए स्टेडियम में पंजाब की टीम शाम छह से नौ बजे तक आठ से 10 मई तीन दिन तक शाम छह से रात नौ बजे तक प्रेक्टिस करती नजर आएगी। जबकि सभी की नजरें अब धर्मशाला में होने वाले 11 मई को पंजाब किंग्स के साथ दिल्ली कैपिटल्स के रोमांचक मुकाबले पर टिकी हैं। इसमें पंजाब की नज़रें अब लगातार तीन हार के बाद जीत का क्रम वापिस लाने की तरफ होंगी। इसके बाद 14 मई को पंजाब व मुंबई इंडियनस व 17 मई को मेजबान को पूर्व चैंपियन आरसीबी के साथ मुकाबला दोपहर साढ़े तीन बजे से खेला जाएगा।




### ये खिलाड़ी पहुंचे धर्मशाला

**श्रेयस** अय्यर (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह, प्रियांश आर्य, श्रेयस अय्यर (कप्तान), जोश इंगलिस (विकेटकीपर), नेहल बढेरा, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, मार्को यानसेन, जेवियर बार्टलेट, अर्शदीप, युजवेंद्र चहल, हरप्रीत बरार, विशाख विजयकुमार, मिच ओईन, विष्णु विनोद, यश ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, अजमतुल्लाह उमरजई, हरनूर पन्नू, कुलदीप सेन, मुशीर खान, कूपर कोनली, बेन डिर्वासि, जेवियर बार्टलेट, पाइला अविनाश व प्रवीण दुबे शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### चरस और नकदी सहित चार युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला पुलिस कांगड़ा के तहत पालमपुर थाना पुलिस ने चंबा जिला के चार युवकों को चरस और नकदी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम वीरवार को गश्त पर थी, इसी दौरान चढियार चौक पर एक बोलेरो वाहन को जांच के लिए रोका गया, जिसमें बैठे युवक संदिग्ध रूप से घबरा गए। वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस ने 94 ग्राम चरस और 62,500 रुपये नकद बरामद किए। इसके बाद पुलिस ने वाहन और बरामद सामग्री को कब्जे में लेकर चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साहिल (22) निवासी लोगणी, अंशुल (20) निवासी डुंगरु, कुलदीप (29) निवासी सुगाड़ी और लक्की (35) निवासी झिरका, सभी तहसील सिहुंता जिला चंबा के रूप में हुई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

### कार-बाइक की जोरदार टक्कर में युवक घायल

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह के भेड़ूमहादेव स्थित फस्टा रोड पर बुधवार शाम एक कार और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के बाद कार और बाइक दोनों सड़क से करीब 30 फीट नीचे लुढ़क गए। दुर्घटना में कार में सवार तीन अन्य लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार मारुति 800 कार नंबर एचपी 53-1909, जिसे मूंढी निवासी जगन्नाथ चला रहा था, फस्टा की उतराई के पास चालक का नियंत्रण खो बैठी और सामने से आ रही बाइक नंबर एचपी 37 एफ-2968 से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार अशोक कटोच के सिर और टांग में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पहले दिन 4 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आरओ पालमपुर कार्यालय में जिला परिषद चुनाव के लिए 7 मई को नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन चार उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। वार्ड नंबर 15 नगरी कलूण्ड से सुरेष्टा कुमारी और अनिता देवी ने नामांकन दर्ज कराया। वहीं वार्ड नंबर 16 नच्छीर बन्दला से कर्म चंद और मिलाप चंद ने भी नामांकन पत्र भरे। इसके अलावा वार्ड नंबर 20 गदियाड़ा और वार्ड नंबर 26 अरला से पहले दिन किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। चुनाव प्रक्रिया को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियाँ तेज हो गई हैं।

### 94% रहा परौर स्कूल का परीक्षा परिणाम

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शहीद सुरेंद्र सिंह राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परौर का वार्षिक परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। सत्र 2025-26 में स्थानीय विद्यालय के तीन संकाय के कुल 83 विद्यार्थियों में से परीक्षा में 101 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें से 95 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए तथा परीक्षा परिणाम 94% रहा। विज्ञान संकाय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय बच्चों स्थान में क्रमशः दीपिका 93.4%, चिराग 89.4% तथा रिया 87.6% रहे। वाणिज्य संकाय में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः पायल 89%, वैशा 83%, शगुन 79% रहे। कला संकाय में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः आंचल 93%, मुस्कान 88.4% व तनवी 86% रहे। विद्यार्थियों की इस शैक्षणिक उपलब्धि पर प्रधानाचार्या संगीता ने सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की और भविष्य में इससे भी अच्छा वार्षिक परीक्षा परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया।

### भारतीय ज्ञान परंपराओं पर राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ। सम्मेलन का विषय 'भारतीय ज्ञान परंपराएं: सतत भविष्य के लिए बहुविषयक दृष्टिकोण' रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महावीर सिंह रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व की सबसे प्राचीन और समृद्ध परंपराओं में से एक है, जो दर्शन, विज्ञान, स्वास्थ्य और कला का समन्वय प्रस्तुत करती है। सम्मेलन में आधुनिक चुनौतियों के समाधान के लिए पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के मेल पर चर्चा की गई। सम्मेलन में 18 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 385 प्रतिभागी हाइब्रिड मोड में भाग ले रहे हैं। तकनीकी सत्रों में वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, योग और भारतीय दर्शन पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए।

### मतगणना कक्षों व स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** आगामी ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनावों को लेकर निर्वाचन पर्यवेक्षक सुनील शर्मा की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय बैजनाथ में रिटर्निंग अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने के निर्देश दिए गए। निर्वाचन पर्यवेक्षक ने अधिकारियों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और मतदान व मतगणना प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने को कहा। उन्होंने चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया। बैठक के बाद पर्यवेक्षक ने मतगणना कक्षों और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं, सीसीटीवी निगरानी और अन्य प्रबंधों का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम, तहसीलदार रमन ठाकुर और बीडीओ सुमन कुमारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जाच्छ, बीड़-बिलिंग, नूरपुर और ज्वाली में लगेंगे फास्ट ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में ई-व्हीकल उपयोगकर्ताओं के लिए बड़ी राहत की तैयारी है। परिवहन विभाग ने जाच्छ , बीड़-बिलिंग, नूरपुर और ज्वाली में फास्ट ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की दिशा में काम तेज कर दिया है। करीब 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इन स्टेशनों पर 15-20 किलोवाट क्षमता के फास्ट चार्जर लगाए जाएंगे, जो लगभग एक घंटे में वाहन को चार्ज करने में सक्षम होंगे। चार्जिंग स्टेशन बिल्ड, ऑपरेट एंड मेंटेन आधार पर तैयार किए जाएंगे, जिसमें थर्ड पार्टी एजेंसी निर्माण, संचालन और रखरखाव का जिम्मा संभालेगी। कंपनी की ओर से प्रोजेक्ट में निवेश किया जाएगा, जबकि चार्जिंग शुल्क प्रदेश सरकार तय करेगी। आरटीओ कांगड़ा विकास जम्वाल ने बताया कि इस परियोजना से संबंधित फाइल शिमला भेजी गई है और मंजूरी मिलते ही कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल ज्यादातर ई-व्हीकल धारक अपने निजी चार्जर का इस्तेमाल करते हैं, जिनकी 5-10 किलोवाट क्षमता के चलते वाहन को चार्ज करने में 4 से 6 घंटे का समय लगता है। ऐसे में फास्ट चार्जिंग स्टेशन शुरू होने से यह समय घटकर करीब एक घंटे रह जाएगा, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

## डाडासीबा में पहले दिन मैदान में उतरे 3 प्रधान व 2 उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** ग्राम पंचायत डाडासीबा में पंचायत चुनावों को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमा गया है। नामांकन प्रक्रिया के पहले ही दिन पंचायत परिसर में भारी चहल-पहल देखने को मिली। विभिन्न पदों के उम्मीदवार अपने समर्थकों और शुभचिंतकों के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे, जिससे पूरे क्षेत्र में चुनावी रंग साफ दिखाई देने लगा है। प्रधान पद के लिए अब तक रशपाल सिंह, मनजीत सिंह और अनूप सिंह ने नामांकन भरकर अपनी दावेदारी पेश की है। तीन प्रमुख उम्मीदवारों के मैदान में उतरने से प्रधान पद का मुकाबला शुरू से ही रोचक बनता नजर आ रहा है। वहीं उप प्रधान पद के लिए संजीव कुमार और कमलदेव ने अपने नामांकन दाखिल किए हैं। वार्ड सदस्य पद के लिए भी कई उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। वार्ड नंबर 3 से सीमा देवी और मोनिका रानी ने नामांकन पत्र दाखिल किए। वार्ड नंबर 4 से रणजीत सिंह, सुभाष और तेजिंदर ने अपनी दावेदारी पेश की। वार्ड नंबर 5 से रसाल सिंह ने नामांकन किया, जबकि वार्ड नंबर 7 से प्रवीण कुमारी और नैंसी बाला ने अपने पर्चे जमा करवाए। नामांकन के दौरान उम्मीदवारों के समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। पंचायत परिसर में दिनभर समर्थकों की आवाजाही और चुनावी चर्चाओं का दौर चलता रहा। पहले दिन हुए नामांकन ने साफ कर दिया है कि इस बार पंचायत चुनाव काफी दिलचस्प और कांटे की टक्कर वाला होने जा रहा है। अब सबकी नजरें 8 और 11 तारीख पर टिकी हुई हैं, क्योंकि माना जा रहा है कि इन दिनों और भी कई संभावित उम्मीदवार नामांकन भर सकते हैं।

## आईपीएल : 8 सेक्टर में बांटा धर्मशाला शहर

### पार्किंग स्थल से शटल बसों से लाए जाएंगे दर्शक, स्टेडियम के पास होंगे ड्रॉप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस विभाग की ओर से 11, 14 व 17 मई को होने वाले आईपीएल मुकाबलों में सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था के लिए शहर को आठ सेक्टरों में बांटा गया है। जिसमें गगल एयरपोर्ट, धर्मशाला, दाड़ी-कंडी, खनियारा, मकलोडगंज, धर्मकोट, कोतवाली बाजार सहित अन्य शामिल किए गए हैं। मैच दिन के दौरान सड़क के किनारे किसी भी प्रकार की वाहन पार्किंग नहीं हो पाएगी, जबकि बेतरतीब पार्किंग पर कार्रवाई होगी।

पुलिस मैदान धर्मशाला, सचिवालय-उपायुक्त कार्यालय धर्मशाला, दाड़ी मेला मैदान, जोरावर मैदान, पीजी कॉलेज व डीआईजी कार्यालय में पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। साथ ही शटल बसों की व्यवस्था भी की गई है, जिसमें दर्शकों को स्टेडियम के नज़दीक ड्राप किया जाएगा, इनमें स्पेशल स्टेडियम बसों के रूप में डिस्प्ले भी किया जाएगा।

#### धर्मकोट में रहेगी मुंबई टीम

**मुंबई** इंडियनस की टीम मकलोड़गंज धर्मकोट स्थिति निजी होटल में रहेगी, ऐसे में एक नया सेक्टर बनाकर व्यवस्था की गई है। स्टेडियम सुरक्षा को चार सेक्टर में रखा गया है, जिसमें पुलिस की ओर से मुख्य गेट पर टिकट देखने व चेकिंग के बाद ही दर्शकों को प्रवेश दिया जाएगा, जबकि स्टेडियम के बाहर व अंदर भी पुलिस विभाग की ओर से निगरानी रहेगी।

#### इन चीजों पर रहेगी पांबदी

**मैच** में किसी भी प्रकार के ज्वलन पदार्थ, खाद्य सामग्री, कैमरा, सिक्के, पैन, श्लोगन, आपत्तिजनक श्लोगन, फ्लैग जिनका ऑब्जेक्शन है व अन्य चीजें ले जाने पर पांबदी रहेगी। जबकि मात्र मोबाईल फोन को ही जांच के बाद ले जाने की अनुमति रहेगी। टीमों की मूवमेंट के समय शहर में ट्रैफिक को होल्ड किया जाएगा। वहीं स्टेडियम, आसपास व होटलों में सर्विलांस व चेकिंग सहित सुरक्षा की दृष्टि से अन्य जांच पड़ताल के कार्य शुरू कर दिए गए हैं। पैराग्लाइडिंग भी मैचों के दौरान अस्थाई रूप से बंद रहेगी।

#### ये रहेगा ट्रैफिक रूट

**आईपीएल** मैचों की सुरक्षा के लिए 800 के करीब जवान तैनात किए जाएंगे। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने के लिए वनवे व्यवस्था भी की जाएगी। टैक्सी चालक कचहरी चौंक में ही दर्शकों व पर्यटकों का ड्राफ कर पाएंगे। दोपहर तीन बजे के बाद जिला मुख्यालय में ट्रैफिक वनवे स्थिति को देखते हुए किया जा सकता है। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर सिंह ने बताया कि धर्मशाला में तीन मैच करवाए जा रहे हैं। जिनके लिए सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है।

> **धर्मशाला** में आईपीएल मैचों के दौरान 800 के करीब पुलिस जवान व अधिकारी तैनात रहेंगे। शहर में आठ व स्टेडियम सुरक्षा को चार सेक्टर में रखा गया है। चेकिंग के बाद ही दर्शकों को प्रवेश दिया जाएगा, जबकि स्टेडियम के बाहर पुलिस विभाग की ओर से निगरानी रहेगी।
>
> **-राजेंद्र जस्सवाल, एएसपी पुलिस विभाग कांगड़ा**

## पंचायतीराज चुनावों को लेकर उत्साह, अब तक 6559 नामांकन दाखिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला पंचायत अधिकारी कांगड़ा सचिन ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायती राज संस्थानों के चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतर्गत जिला कांगड़ा में विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 07 मई तक प्राप्त नामांकन पत्रों के अनुसार प्रधान पद हेतु 1407, उप-प्रधान पद हेतु 1404, वार्ड सदस्य पद हेतु 3295, पंचायत समिति सदस्य पद हेतु 393 तथा जिला परिषद सदस्य पद हेतु 60 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार अब तक कुल 6559 नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रधान पद के लिए फतेहपुर ब्लॉक में सर्वाधिक 120 तथा रैत ब्लॉक में 117 नामांकन प्राप्त हुए हैं। उप-प्रधान पद हेतु प्रागपुर ब्लॉक में सर्वाधिक 122 नामांकन दाखिल किए गए हैं। वार्ड सदस्य पद के लिए प्रागपुर ब्लॉक में 339 तथा फतेहपुर ब्लॉक में 303 नामांकन प्राप्त हुए हैं। पंचायत समिति सदस्य पद हेतु इंदौरा एवं नगरोटा सूरियां ब्लॉक में सर्वाधिक 32-32 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि जिला परिषद सदस्य पद के लिए ज्वाली खंड के कबाड़ी वार्ड में सर्वाधिक 5 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं, जबकि खोली तथा ठारू वार्ड में 4-4 नामांकन दाखिल किए गए हैं।

## धरोहर गांवों में नियमों को ताक पर रख हुई फिल्म शूटिंग

### प्रागपुर-गरली में बिना अनुमति शूटिंग का आरोप, ग्रामीणों में भारी रोष

अनंत ज्ञान

> 'पिछले माह गरली-परागपुर व आस पास फिल्म की शूटिंग हुई उसकी डीसी द्वारा हमें सूचना तो जरूर दी गयी थी पर फिल्म की शूटिंग करने की कोई भी अनुमति हमारे कार्यालय या साडा के स्तर पर नहीं ली गयी थी।
>
> **-कुलवंत सिंह पोटन, एसडीएम देहरा एवं अध्यक्ष साडा एंव हेरिटेज विलेज कमेटी गरली-प्रागपुर।**

**प्रवेश शर्मा, प्रागपुर।** सैंया भए कोतवाल अब डर काहे का वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए ऐतिहासिक धरोहर गांव परागपुर और गरली में फिल्म माफियाओं ने नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई हैं।

सरकारी तंत्र की नाक के नीचे पिछले माह इन धरोहर गांवों सहित चंबापत्तन में ब्यास नदी के किनारे हिंदी फिल्म पीएन 56 की शूटिंग गुपचुप तरीके से निपटा दी गई, जिसमें तय प्रोटोकॉल को पूरी तरह ठेंगा दिखा दिया गया। जनसंपर्क विभाग ने फिल्म प्रोडक्शन को जिला कांगड़ा के विभिन्न क्षेत्रों में शूटिंग की एनओसी देते समय स्पष्ट हिदायत दी थी कि स्थानीय प्रशासन, वन विभाग, पुलिस व हेरिटेज विलेज कमेटी से विधिवत अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

विडंबना यह है कि फिल्म निर्माताओं ने न तो हेरिटेज विलेज कमेटी को विश्वास में लिया और न ही विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की दहलीज पर कदम रखना मुनासिब समझा। सूचना के अधिकार के तहत हुए खुलासे ने इस पूरे फर्जीवाड़े की कलई खोलकर रख दी है कि कैसे सरकारी आदेशों को कूड़ेदान में फेंका गया। जनसंपर्क विभाग की शर्तों को ठेंगा दिखाते हुए फिल्म प्रोडक्शन ने पुलिस जिला देहरा को सूचना देना भी जरुरी नहीं समझा, जबकि पूरा अवैध खेल उनके कार्यक्षेत्र में चल रहा था।

फिल्म यूनिट ने केवल पुलिस जिला कांगड़ा को इत्तला देकर कागजी खानापूर्ति की और स्थानीय प्रशासन की आंखों में धूल झोंकी। यह सीधे तौर पर प्रशासनिक तंत्र की नपुंसकता व फिल्म यूनिट की गुंडागर्दी का प्रमाण है। कायदे के अनुसार हेरिटेज जोन में किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के लिए कड़े नियम और फंड का प्रावधान है, लेकिन यहां फिल्म वालों ने न तो कोई फूटी कौड़ी जमा करवाई और न ही पंचायत की एनओसी लेने की जहमत उठाई। इलाके के निवासियों दीपक, संजीव, ऋषभ, रजत, अखिलेश, संजय, सुमित, अजय, मनोज, राजेश और अन्य ग्रामीणों ने इस गैर-कानूनी तांडव पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है।

उनका आरोप है कि बाहरी फिल्म यूनिट्स यहां आकर न केवल स्थानीय लोगों की निजता का गला घोंटती हैं, बल्कि सरकारी तंत्र को जेब में लेकर अपनी अवैध दादागिरी चलाती हैं। ग्रामीणों ने सीधे मुख्यमंत्री सुक्खू से सवाल किया है कि क्या हिमाचल प्रदेश फिल्म नीति 2024 सिर्फ कागजों की शोभा बढ़ाने के लिए है? बिना अनुमति और बिना स्थानीय भागीदारी के होने वाली ऐसी अवैध गतिविधियों पर यदि तुरंत हथौड़ा नहीं चला, तो धरोहर गांवों का अस्तित्व और ग्रामीणों का आत्मसम्मान सुरक्षित नहीं रहेगा।

## धमाकों के बाद पठानकोट में पुलिस और सेना सतर्क

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट।** जालंधर और अमृतसर में हुए धमाकों के बाद सीमावर्ती जिला पठानकोट में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से जुड़े इंटरस्टेट नाकों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और हर वाहन की गहन जांच की जा रही है। पठानकोट पुलिस और सेना ने भारत-पाक सीमा से सटे क्षेत्रों में संयुक्त सर्च ऑपरेशन भी चलाया। सुरक्षा एजेंसियां संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पंजाब को हिमाचल से जोड़ने वाले चक्की पुल और जम्मू-कश्मीर से जोड़ने वाले माधोपुर नाके पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। आने-जाने वाले वाहनों की तलाशी के साथ संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। थाना डिवीजन नंबर-2 के एसएचओ अरुण कालिया ने बताया कि एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लो के निर्देशों के अनुसार मंगलवार रात से ही सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है और हर वाहन की जांच सुनिश्चित की जा रही है।

## सुलह में भाजपा नामांकन में उमड़ी भीड़ ने दिया जनसमर्थन का संकेत : परमार



भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के दौरान समर्थक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र में ज़िला परिषद सुलह वार्ड संख्या 29 और नौरा वार्ड संख्या 28 के भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ को भाजपा नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने पार्टी के पक्ष में जनसमर्थन का बड़ा संकेत बताया। उन्होंने कहा कि यह उत्साह आने वाले पंचायत एवं ज़िला परिषद चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत की ओर इशारा करता है।

विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार जनता के विश्वास पर खरी नहीं उतरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिले, महिलाओं से किए गए वादे पूरे नहीं हुए और विकास कार्यों में बाधा आई है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल चुनाव लड़ने वाली पार्टी नहीं, बल्कि विकास, राष्ट्रहित और जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य करने वाला संगठन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है और जनता लगातार भाजपा पर विश्वास जता रही है। परमार ने कहा कि सुलह क्षेत्र में भाजपा समर्थित प्रत्याशी केवल चुनाव जीतने नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से मैदान में उतरे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक जाकर जनता को भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों से अवगत कराने का आह्वान किया।

## फतेहपुर जिला परिषद वार्ड 47 से रीता गुलेरिया ने भरा नामांकन

अनंत ज्ञान



**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** जिला कांगड़ा के विकास खंड फतेहपुर अंतर्गत जिला परिषद मनोह सिहाल वार्ड नं. 47 से उम्मीदवार रीता गुलेरिया ने आज एसडीएम कार्यालय फतेहपुर में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान उनके समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला और पूरे क्षेत्र में चुनावी माहौल गर्माता नजर आया।

रीता गुलेरिया सादगीपूर्ण तरीके से अपने समर्थकों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने कहा कि पंचायत राज चुनाव किसी पार्टी की राजनीति नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और क्षेत्र के विकास का चुनाव है। उन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देने की बात कही।

धमेटा निवासी रीता गुलेरिया ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल राजनीति नहीं, बल्कि वार्ड नं. 47 के समग्र विकास को नई दिशा देना है। उन्होंने सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य को अपनी प्रमुख प्राथमिकता बताया। साथ ही महिला सशक्तिकरण को भी अपने विकास एजेंडे का अहम हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि जनता का सहयोग और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वह ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ हर वर्ग के विकास के लिए कार्य करेंगी। रीता गुलेरिया ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि उनका समर्थन वार्ड के उज्जवल भविष्य की नींव साबित होगा। नामांकन के मौके पर बड़ी संख्या में समर्थक, युवा और महिलाएं मौजूद रहे। क्षेत्र में उनके प्रति बढ़ते जनसमर्थन को देखते हुए चुनावी माहौल और अधिक सक्रिय होता नजर आ रहा है।

## 45 दिन के आंदोलन करने वाला चेहरा अब जिप के रण में

**अनंत ज्ञान, सालबिया शर्मा, गरली।** पंचायत चुनावों के बीच परागपुर वार्ड-40 में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। गरली पंचायत के पूर्व उप-प्रधान और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार सुशांत मौदगिल ने देहरा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर जिला परिषद चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। समर्थकों की मौजूदगी और नारों के बीच हुए नामांकन ने चुनावी मुकाबले को नई दिशा दे दी है। सुशांत मौदगिल ने सिविल अस्पताल गरली की सुविधाओं को लेकर 45 दिन तक आंदोलन चलाकर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई थी। उनके प्रयासों से अस्पताल में 108 'बुलेंस, डेंटल चेयर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हुई थीं। उपप्रधान रहते हुए उन्होंने क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें लगवाने, सार्वजनिक शौचालय निर्माण, लाइब्रेरी और मृतक वाहन सेवा शुरू करवाने जैसे कई कार्य किए। कोरोना काल में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही। नामांकन के बाद उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं बल्कि क्षेत्र में स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और युवाओं के विकास को नई दिशा देना है।

## आदिल मलिक हेड ब्वॉय और वान्या बनी हेड गर्ल

### प्रताप वर्ल्ड स्कूल में इंवेस्टिचर सेरेमनी संपन्न, छात्र परिषद गठित

अनंत ज्ञान




प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में गठित छात्र परिषद। अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल, पठानकोट में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए भव्य इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र परिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विभिन्न नेतृत्व पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। सीनियर छात्र परिषद में हेड ब्वॉय विवेक अत्री और हेड गर्ल रमायरा को चुना गया। वहीं डिप्टी हेड बॉय राघव सिंह सलारिया और डिप्टी हेड गर्ल शगुन बने। स्कूल कैप्टन के रूप में आदिल मलिक (ब्वॉय) और वान्या मल्होत्रा (गर्ल) को जिम्मेदारी दी गई। गांधी हाउस में संयम भारद्वाज (कैप्टन) और शरन्या (वाइस कैप्टन), नेहरू हाउस में फराह (कैप्टन) और प्रियांशी (वाइस कैप्टन), पटेल हाउस में आर्यन मिश्रा (कैप्टन) और माही (वाइस कैप्टन) तथा सुभाष हाउस में अभिलाषा (कैप्टन) और गरगी (वाइस कैप्टन) को चुना गया।

स्पोर्ट्स कैप्टन के रूप में हर हाउस से अलग-अलग विद्यार्थियों को जिम्मेदारी दी गई, जिनमें हरनूर, अंश खजूरिया, गुरबीर और कृषांत प्रमुख रहे। प्रिफेक्ट्स के रूप में रुद्राक्षी, विक्रम, सूर्यांश ठाकुर, सौम्या केसर सहित कई विद्यार्थियों को शामिल किया गया। मिडिल छात्र परिषद में डिप्टी स्कूल कैप्टन ( ब्वॉय) वफीक और डिप्टी स्कूल कैप्टन (गर्ल) मननत संधू चुने गए। हाउस कैप्टन के रूप में अरुणव शर्मा, मननत, सान्वी शर्मा और पलक ठाकुर सहित अन्य विद्यार्थियों को जिम्मेदारी दी गई। जूनियर छात्र परिषद में हेड बॉय कपिश और हेड गर्ल स्कायरा बने। डिप्टी हेड बॉय माधव और डिप्टी हेड गर्ल ऑरा को चुना गया। स्कूल कैप्टन के रूप में प्रितिश अग्रवाल ( ब्वॉय) और अमायरा (गर्ल) को जिम्मेदारी दी गई। विद्यालय प्रशासन ने सभी नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पद केवल सम्मान नहीं बल्कि जिम्मेदारी और अनुशासन का प्रतीक है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

# चुनाव: पहले दिन हमीरपुर जिले में 1572 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला परिषद हमीरपुर के 19 वार्डों, जिला की सभी 6 पंचायत समितियों के कुल 119 वार्डों व जिला की कुल 242 पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्यों सहित कुल 1860 पदों के लिए तीन चरणों में होने वाले चुनावों की नामांकन प्रक्रिया वीरवार को आरंभ हो गई।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन जिला में कुल 1572 नामांकन पत्र भरे गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला परिषद के लिए कुल 15 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। 6 पंचायत समिति के सदस्यों के लिए 131 पर्चे भरे गए। इनमें बीडीसी सुजानपुर के लिए 18, बीडीसी हमीरपुर 11, बीडीसी बमसन 24, बीडीसी भोरंज 29, बीडीसी बिझड़ी 22 और बीडीसी नादौन के लिए 27 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। जिला की विभिन्न पंचायतों में प्रधान के पदों के लिए 363 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से विकास खंड सुजानपुर में 28, हमीरपुर में 42, बमसन 43, भोरंज 94, बिझड़ी 88 और नादौन ब्लॉक की पंचायतों में 68 पर्चे भरे गए। इसी प्रकार, पंचायत उपप्रधान के पद के लिए जिले भर में 316 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। विकास खंड सुजानपुर और हमीरपुर में 30-30, बमसन में 36, भोरंज 77, बिझड़ी 83 और नादौन में 60 पर्चे भरे गए। पंचायत सदस्य के पदों के लिए जिले भर में कुल 747 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। विकास खंड सुजानपुर में 71, हमीरपुर में 99, बमसन 87, भोरंज 211, बिझड़ी 170 और नादौन में 109 पर्चे भरे गए।

गंधर्वा ने बताया कि इन पंचायतीराज संस्थाओं के विभिन्न पदों के लिए 8 और 11 मई को भी सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच शुरू होगी। 14 और 15 मई को उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। 15 मई को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे। पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों के चुनाव परिणाम उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे। जबकि, पंचायत समिति और जिला परिषद के मतों की गिनती 31 मई को सुबह 9 बजे सभी ब्लॉक मुख्यालयों में आरंभ होगी। उन्होंने बताया कि जिला में कुल मतदाताओं की संख्या 3,63,699 है।

# रास्ते में हांफ रही एचआरटीसी बसें

## हमीरपुर में बसों की हालत खराब, बार-बार ब्रेकडाउन से यात्रियों की बढ़ी परेशानी

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** हमीरपुर बस अडडे से धुआं उगलती हुई बसें गंतव्य के लिए रवाना होती है तो उसी समय आंशका तो यही व्यक्त होती है कि बस समय पर पहुंचा देगी या फिर वापस सही सही लौट आएगी।



हथली खड्ड के पास खराब हुई एचआरटीसी बस। अनंत ज्ञान

कारण यह है कि बसों का रास्ते में ब्रेक डाउन होने का सिलसिला लगातार बढ़ रहा है। किसी न किसी रूट पर बस इस तरह की पुरानी बसें सड़क किनारे खड़ी देखी जा रही हैं। इससे सबसे बड़ी दिक्कत सवारियों को हो रही है, लेकिन यदि ऐसा ही चलता रहा तो निगम तो वितीय नुकसान उठाना पड़ रहा है, लेकिन सिस्टम पर सवाल खड़े होंगे जो बसें रूट पर जाने लायक है ही नहीं उन्हें चलाने की आखिर निगम प्रबंधन की मजबूरी क्या है। खस्ताहाल बसों में यात्रा कर रही सवारियों को उस समय परेशानी झेलनी पड़ती है जब वे स्कूल, कॉलेज या कार्यालय में जाने के लिए लेट हो जाते हैं। अकसर देखा गया है कि पिछले कुछ दिनों में जितनी भी बसें सड़क पर खड़ी हुई हैं उनमें तकनीकी खराबी ही सामने आई है।

बता दें कि ताल के लिए बस जो हमीरपुर से लंबलू, चमनेड, रौहली पटटा और अमनेड होती हुई ताल पहुंचती शाम 7.30 बजे चली और 5 किलोमीटर बोहणी में खराब हो गई इसमें बैठे सभी यात्री परेशान हुए और किराए की गाड़ी करके एक घंटा देरी से घर पहुंचे। जबकि निगम प्रबंधन ने दूसरी बस नहीं भेजी। यही नहीं यही बस वीरवार सुबह रूट पर नहीं गई जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

इसके अलावा निगम की बस लदरौर से हमीरपुर वाया ताल अमनेड होकर हमीरपुर पहुंचती है वो भी अमनेड नहीं आई। बस के परिचालक ने किसी को सूचना दी कि तकनीकी खराबी होने के कारण बस अमनेड नहीं आ सकती। तकनीकी खराबी के कारण यह बस कोहली के पास हांफ गई इस बस में बैठे यात्रियों को दूसरी बस में बिठाकर हमीरपुर भेजा गया। इस बस में कॉलेज के छात्र, सरकारी कर्मचारी और अन्य यात्री परेशान हुए। यही नहीं कुछ दिन पहले एचआरटीसी की टौणी देवी जा रही बस स्टैंड से कुछ ही दूरी पर हथली खडड के पास खराब हो गई। बस में बैठी सवारियों को दूसरी बस का इंतजार करना पड़ा उसके बाद वे अपने गंतव्य तक पहुंचे।

गौर रहे कि निगम की बसों में सफर कर रहे यात्रियों में सबसे अधिक परेशानी बच्चों और महिलाएं को हो रही है। निगम प्रबंधन द्वारा 10 साल पुरानी जेएनएनयूआरएम की बसों को भेजा जा रहा है जिनकी हालत पहले ही खराब है। न सही से इन बसों के दरवाजे बंद होते हैं और न ही खुलते हैं। बसों के दरवाजों की यह हालत है और शीशे हैं वो भी जगह जगह से टूटे हुए हैं।

इस बारे में एचआरटीसी के आरएम राहुल कुमार ने बताया कि जिन बसों में तकनीकी खराबी आ रही है उन्हें ठीक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बसों की तकनीकी जांच की जाती है।

# बजूरी गांव में अग्निकांड; गोशाला जलकर राख, तीन मवेशी झुलसे

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** शहर के साथ लगते ग्राम बजूरी में अग्निकांड की घटना सामने आई, जिसमें एक पशुशाला पूरी तरह से जलकर राख हो गई। इस भीषण अग्निकांड में गोशाला के अंदर बंधी दो भैंसें और एक कटरा गंभीर रूप से झुलस गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक भैंस लगभग 90 प्रतिशत तथा दूसरी भैंस और कटरा करीब 70 प्रतिशत तक झुलस गए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग हमीरपुर की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने तुरंत प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर राहत कार्य तेज करने का आग्रह किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया तथा प्रदेश सरकार की ओर से 4000 की फौरी राहत राशि प्रदान की। डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने भी अपनी ओर से पीड़ित राजू को 10,000 रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की तथा भरोसा दिलाया कि घायल पशुओं के इलाज और देखभाल में हरसंभव मदद की जाएगी।

इस दौरान एक गंभीर समस्या भी सामने आई कि अग्निशमन विभाग की गाड़ी को मौके तक पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, जिसका मुख्य कारण सड़क पर अतिक्रमण रहा। इस समस्या के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए डॉ. वर्मा ने लोगों से अपील की कि सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखें ताकि भविष्य में किसी भी आपदा या आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य समय पर पहुंच सके।

# न्यूज ब्रीफ

## जिप के लिए 4 नामांकन पत्र हुए दाखिल



**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** जिला परिषद सदस्य चुनाव 2026 के पहले दिन चार नामांकन पत्र दाखिल किए गए। जिला परिषद वार्ड नंबर 12 करेर से भाजपा समर्थित उम्मीदवार गुरदीप सिंह, वहीं कांग्रेस समर्थित जिला परिषद वार्ड नंबर 12 करियर से कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार सुरजीत ने भी पर्चा भरा। बहीं करेर बार्ड से विक्रम कुमार ने भी जिला परिषद का नामांकन भरा है। जिला परिषद वार्ड नंबर 15 दांदडू से भाजपा समर्थित उम्मीदवार रेनू बाला ने भी जिप सदस्य का नामांकन भरा है। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बड़सर स्वाति डोगरा ने बताया कि नामांकन भरने प्रथम दिवस पर जिला परिषद के चार नामांकन भरे गए हैं अभी तक जिला परिषद वार्ड नंबर 13 बिझड़ी एवं वार्ड नंबर 14 झंझयाणी से कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ है।

## कांग्रेस ने जिप चुनाव में उतारे चार उम्मीदवार



**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र की चारों जिला परिषद सीटों पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की तस्वीर भी साफ हो गई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद ने वीरवार सूची जारी कर चारों उम्मीदवार घोषित कर दिए। लड़हा वार्ड-16 से अंजना कुमारी भारती गांव कश्मीर, मालग वार्ड-17 से कंचन धीमान गांव धनेटा, अमलैहड़ वार्ड-18 से रविंद्र गद्दी गांव जंगलू तथा सपडोह वार्ड-19 से सीमा चैधरी गांव चढ़ूंह फस्टे पर दांव खेला गया है। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद ने कहा कि कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी गई है। आम जनता विकास को और रफ्तार देने व मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के हाथ मजबूत करने के लिए चारों उम्मीदवारों का भरपूर समर्थन करें।

## नादौन में बीडीसी के लिए 27 ने भरा नामांकन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पंचायत समिति नादौन के लिए 27 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। यह जानकारी देते हुए आरओ तहसीलदार पंकज सोनी ने बताया कि वार्ड न. 1 चमराल से मीनू देवी, वार्ड 4 बलडूहक से वीना देवी, वार्ड न. 5 जोल सप्पड़ से केहर सिंह व जगदीप चंद, वार्ड न. 6 नौंहगी अशोक कुमार जम्गी व अमित ठाकुर, वार्ड न. 7 लाहड़ कोटलू से अनीता कुमार,सुरजीत कुमार, मदन सिंह व पंकज कुमार, वार्ड न. 9 जलाड़ी से नीरज गुलेरिया,चरणजीत सिंह व अशोक कुमार, वार्ड भरमोटी से अनिल कुमार, वार्ड न. 12 मालग से कमल किशोर व जगराज सिंह, वार्ड न. 14 से रंजना देवी, वार्ड न. 16 पनियाली से रधुवीर सिंह, सुमन कुमारी व दिनेश कुमार, वार्ड न. 19 फाहल से सुशीला कुमारी,कृष्णा देवी, वार्ड न. 22 ग्वाल पत्थर उज्जागर सिंह व देश राज, वार्ड न. 27 कलूर से केवल कृष्ण,कमल कुमार व शक्ति चंद ने नामांकन पत्र भरा है।

## बिंदु, रतन चंद, पूजा व ज्वाला बनाए प्रत्याशी



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चार जिला परिषद वार्डों के लिए कांग्रेस पार्टी ने अपने समर्थित उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने प्रेस बयान जारी करते हुए बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई। इस दौरान विधायक कैप्टन रणजीत सिंह और चयन समितियों के बीच विस्तृत चर्चा हुई। घोषित उम्मीदवारों में जिला परिषद वार्ड से बिंदु राजपूत, कोट पत्ती दरोगण से रतन चंद, बीड़ बगेहड़ा से पूजा रानी तथा उहल वार्ड से ज्वाला ठाकुर शामिल हैं। पार्टी ने उम्मीद जताई है कि सभी उम्मीदवार जनता के समर्थन से भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे।

## 15 तक बिजली बिल जमा करवाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 15 मई तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सौरभ राय ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 15 मई तक हमीरपुर शहर के भोटा चौक पर स्थित उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## सभी उपभोक्ता मोबाइल नंबर करें अपडेट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने बताया कि उपमंडल के अंतर्गत सभी अनुभागों लंबलू, बोहनी, ताल, टिक्कर और भीड़ा के सभी उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर बिजली बिलों के साथ अपडेट कर दिए गए हैं। सभी उपभोक्ता स्वयं ऑनलाइन माध्यम से या लोक मित्र केंद्रों में अथवा उपमंडल कार्यालय लंबलू में आकर बिजली जमा करवा सकते हैं। सहायक अभियंता ने बताया कि लंबलू उपमंडल में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से इस कार्य में सहयोग प्रदान करने की अपील भी की है।

## सेना भर्ती कार्यालय के लिए चाहिए भवन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के कार्यालय एवं आवास के लिए लगभग 900 से 950 वर्गमीटर या लगभग 10 हजार वर्ग फुट मकान की आवश्यकता है। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल श्रीधर राजन ने बताया कि भवन का एरिया स्वतंत्र होना चाहिए। शुरुआती तौर पर यह भवन जून 2026 से 3 साल के लिए पट्टे पर लिया जाएगा और उसके बाद 3-3 साल की अवधि में इसका किराये बढ़ाया जाएगा।

# गरीब दास फाउंडेशन की सह संस्थापक मनोरमा ने बीडीसी के लिए भरा नामांकन


मनोरमा ने बीडीसी सदस्य के लिए नामांकन भरा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** गरीब दास फाउंडेशन की सह-संस्थापक एवं निदेशक मनोरमा देवी ने भोरंज क्षेत्र के वार्ड नंबर 1, अमरोह से बीडीसी चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों में उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उनके समर्थन में उपस्थित रहे। इस दौरान गरीब दास फाउंडेशन के चेयरमैन देव राज भी मौजूद रहे। उनके साथ इंडियन यूथ कांग्रेस डॉक्टर सेल हिमाचल प्रदेश के चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार, पूर्व बीडीसी चेयरमैन राजिंदर ठाकुर, पूर्व प्रधान बोरा राम, गरीब दास फाउंडेशन के एसोसिएट डायरेक्टर सुमेश कुमार, अक्षय अर्शित तथा सुमन कुमारी भी उपस्थित रहे। अमरोह और जरोह के अनेक गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिकों ने भी इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और मनोरमा देवी को शुभकामनाएं दीं। उपस्थित लोगों ने विश्वास जताया कि मनोरमा देवी क्षेत्र के विकास, जनसेवा और स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए मजबूती से कार्य करेंगी।

मनोरमा देवी का नामांकन क्षेत्र में जनसमर्थन और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक माना जा रहा है। गरीब दास फाउंडेशन लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहा है और इसी भावना के साथ जनता की सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# वंदे मातरम् सिर्फ गीत नहीं भारत की आत्मा: अनुराग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 में संशोधन को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दिए जाने पर प्रसन्नता और आभार व्यक्त किया। इस संशोधन के तहत राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को अब राष्ट्रगान जन गण मन के समान वैधानिक संरक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है, जिसने असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरणा दी। अनुराग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिया गया यह ऐतिहासिक निर्णय लंबे समय से उठ रही राष्ट्रीय मांग को पूरा करता है और प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है, जिसके हृदय में वंदे मातरम् के प्रति सम्मान और आस्था है। इस संशोधन के माध्यम से वर्ष 1875 में बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित तथा वर्ष 1950 में राष्ट्रगीत के रूप में स्वीकार किए गए वंदे मातरम् को जानबूझकर किए गए अपमान, अवरोध या अनादर के विरुद्ध समान कानूनी सुरक्षा प्राप्त होगी। यह कदम भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं राष्ट्रीय प्रतीकों की गरिमा को और सशक्त करेगा तथा राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज और संविधान की तरह



इसके संरक्षण को भी प्रभावी बनाएगा। वंदे मातरम् की 150वीं जयंती के अवसर पर लिया गया यह निर्णय स्वतंत्रता संग्राम में इसकी प्रेरणादायी भूमिका और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में इसकी महत्ता को और मजबूत करता है। अनुराग सिंह ठाकुर ने इस विषय को लोकसभा के बजट सत्र के दौरान रूल 377 के माध्यम से प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने अपने प्रस्ताव में वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व, इसकी राष्ट्रीय एकता में भूमिका तथा इसके सम्मान की रक्षा हेतु वैधानिक प्रावधान की आवश्यकता पर जोर दिया था। अनुराग ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय का भी त्वरित सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## पंचायत समिति चुनाव के पहले दिन 25 नामांकन

**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी।** बमसन ब्लॉक टौणी देवी में पंचायत समिति सदस्य चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन प्रत्याशियों में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ उम्मीदवार ब्लॉक कार्यालय पहुंचे और नामांकन पत्र दाखिल किए। रिटर्निंग ऑफिसर सौरभ धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन कुल 25 नामांकन दाखिल हुए, जिनमें 14 महिलाएं और 11 पुरुष शामिल हैं। खनोली, उटपुर, पोहंज, पटनौण, संगरोह कलां, बगवाड़ा, पंजोत, बराड़ा, बारी वार्ड और नादसीं से कई उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र भरे। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन महिला उम्मीदवारों की सक्रिय भागीदारी ने चुनावी माहौल को और भी रोचक बना दिया है।

## एमएनएस के सेवानिवृत्त कर्मी करवाएं पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक स्क्वॉड्रन लीडर (सेवानिवृत्त) मनोज राणा ने बताया कि मिलिट्री नर्सिंग सेवा (एमएनएस) से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अब भूतपूर्व सैनिकों की श्रेणी में शामिल कर लिया गया है। इससे पहले यह दर्जा केवल थल सेना, नौसेना और वायु सेना के सेवानिवृत्त कर्मियों तक सीमित था। उन्होंने बताया कि जिला हमीरपुर में वर्तमान में एमएनएस सेवानिवृत्त कर्मियों का पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। इसलिए सभी संबंधित सेवानिवृत्त कर्मचारियों से अनुरोध किया गया है कि वे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय हमीरपुर में संपर्क कर अपना नाम दर्ज करवाएं और पूर्व सैनिक पहचान पत्र प्राप्त करें। इससे उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

## विद्यार्थियों ने मनाया राष्ट्रीय पेय दिवस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में होटल प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पेय दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिसमें होटल प्रबंधन विभाग के अलावा अन्य विभाग के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने मॉकटेल बनाए, जिसे फिर निर्णायक मंडल को प्रस्तुत किया गया। निर्णायक मंडल में प्राध्यापक डॉ आयुष गुलेरिया, अभिनव कुमार सहित होटल प्रबंधन विभाग के चंद्र वरुण, कुशल कुमार और राहुल कौंडल भी उपस्थित रहे।

# जिला परिषद में 4 व पंचायत समिति में 22 नामांकन दाखिल

**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर उपमंडल में पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन के पहले दिन जिला परिषद और पंचायत समिति पदों के लिए कई प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए, जिससे चुनावी माहौल में तेजी आ गई है। एसडीएम स्वाति डोगरा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला परिषद वार्ड नंबर 12 करेर से गुरदीप सिंह, विक्रम सिंह और सुरजीत कुमार तथा वार्ड नंबर 15 दांदडू से रेणु बाला ने नामांकन दाखिल किया। वहीं वार्ड नंबर 13 बिझड़ी और वार्ड नंबर 14 झंझयानी से कोई नामांकन नहीं हुआ। खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि पंचायत समिति के 23 वार्डों में से 22 नामांकन प्राप्त हुए हैं। विभिन्न वार्डों से प्रत्याशियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई है। एसडीएम ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 8 और 11 मई को भी जारी रहेगी। इसके बाद 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# बड़सर के जिला परिषद प्रत्याशियों ने पूर्व मुख्यमंत्री धूमल से लिया आशीर्वाद


पूर्व मुख्यमंत्री धूमल के साथ जिला परिषद प्रत्याशी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चार जिला परिषद वार्डों के प्रत्याशियों ने स्थानीय विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के नेतृत्व में समीरपुर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान करेर वार्ड से गुरदीप सिंह, बिझड़ी वार्ड से विकास कुमार, झांजियाणी वार्ड से रामेश्वर दत्त शर्मा तथा दांदडू वार्ड से रेणु बाला सहित सभी प्रत्याशी उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति, चुनावी रणनीति और संगठनात्मक मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रत्याशियों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर जो विश्वास जताया गया है, उसके लिए वे आभारी हैं। उन्होंने बताया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं और जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी की ताकत उसके कार्यकर्ता और संगठन है। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं और सेवा भावना के साथ चुनाव लड़ें।

# अंग्रेजी शिक्षकों की भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने अंग्रेजी के शिक्षकों के 312 पदों (पोस्ट कोड 26002) को फिक्स मानदेय के आधार पर भरने के लिए 3 अप्रैल को आयोजित कंप्यूटर बेस्ड स्क्रीनिंग टेस्ट का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा का परिणाम आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया गया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इस परीक्षा में उत्तीर्ण 489 उम्मीदवारों की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया 8 जून सुबह 10 बजे से आयोग के परिसर में आरंभ होगी, जिसका शेड्यूल अलग से अपलोड किया जाएगा और उम्मीदवारों को उनकी ईमेल आईडी पर सूचित किया जाएगा। उन्हें अलग से बुलावा पत्र नहीं भेजे जाएंगे। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय इन उम्मीदवारों को अपने साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, इनकी सेल्फ अटेस्टड फोटो प्रतियों के दो-दो सैट, आवेदन पत्र की डॉउनलोडड कॉपी और आईडी प्रूफ इत्यादि साथ लाने होंगे।

# हिम अकादमी विकासनगर में इंटर हाउस बास्केटबॉल मुकाबलों की रोमांचक धूम


इंटर हाउस बास्केटबॉल मुकाबले के खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में 7 मई को आयोजित इंटर हाउस बास्केटबॉल मैचों ने पूरे परिसर को उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना से सराबोर कर दिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार द्वारा किया गया।

उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क के महत्व के बारे में प्रेरित किया। बालक वर्ग में आर्यभट्टा हाउस ने बेहतरीन तालमेल और दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रमन हाउस को रोमांचक मुकाबले में पराजित किया। वहीं बालिका वर्ग में बोस हाउस की टीम ने शानदार खेल कौशल दिखाते हुए आर्यभट्टा हाउस पर यादगार विजय हासिल की। पूरा बास्केटबॉल कोर्ट खिलाड़ियों के जोश, दर्शकों की तालियों और प्रतिस्पर्धा की भावना से गूंज उठा।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं खेल विभाग ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया। विजेता खिलाड़ियों को विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# भोरंज में पंचायत चुनावों को लेकर बढ़ा राजनीतिक तापमान

◆ भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने उत्साह के साथ भरा नामांकन

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र में पंचायत चुनावों को लेकर शनिवार को राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई। भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ उत्साहपूर्वक नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिससे पूरा क्षेत्र चुनावी रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। नेताओं ने उम्मीदवारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को गति देने के लिए अनुभवी और सक्रिय चेहरों को आगे लाया गया है।

भाजपा मंडल से जुड़े कई कार्यकर्ताओं और महिला नेताओं ने भी इस बार चुनावी मैदान में दावेदारी पेश की है। युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा जिला परिषद वार्ड जाहू से चुनाव लड़ रहे हैं। वे पहले भी संगठन में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं और पंचायत स्तर पर बीडीसी सदस्य के रूप में अनुभव रखते हैं।

वार्ड धमरोल से अनीता शर्मा मैदान में हैं, जिनके पास पंचायती राज का लंबा अनुभव है। वे पूर्व में ग्राम प्रधान और बीडीसी सदस्य रह चुकी हैं तथा वर्तमान में भाजपा मंडल समीरपुर की सचिव हैं। वहीं वार्ड बधानी से रजनी भी चुनाव लड़ रही हैं, जो पहले वार्ड सदस्य रह चुकी हैं और महिला मोर्चा में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में पहचान रखने वाली अंजना भी इस चुनाव में प्रमुख चेहरा हैं। वे जिला महिला मोर्चा की महामंत्री रह चुकी हैं और वर्तमान में महिला मोर्चा की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें सामाजिक कार्यों के लिए कई सम्मान भी मिल चुके हैं।

**निरीक्षण** एनक्यूएएस निरीक्षण में कसा शिकंजा, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की गहन जांच

# हर उप स्वास्थ्य केंद्र में 12 अनिवार्य पैकेज लागू

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** जिला हमीरपुर के सुजानपुर ब्लॉक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का गहन निरीक्षण किया गया, जिसमें स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं, सेवा गुणवत्ता, स्वच्छता और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

वर्ष 2025 से लागू किए गए 12 अनिवार्य सेवा पैकेजों के तहत अब सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों को पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। इन पैकेजों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, गैर-संचारी रोगों की रोकथाम तथा प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष रूप से शामिल किया गया है, जिससे ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचे को और अधिक मजबूत किया जा सके।


निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व अन्य। अनंत ज्ञान

निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र कनफरा (पीएससी सलोआ) का दौरा किया गया। यहां कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर साक्षी तथा मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉ. अंत्रिक्षा की उपस्थिति में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की बारीकी से जांच की गई। राज्य स्तरीय हक्रू असेसर डॉ. घनश्याम, डॉ. कुलदीप एवं डॉ. डोगरा ने केंद्र की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई, रोगी अधिकार, उपचार व्यवस्था और सेवा प्रावधानों का विस्तृत आकलन किया।

निरीक्षण टीम ने स्पष्ट किया कि पहले जहां सीमित पैकेजों के आधार पर मूल्यांकन किया जाता था, वहीं अब सभी 12 सेवा पैकेजों का पूर्ण पालन अनिवार्य कर दिया गया है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों में सुधार की उम्मीद है। विशेषज्ञों ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं ही मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली की आधारशिला होती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और विश्वास को बढ़ाएगी। निरीक्षण के छठे दिन आरोग्य मंदिर खेरी का भी मूल्यांकन किया गया, जहां सेवा गुणवत्ता, स्वच्छता और उपचार प्रणाली की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, आशा वर्कर्स और अन्य कर्मचारियों ने एनक्यूएएस टीम का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला एनक्यूएएस कंसल्टेंट डॉ. आशीष, सीएचओ रितिका, दीपिका, बीपीएम अंकुश, एसटीएस अजय सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग का यह निरीक्षण ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# जर्जर पुल का बदला चेहरा 80% जीर्णोद्धार कार्य पूरा

अनंत ज्ञान



**देशराज कश्यप, धरवाला।** विकासखंड मैहला की ग्राम पंचायत दाड़वीं के अंतर्गत दुर्गेढ़ नाले पर बना वर्षों पुराना पुल आखिरकार नई जिंदगी की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। कभी लोगों के लिए खतरे का पर्याय बन चुका यह जर्जर पुल अब जीर्णोद्धार के बाद सुरक्षित सफर की उम्मीद बन गया है।

पुल के मरम्मत कार्य का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा पूरा हो चुका है, जिससे क्षेत्र के लोगों में राहत और खुशी का माहौल है। यह पुल केवल एक रास्ता नहीं, बल्कि आधा दर्जन पंचायतों की जीवनरेखा माना जाता है। ग्राम पंचायत दाड़वीं, बकाण, धिमला, सुनारा, मैहला, फागड़ी, बंदला व चड़ी सहित कई पंचायतों को जोड़ने वाला यह एकमात्र महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। खास बात यह है कि भरमौर से कांगड़ा व पंजाब की ओर आने-जाने वाले भेड़ पालकों के लिए भी यही पुल मुख्य सहारा है। बीते लंबे समय से पुल की हालत इतनी भयावह हो चुकी थी कि उस पर चलना किसी बड़े खतरे को न्योता देने जैसा था। पुल के ऊपर लगे लकड़ी के फट्टे उखड़ चुके थे, जबकि किनारों पर लगी सुरक्षा रेलिंग भी टूटकर निकल गई थी। हर दिन लोग जान हथेली पर रखकर इस पुल को पार करने को मजबूर थे। गत वर्ष आई प्राकृतिक आपदा के दौरान जब कई सड़कें पूरी तरह ध्वस्त हो गई थीं व क्षेत्र की कनेक्टिविटी ठप पड़ गई थी, उस समय भी दुर्गेढ़ नाले का यही पुल हजारों लोगों के लिए जीवनदायिनी राह बना था। मणिमहेश यात्रा के दौरान भरमौर में फंसे श्रद्धालुओं के लिए भी यही पुल एकमात्र सहारा साबित हुआ था। स्थानीय लोगों ने लंबे समय तक पुल की जर्जर स्थिति को लेकर आवाज उठाई। पूर्व प्रधान प्रवीण चौहान सहित ईशा खान, लतीफ मोहम्मद, दिनेश कुमार, खेमराज, केवल कपूर, तिलक राज व संजय ठाकुर समेत अनेक ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से सरकार और विभाग तक अपनी पीड़ा पहुंचाई थी। लगातार उठती मांग व लोगों की परेशानियों को देखते हुए विभाग ने आखिरकार पुल के जीर्णोद्धार कार्य को प्राथमिकता दी, अब तेजी से चल रहे निर्माण कार्य के चलते पुल का स्वरूप बदलता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शेष कार्य भी जल्द पूरा होने की उम्मीद है। ग्रामीणों का मानना है कि पुल के पुनर्निर्माण से न केवल स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि भेड़ पालकों, यात्रियों व राहगीरों का सफर भी पहले की तुलना में कहीं अधिक सुरक्षित और सुगम हो जाएगा।

## बीच सड़क में खराब हुई एचआरटीसी की बस, लोग हुए परेशान

**अनंत ज्ञान, भारमौर।** भरमौर उपमंडल के दुर्गम कुगती क्षेत्र में एचआरटीसी की एक बस के बीच सड़क में खराब हो जाने से यात्रियों, बारातियों व मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार कुगती बस स्टैंड के पीछे एचआरटीसी की बस अचानक बीच रास्ते में ही खराब होकर खड़ी हो गई, जिससे सड़क पर आवाजाही प्रभावित हो गई। बस बीच सड़क में खराब होने के कारण पीछे खड़ी अन्य गाड़ियां आगे नहीं निकल पाईं। खासतौर पर एक बारात में शामिल लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, क्योंकि उनकी गाड़ियां रास्ते में ही फंस गईं। वहीं, मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं को भी परेशानी उठानी पड़ी और उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने के लिए दूसरी गाड़ियों का सहारा लेना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुर्गम क्षेत्रों में निगम की बसों के बार-बार खराब होने से लोगों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। लोगों ने निगम प्रशासन से मांग की है कि पहाड़ी और दुर्गम रूटों पर बेहतर स्थिति वाली बसें भेजी जाएं ताकि यात्रियों को इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# सिर्फ वादे नहीं, जमीन पर बदलाव चाहिए: लियाकत अली

## 1995 से राजनीति में सक्रिय, पूर्व जिप सदस्य बोले–अब सरोल वार्ड की तस्वीर बदलने का समय

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** सरोल वार्ड से वार्ड नंबर-14 के जिला परिषद प्रत्याशी लियाकत अली खान ने चुनावी मैदान में उतरते ही विकास, रोजगार व जनसुविधाओं को लेकर बड़ा विजन पेश किया है। करीब तीन दशक लंबे राजनीतिक अनुभव के साथ जनता के बीच पहुंचे लियाकत अली खान ने साफ शब्दों में कहा कि अब समय केवल आश्वासनों का नहीं, बल्कि जमीन पर दिखाई देने वाले बदलाव का है। 1995 में पहली बार बीडीसी चुनाव जीतकर राजनीति में मजबूत पहचान बनाने वाले लियाकत अली खान वर्ष 2001 से 2005 तक जिला परिषद सदस्य भी रह चुके हैं। पुराने जडेरा वार्ड से लेकर वर्तमान सरोल वार्ड तक उन्होंने लगातार क्षेत्र की राजनीति और जनसमस्याओं को बेहद करीब से देखा है। पहले जहां इस वार्ड में 14 पंचायतें थीं, वहीं अब 17 पंचायतों का यह क्षेत्र विकास की नई उम्मीदों के साथ उनकी ओर देख रहा है। प्रदेश के कई बड़े नेताओं के साथ काम कर चुके लियाकत अली खान राजनीति के अनुभवी व रणनीतिक चेहरों में गिने जाते हैं। क्षेत्र में उनकी पकड़ व जनसंपर्क को लेकर राजनीतिक गलियारों में भी लगातार चर्चा बनी हुई है।

### आजादी के दशकों बाद भी गांव सड़क के लिए तरस रहे



**अनंत** ज्ञान से विशेष बातचीत में लियाकत अली खान ने सबसे पहले सड़क और कनेक्टिविटी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आज भी कई गांव ऐसे हैं, जहां लोग टूटी सड़कों और खराब संपर्क मार्गों के कारण परेशान हैं। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी लोगों को बुनियादी सड़क सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। मेरा पहला संकल्प गांव-गांव तक मजबूत सड़क संपर्क पहुंचाना है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### पानी, सीवरेज और कचरा प्रबंधन पर बड़ा प्लान

**लियाकत** अली खान ने कहा कि क्षेत्र में पीने के साफ पानी की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। इसके साथ ही सीवरेज व्यवस्था और कचरा प्रबंधन की बदहाल स्थिति लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन चुकी है। उन्होंने दावा किया कि यदि जनता उन्हें मौका देती है तो इन समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाएगा।

### आवारा पशुओं के लिए बनेगी विशेष व्यवस्था

**क्षेत्र** में बढ़ती आवारा पशुओं की समस्या को लेकर भी उन्होंने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि गांवों और सड़कों पर घूम रहे पशु न केवल दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं बल्कि किसानों के लिए भी चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा, ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी, जहां पशुओं को सुरक्षित रखा जा सके। उनके चारे, देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी तय की जाएगी ताकि कोई भी पशु आवारा न घूमे।'

### राजनीति सेवा का माध्यम है, सत्ता का नहीं

**बातचीत** के अंत में लियाकत अली खान ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि सरोल वार्ड को विकास, रोजगार और आधुनिक सुविधाओं के मामले में एक नई पहचान दिलाना है। उन्होंने अंत में कहा कि मैंने हमेशा राजनीति को सेवा का माध्यम माना है। जनता का भरोसा और सहयोग मिला तो सरोल वार्ड आने वाले समय में विकास की नई मिसाल बनेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### फोरलेन हराबाग के पास दो ट्रकों की टक्कर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** फोरलेन हराबाग के पास दो ट्रकों की भिड़ंत में एक चालक घायल हो गया। हादसा उस समय पेश आया, जब पीछे से आ रहे एक ट्रक ने आगे चल रहे ट्रक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में ट्रक चालक विनोद कुमार निवासी बिलासपुर घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में ट्रक को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### बालीचौकी में अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** पुलिस थाना औट की टीम ने गश्त व सुरागबुरारी के दौरान बालीचौकी क्षेत्र के गांव धार में अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस को मौके पर 3551 अफीम के पौधे मिले, जिन्हें नियमानुसार मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विद्यार्थियों को बताया भविष्य संवारने का रास्ता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एकांश कपिल ने पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों और कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद व सकारात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को अंधकार की ओर धकेल देता है व इसका असर केवल स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि सामाजिक एवं मानसिक जीवन पर भी गंभीर रूप से पड़ता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर अपराध, कानूनी अधिकारों तथा जिम्मेदार नागरिक बनने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर सवाल पूछकर कानूनी जागरूकता, नशे से बचाव व करियर से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में विशेष रुचि दिखाते हुए जागरूकता अभियान को सराहनीय बताया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रचना ठाकुर, वरिष्ठ प्रवक्ता गणित अंजू महाजन, भूगोल प्रवक्ता धीरज सिंह ठाकुर, विज्ञान अध्यापक मनु चोना तथा पीईटी सुशांत भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या रचना ठाकुर ने मुख्यातिथि, शिक्षकों व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### चुराह की बेटी हिमानी ठाकुर ने रचा इतिहास

**अनंत ज्ञान, चुराह।** चुराह उपमंडल की ग्राम पंचायत बघेईगढ़ के गांव कठवाड़ की बेटी हिमानी ठाकुर ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भाग सिंह की पुत्री हिमानी ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में एमए (हिंदी) सत्र 2022-24 में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। साधारण ग्रामीण परिवेश से निकलकर हिमानी ने अपनी मेहनत, अनुशासन व निरंतर प्रयासों के दम पर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने अपनी प्रारंभिक एवं उच्च शिक्षा चंबा महाविद्यालय से पूरी की और विश्वविद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की। हिमानी की इस सफलता से उनका परिवार, गांव कठवाड़, ग्राम पंचायत बघेईगढ़ और पूरा चुराह क्षेत्र गर्व महसूस कर रहा है। क्षेत्रवासियों ने इसे 'चुराह की बेटियों की उड़ान' बताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां भी हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं। अपनी उपलब्धि का श्रेय हिमानी ने माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियाँ कभी भी सपनों की राह नहीं रोक सकतीं, यदि इंसान में मेहनत और आगे बढ़ने का जज्बा हो।

### चंबा की बेटियों ने रचा सफलता का इतिहास

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) छात्रावासों की बेटियों ने इस वर्ष +2 परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित 11 छात्रावासों ने एक बार फिर साबित किया कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राएं भी अवसर मिलने पर सफलता के नए आयाम स्थापित कर सकती हैं। केजीबीवी मैहला की छात्रा शम्मी ने 92.20 प्रतिशत अंक लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। आरती ने 91.60, मुस्कान ने 88.40, कीर्ति ने 85.50, कल्पना ने 82.20 तथा अंजलि ने 81.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। केजीबीवी हिमगिरि की रीता ने 90.60 प्रतिशत, जबकि केजीबीवी करियां की रीनू ने 89.80 और बिबू ने 85.20 प्रतिशत अंक हासिल किए। केजीबीवी तीसा (टाइप-3) की रीता ने 83.40 और गीता देवी ने 80.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं टाइप-4 की अन्नू ठाकुर ने 85.60 तथा उर्मिला ने 86.80 प्रतिशत अंक अर्जित किए। शिक्षा उपनिदेशक विकास महाजन और छात्रावास प्रभारी डॉ. कविता बिजलवान ने छात्राओं को बधाई देते हुए इसे मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का परिणाम बताया।

### मणिमहेश यात्रा से पहले जागा व्यापार मंडल

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पवित्र मणिमहेश यात्रा को लेकर तैयारियों के बीच चौरासी व्यापार मंडल भरमौर ने चंबा-भरमौर नेशनल हाईवे 154-ए की खस्ताहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए प्रशासन से जल्द सुधार कार्य शुरू करने की मांग उठाई है। प्रधान व्यापार मंडल भरमौर महिंद्र पटियाल की अगुवाई में व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर विकास शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में व्यापार मंडल ने सड़क मार्गों की बदहाल स्थिति, पार्किंग व्यवस्था, सफाई व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। व्यापार मंडल का कहना है कि चंबा-भरमौर नेशनल हाईवे 154-ए सहित कई सड़क मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत में हैं, जिससे स्थानीय लोगों, व्यापारियों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और क्षतिग्रस्त हिस्से दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं, जबकि कई स्थानों पर बड़े वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। व्यापार मंडल ने कहा कि हर वर्ष मणिमहेश यात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालु भरमौर पहुंचते हैं, लेकिन खराब सड़क व्यवस्था यात्रा की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रही है। उन्होंने मांग की कि यात्रा शुरू होने से पहले हाईवे की मरम्मत और सुधार कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। इसके अलावा व्यापार मंडल ने जून माह से हैली टैक्सी सेवा शुरू करने की भी मांग उठाई, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिल सके। साथ ही पार्किंग और अन्य आवश्यक सुविधाओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

# करियां वार्ड से फिर गूंजा 'चेयरमैन' का नाम

## राज सिंह ठाकुर की एंट्री से गरमाया जिला परिषद चुनाव

अनंत ज्ञान



**राहुल सहगल, चंबा।** जिला परिषद चुनाव में करियां वार्ड इस बार सबसे चर्चित और हाईप्रोफाइल सीट बनता नजर आ रहा है। पूर्व जिला परिषद सदस्य व भाजपा के वरिष्ठ नेता राज सिंह ठाकुर ने जैसे ही वीरवार को नामांकन दाखिल किया, वैसे ही पूरे क्षेत्र की राजनीति में हलचल तेज हो गई।

राजनीतिक गलियारों में 'चेयरमैन साहब' के नाम से पहचान रखने वाले राज सिंह ठाकुर की चुनावी वापसी को भाजपा के लिए बड़ा दांव माना जा रहा है। नामांकन के बाद अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में राज सिंह ठाकुर ने आत्मविश्वास से कहा कि उनका पूरा राजनीतिक जीवन जनता की सेवा को समर्पित रहा है व आगे भी वह इसी भावना के साथ काम करते रहेंगे। उन्होंने भाजपा के प्रदेश शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उस विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरेंगे। विधानसभा चुनाव 2027 में संभावित दावेदारी को लेकर पूछे गए सवाल पर राज सिंह ठाकुर ने साफ कहा कि उनके लिए पार्टी का आदेश सर्वोपरि है। उन्होंने कहा, भाजपा का शीर्ष नेतृत्व जो जिम्मेदारी देगा, मैं उसी दिशा में पूरी निष्ठा से काम करूंगा। मेरे लिए पद नहीं, सेवा और संगठन सबसे महत्वपूर्ण हैं। राज ने अपने लंबे राजनीतिक अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2000 से 2005 तक वह मैहला ब्लॉक के अध्यक्ष रहे, 2005 से 2010 तक उपाध्यक्ष और फिर 2010 से 2015 तक जिला परिषद सदस्य के रूप में जनता की सेवा करते रहे। उन्होंने बताया कि 2015 से 2025 तक वार्ड के आरक्षित हो जाने के कारण उन्हें दस वर्षों तक चुनावी राजनीति से दूरी बनानी पड़ी, लेकिन इस बीच वो जनता से जुड़े रहे और निरंतर सेवा करते रहे और अब दोबारा मौका मिलने पर वह पहले से अधिक मजबूती के साथ मैदान में उतरे हैं। उन्होंने कहा कि करियां वार्ड की 18 पंचायतों का उन्हें हमेशा प्यार, समर्थन और आशीर्वाद मिलता रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार भी जनता मुझे भारी बहुमत से जिताकर भेजेगी।

### हर्ष महाजन को बताया राजनीतिक गुरु

**भाजपा** के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के साथ अपने संबंधों पर उन्होंने कहा कि हर्ष महाजन उनके राजनीतिक गुरु हैं और उनका मार्गदर्शन हमेशा उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहा है। करियां वार्ड में राज सिंह ठाकुर की चुनावी एंट्री के बाद समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस बार करियां वार्ड का मुकाबला बेहद दिलचस्प और प्रतिष्ठा का चुनाव बनने जा रहा है।

## बखलूंही के नौनिहालों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्कूल के नौनिहालों का स्वास्थ्य जांचा जा रहा है।

इसी कड़ी में वीरवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिक्षा खंड करसोग-2 की राजकीय प्राथमिक पाठशाला बखलूंही में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. अनुराग ने नौनिहालों की आंख, नाक, कान व दांतों की जांच की व स्वास्थ्य के प्रति नौनिहालों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। वहीं, स्वास्थ्य कर्मी राकेश कुमार द्वारा नौनिहालों को टीबी रोग के बारे में जानकारी प्रदान की गई। पाठशाला प्रभारी राकेश कश्यप ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नौनिहालों को स्वास्थ्य के प्रति जानकारी व स्वास्थ्य की जांच की गई, जिस पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार जताया है।

## डलहौजी में लाखों की चोरी, सिहुंता में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से महिला की मौत

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी, मारपीट, धमकी, सड़क हादसे और अवैध शराब से जुड़े पांच गंभीर मामले दर्ज किए हैं। इन घटनाओं के बाद जिले में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है।

पुलिस सभी मामलों की जांच में जुट गई है। सबसे बड़ी घटना डलहौजी थाना क्षेत्र में सामने आई, जहां साहिल कुमार निवासी डलहौजी ने शिकायत दर्ज करवाई कि अज्ञात चोर उनके घर से करीब 1 लाख 2 हजार रुपए के सोने के आभूषण और 50 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं तीसा थाना में लाल दीन नामक व्यक्ति ने हाश मोहम्मद सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने घर में घुसकर गाली-गलौज की और परिवार को जान से मारने की धमकियां दीं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। सिहुंता थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके को झकझोर दिया। शिकायतकर्ता रविंदर सिंह के अनुसार कांगड़ा जिले के सिधपुर निवासी राकेश गुप्ता की कार तेज रफ्तार में सिहुंता की ओर आ रही थी और उसने रजो देवी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उधर, अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीसा पुलिस ने गश्त के दौरान रमेश कुमार निवासी भंजराड़ू की दुकान से 2500 एमएल देसी शराब बरामद की। वहीं, सिहुंता पुलिस ने अनु कुमार निवासी कामला की दुकान से 5250 एमएल देसी शराब जब्त की है। दोनों मामलों में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक चंबा ने बताया कि सभी मामलों में नियमानुसार जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## किसानों की आवाज बने सुरेश ठाकुर, पंचायत समिति चुनाव के लिए दाखिल किया नामांकन

अनंत ज्ञान



**भरमौर।** सेब फल उत्पादक संगठन तहसील भरमौर के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने खणी-ग्रीमा क्षेत्र से पंचायत समिति सदस्य पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर चुनावी मैदान में ताल ठोक दी है।

लंबे समय से किसानों व बागवानों की समस्याओं को उठाने वाले सुरेश ठाकुर ने अपने नामांकन के साथ क्षेत्र के किसानों की आवाज को और मजबूत करने का संकल्प दोहराया है। सुरेश ठाकुर कई वर्षों से समाज सेवा व किसानों के हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उनका मुख्य उद्देश्य जनजातीय क्षेत्र भरमौर और गैर जनजातीय क्षेत्रों के किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाना है, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके व वे अपने बच्चों को बेहतर व उच्च शिक्षा प्रदान कर सकें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसान मेहनत तो बहुत करते हैं, लेकिन उन्हें उनकी मेहनत के अनुसार लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सब्जी व फल मंडी का अभाव किसानों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। इसके अलावा सेब सीजन के दौरान कोल्ड स्टोर की सुविधा न होने के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने इन मांगों को प्रमुखता से उठाने और सरकार तक पहुंचाने की बात कही। सुरेश ने कहा कि उनका संकल्प क्षेत्र के अंतिम पंक्ति में खड़े किसान तक सरकार की योजनाओं व सुविधाओं की जानकारी पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भरमौर क्षेत्र की लगभग 80 प्रतिशत आबादी खेती-बाड़ी से जुड़ी हुई है और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए वह लगातार संघर्ष करते रहेंगे।

## भारतीय पारंपरिक युद्ध कला को मिली नई पहचान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** रराष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 9वीं की शारीरिक शिक्षा की नई पुस्तक 'खेल प्रवीण' में भारत की पारंपरिक युद्ध कलाओं को शामिल कर सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने की पहल की है। पुस्तक में मणिपुर की प्रसिद्ध मार्शल आर्ट थांग-ता के साथ गटका, मल्लखंब और कलरिपयट्टू जैसी प्राचीन विधाओं को स्थान दिया गया है। चंबा निवासी अंतरराष्ट्रीय थांग-ता रेफरी भुवनेश सिंह कटोच ने इसे भारतीय पारंपरिक खेलों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों में आत्मरक्षा, अनुशासन, मानसिक संतुलन और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। पुस्तक में गटका की शुरुआत गुरु हरगोबिंद साहिब और उसके विकास में गुरु गोविंद सिंह की भूमिका का उल्लेख किया गया है। वहीं मल्लखंब और कलरिपयट्टू के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व को भी विस्तार से समझाया गया है। शिक्षाविदों के अनुसार, यह पहल विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और पारंपरिक युद्ध कलाओं से जोड़ने में अहम साबित होगी।

# दुनी चंद की बहाली को लेकर बैरा स्यूल में उबाल, यूनियन ने दी हड़ताल की चेतावनी

अनंत ज्ञान



**सुरंगानी।** बैरा स्कूल परियोजना, सुरंगानी में दुनी चंद की नौकरी बहाली की मांग को लेकर बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (सीटू) का धरना-प्रदर्शन सत्रहवें दिन भी जारी रहा।

मजदूरों के बढ़ते आक्रोश के बीच यूनियन ने परियोजना प्रबंधन को कड़ा संदेश देते हुए चेतावनी दी है कि यदि अगले सप्ताह तक बहाली नहीं हुई तो कर्मचारी हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। वीरवार को धरने में यूनियन महासचिव कुशल ठाकुर, उपाध्यक्ष लोक राम, सुरेंद्र कुमार, बलविंदर सिंह और चमन सिंह मौजूद रहे। वहीं, डैम साइट तीसा में भी यूनियन अध्यक्ष चमन सिंह की अगुवाई में प्रदर्शन जारी रखा गया। यूनियन महासचिव कुशल ठाकुर ने कहा कि यह लड़ाई केवल एक कर्मचारी की नौकरी की नहीं, बल्कि सभी मजदूरों के अधिकारों और भविष्य की है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्धारित 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु के बजाय 58 वर्ष में सेवा समाप्त करना मजदूरों के हितों के खिलाफ है और इससे कर्मचारियों को सीधा नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन लगातार बैठकों का आश्वासन देकर मामले को टाल रहा है, लेकिन अब मजदूर व इंतजार करने के मूड में नहीं हैं। यूनियन ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक दुनी चंद की नौकरी बहाल नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने जल्द फैसला नहीं लिया तो परियोजना में बड़े स्तर पर हड़ताल की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

# संधोल में एक सप्ताह से अघोषित बिजली कटों से हजारों लोग परेशान

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** संधोल क्षेत्र में पिछले करीब एक सप्ताह से लगातार लग रहे अघोषित बिजली कटों ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है।

क्षेत्र के बाशिंदे बार-बार बिजली की आवाजाही से परेशान हैं व इसका असर आम जनजीवन से लेकर व्यापारिक व शैक्षणिक गतिविधियों तक साफ दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चुनावों के दौरान बड़े-बड़े विकास के दावे किए जाते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं के नाम पर आज भी क्षेत्र उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। लोगों के अनुसार संधोल क्षेत्र में शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता हो, जब बिजली की आंख-मिचौली न होती हो। बार-बार बिजली बंद होने से अस्पतालों, बैंकों, स्कूल-कॉलेजों, लोकमित्र केंद्रों तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दूरदराज क्षेत्रों से विभिन्न कार्यों और फॉर्म भरने आने वाले लोगों को भी बिना बिजली के मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि पिछले कई वर्षों से क्षेत्र के लोगों को परेशान कर रही है। बावजूद इसके न तो विभाग और न ही जनप्रतिनिधि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए गंभीर नजर आ रहे हैं।

संधोल क्षेत्र आज भी कांगड़ा की एकमात्र बिजली लाइन पर निर्भर है। हालांकि, करीब दो दशक पहले यहां 33 केवी सब स्टेशन बनाया गया था, लेकिन बिजली आपूर्ति आज भी कांगड़ा के देहण क्षेत्र से ही की जाती है। सिंगल फीडर व्यवस्था होने के कारण बीच में कहीं भी रखरखाव या मरम्मत के लिए बिजली बंद की जाती है, तो उसका सीधा असर संधोल क्षेत्र पर पड़ता है। लोगों का कहना है कि पहले संधोल के लिए मढ़ी व कुजाबल्ह से वैकल्पिक बिजली लाइनें थीं, लेकिन उचित देखरेख व मरम्मत के अभाव में वे बंद हो गईं, अब इसका खामियाजा क्षेत्र की जनता भुगत रही है।

लोगों ने आरोप लगाया कि विभाग कागजों में करोड़ों रुपए की योजनाएं और रखरखाव कार्य दिखा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है।

### कर्मचारियों की कमी भी समस्या को बढ़ा रही

**विभाग** में कर्मचारियों की भारी कमी भी समस्या को बढ़ा रही है। करीब 10 हजार उपभोक्ताओं और 44 ट्रांसफार्मरों के लिए मात्र पांच से सात अस्थायी कर्मी ही सेवाएं दे रहे हैं, ऐसे में स्थानीय स्तर पर कोई खराबी आने पर घंटों तक बिजली बहाल नहीं हो पाती। लोगों ने कहा कि दिन में कई-कई बार बिजली आने-जाने से घरेलू उपकरण भी खराब हो रहे हैं और उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग व सरकार से मांग की है कि संधोल क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को मजबूत किया जाए, वैकल्पिक फीडर बहाल किए जाएं तथा पर्याप्त कर्मचारियों की नियुक्ति कर इस पुरानी समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

**◆ 10 हजार उपभोक्ताओं और 44 ट्रांसफार्मरों के लिए मात्र 7 कर्मी हैं तैनात**

### क्या कहते हैं अधिकारी

**सहायक** अभियंता बिजली विभाग उपमण्डल संधोल विपन कुमार ने बताया कि लगातार खराब चल रहे मौसम और तूफान चलने के कारण विभिन्न जगह तारें टूट रहीं हैं, तो कंही खंबे इसलिए मरम्मत के चलते कभी कभी सप्लाय बाधित हो रहीं है, लेकिन अब हालात सामान्य है।

**ब अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं नायब तहसीलदार भवारना जिला कांगड़ा हि.प्र.।**
मुकदमा नं. 19/C/2026
किस्म मुकदमा - नाम दरूस्ती
तारीख पेशी 16/6/2026
श्री अनीता कुमारी पुत्री किशोरी लाल निवासी मोहाल बसकेहड़ उप तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि.प्र.
**बनाम आम जनता**
**विषय: नाम की दरूस्ती करने बारे।**
प्रार्थी अनीता कुमारी पुत्री किशोरी लाल निवासी मोहाल बसकेहड़ उप तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय स्वघोषणा पत्र द्वारा सूचित किया है कि उसका असल नाम अनीता कुमारी पुत्री किशोरी लाल है। उसके अन्य अभिलेख में में इसी नाम से प्रविष्टी दर्ज हैं। जबकि मोहाल बसकेहड़ के राजस्व अभिलेख में प्रार्थी का नाम नीतू पुत्री किशोरी लाल दर्ज हैं। जो कि गलत है। अतः प्रार्थी मोहाल बसकेहड़ के राजस्व रिकॉर्ड में अपने नाम की दरूस्ती नीतू उपनाम अनीता कुमारी करवाना चाहती है। अतः इस मुस्त्रीमुनादी चस्पानगी के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त व्यकित के नाम की दरूस्ती बारे यदि किसी को कोई उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 16/6/2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकते है। अन्यथा उपरोक्त जन्म का पंजीकरण करने के आदेश पारित कर दिए जाएगें उसके उपरान्त कोई भी उजर व एतराज काबिले गौर न होगा। आज दिनांक 7/5/2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत जारी हुआ।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं नायब तहसीलदार भवारना जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, सुमन** (49) पुत्री पूर्ण राम पत्नी मोहिंदर पाल निवासी सेट नंबर-5 टैनिस कोर्ट, एचपीयू कैंपस, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय समरहिल शिमला शहरी(टी) हिमाचल प्रदेश पिन 171005 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम सोमा देवी से बदलकर सुमन रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

**मैं, प्रवीन कुमारी** 70 बर्ष पुत्री वोला राम विधवा पुरषोत्तम लाल गांव व डाकघर घाड तहसील पंचरूखी, जिला कांगड़ा हि.प्र. व्यान करती हूँ कि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम प्रवीन कुमारी लिखा है। लेकिन आधार कार्ड मैं मेरा नाम संधी देवी गलत दर्ज है। अतः प्रवीन कुमारी व संधी देवी एक ही औरत के नाम है। सबंधित नोट करें।

**इस** जन्म में परिश्रम से की गई कमाई का फल मिलता है और उस कमाई से दिए गए दान का फल अगले जन्म में मिलता है।

–गुरुवाणी

## संपादकीय

## लोकतंत्र की मर्यादा

लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने या हारने का नाम नहीं है, बल्कि यह जनादेश के सम्मान, संवैधानिक मर्यादाओं और नैतिक उत्तरदायित्व की भी व्यवस्था है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की असली ताकत इसी बात में निहित होती है कि सत्ता में बैठा व्यक्ति जनता के फैसले को विनम्रता के साथ स्वीकार करे। पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों में जो जनादेश मिला है उसका सम्मान करते हुए ममता बनर्जी को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उनका अड़ियल रवैया किसी भी सूरत में सही प्रतीत नहीं होता। निश्चित रूप से इससे उनकी छवि को ही नुकसान पहुंचेगा। यदि वह चुनाव नतीजों से संतुष्ट नहीं हैं तो अदालत का दरवाज खटखटा सकती हैं, लेकिन लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा नहीं बनना चाहिए।

हाल के वर्षों में देश की राजनीति में यह प्रवृत्ति देखने को मिली है कि चुनावी हार या राजनीतिक असफलता के बाद कई नेता और दल चुनावी प्रक्रिया, निर्वाचन आयोग अथवा अन्य संस्थाओं पर सवाल खड़े करने लगते हैं। यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं। लोकतंत्र की मजबूती इस बात में है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा बनाए रखें। यदि किसी दल या नेता को चुनाव परिणामों पर आपत्ति हो तो उसके लिए न्यायिक और संवैधानिक रास्ते खुले हैं।

भारत की संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था केवल संख्या बल पर आधारित नहीं है, बल्कि नैतिक वैधता पर भी टिकी हुई है। संविधान के अनुच्छेद 164 के अनुसार मुख्यमंत्री राज्यपाल के प्रति उत्तरदायी होता है और मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से विधानसभा के प्रति जवाबदेह होती है, लेकिन संवैधानिक विशेषज्ञ हमेशा यह कहते रहे हैं कि कानून से भी ऊपर लोकतांत्रिक नैतिकता होती है। किसी भी सरकार की वास्तविक शक्ति जनता के विश्वास से आती है। जब जनता अपना मत दे चुकी हो तो उसका सम्मान करना हर राजनीतिक दल का दायित्व बन जाता है।

भारतीय राजनीति में नैतिक जिम्मेदारी निभाने के अनेक उदाहरण मौजूद हैं। देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का नाम इस संदर्भ में हमेशा सम्मान के साथ लिया जाता है। 1956 में रेल दुर्घटनाओं के बाद उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए रेल मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। उस समय उनसे कानूनी रूप से इस्तीफा मांगने की कोई बाध्यता नहीं थी, लेकिन उन्होंने यह माना कि सार्वजनिक जीवन में जवाबदेही सर्वोपरि होती है। यही कारण है कि आज भी उनका नाम सादगी, ईमानदारी और नैतिक राजनीति के प्रतीक के रूप में लिया जाता है। लोकतांत्रिक संस्थाएं किसी एक व्यक्ति से बड़ी होती हैं। व्यक्ति आते-जाते रहते हैं, लेकिन संस्थाएं बनी रहती हैं और वही व्यवस्था को आगे बढ़ाती हैं। आधुनिक लोकतंत्रों की यही सबसे बड़ी ताकत है।

भारत में भी लोकतंत्र की सफलता इसी बात पर निर्भर करती है कि राजनीतिक दल हार और जीत दोनों को समान भाव से स्वीकार करें। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तब पैदा होती है जब चुनावों के बाद हिंसा का माहौल बन जाता है। किसी भी राज्य में राजनीतिक हिंसा लोकतंत्र के माथे पर कलंक के समान है। चुनाव के दौरान या बाद में यदि कार्यकर्ताओं की जान जाती है, समाज में तनाव बढ़ता है और आम जनता भय के वातावरण में जीने लगती है तो यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आत्मा के विरुद्ध माना जाएगा। जनता वोट इसलिए नहीं डालती कि चुनाव के बाद हिंसा और प्रतिशोध का दौर शुरू हो जाए। जनता विकास, स्थिरता और शांति चाहती है।

राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि लोकतंत्र केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जनसेवा का दायित्व भी है। चुनावी पराजय को स्वीकार करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना चुनाव जीतना। हार के बाद आत्ममंथन करना, जनता की अपेक्षाओं को समझना और सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाना लोकतांत्रिक परिपक्वता का संकेत होता है। लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष भी उतना ही आवश्यक है जितनी मजबूत सरकार।

आज जरूरत इस बात की है कि सभी राजनीतिक दल संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करें और जनता के फैसले को सर्वोच्च मानें। यदि किसी को चुनाव प्रक्रिया पर संदेह है तो उसे संवैधानिक दायरे में रहकर अपनी बात रखनी चाहिए। अदालतों और कानूनी संस्थाओं के माध्यम से समाधान तलाशना ही लोकतांत्रिक रास्ता है। राजनीतिक असहमति स्वाभाविक है, लेकिन संवैधानिक मर्यादा से बाहर जाकर राजनीति करना देश और लोकतंत्र दोनों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है।

## आज की प्रमुख हस्ती

## प्रसिद्ध आध्यात्मिक चिंतक

**स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती** (8 मई 1916– 3 अगस्त 1993) भारत के महान आध्यात्मिक चिंतक और वेदांत दर्शन के विश्वविख्यात प्रवक्ता थे। उनका जन्म केरल के एर्नाकुलम में हुआ था और उनका बचपन का नाम बालकृष्ण मेनन था। उनके पिता न्याय विभाग में न्यायाधीश थे। प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से विधि और अंग्रेजी साहित्य का अध्ययन किया। युवा अवस्था में वे 1942 के स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हुए और उन्हें कुछ समय जेल भी जाना पड़ा। इसके बाद उन्होंने 'नेशनल हेरॉल्ड' समाचार पत्र में पत्रकार के रूप में कार्य किया। हालांकि, भौतिक जीवन में सफलता के बावजूद वे आंतरिक रूप से असंतुष्ट थे और जीवन के गहरे प्रश्नों के उत्तर खोजने लगे। स्वामी शिवानंद के विचारों से प्रभावित होकर उन्होंने सांसारिक जीवन का त्याग किया और 1949 में ऋषिकेश के उनके आश्रम में दीक्षा ली। वहीं उनका नाम स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती रखा गया। इसके बाद उन्होंने स्वामी तपोवन के मार्गदर्शन में वेदांत का गहन अध्ययन किया।



**स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती**
**जन्म :** 8 मई, 1916
**मृत्यु :** 3 अगस्त, 1993

स्वामी चिन्मयानंद ने वेदांत के प्रसार के लिए 'ज्ञान-यज्ञ' की परंपरा शुरू की, जिसके माध्यम से उन्होंने देश-विदेश में गीता और उपनिषदों का सरल और तर्कपूर्ण व्याख्यान किया। 1953 में उन्होंने 'चिन्मय मिशन' की स्थापना की, जो आज विश्वभर में आध्यात्मिक, शैक्षिक और सामाजिक कार्यों में सक्रिय है। उन्होंने गीता, उपनिषदों और आदि शंकराचार्य के ग्रंथों पर 35 से अधिक भाष्य लिखे। उनके प्रवचन सरल, प्रेरणादायक और व्यावहारिक जीवन से जुड़े होते थे। 3 अगस्त 1993 को कैलिफोर्निया में हृदयाघात से उनका निधन हुआ।



कविता

## आशिक दीवाना

डॉ. कौमार्या मनोज

**तुझको** ही माना, जाने जिगर अपना।
तुम ही हकीकत, तुम्हीं मेरा सपना।।
दिली चाहत है मेरी, तेरे आगोश आऊं।
बीता के थोड़ा पल, खुद बेहोश पाऊं।।
पर तू है कि यारा, न सुनती है मेरी।
कभी दर्दे दिल सुन ले, जरूरत है मेरी।।
सोचता हूं यारा, समा जाऊं तुझमें।
प्यासा मैं तुम बिन, बता कैसे जिऊं मैं।।
अच्छा हूं यारा, कोशिश मेरी अच्छी।
खींचता चला जाता, कशिश तेरी सच्ची।।
कोशिश होती मेरी, तुझे भूल जाऊं।
असफल हूं कहूं क्या, खींचता चला आऊं।।
मैं परिंदा नहीं कि घोंसला बदलूं बार-बार।
मैं आशिक दीवाना, करता हूं तुमसे प्यार।।

# पंचायत चुनावः कर्मचारी असंतोष और नई राजनीतिक दिशा

हिमाचल प्रदेश में पंचायत और नगर परिषद के चुनाव एक लंबी कानूनी लड़ाई के बाद शुरू हुए हैं। ये चुनाव आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव की झलक के रूप में देखे जा रहे हैं, हालांकि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में विधानसभा की सीधी तस्वीर कम ही दिखाई देती है।



**डॉ. अशोक कुमार चौबे**
पूर्व कृषि विज्ञानी, कृ.वि.वि. पालमपुर

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

उत्तर प्रदेश में भी ऐसे चुनाव प्रस्तावित थे, लेकिन वहां वोटर लिस्ट के मुद्दे पर देरी की जा रही है। हिमाचल में जनता को अदालत का सहारा लेना पड़ा, जिसके बाद हाई कोर्ट के आदेश पर सरकार ने चुनाव कराने की घोषणा की। चुनाव दो चरणों में संपन्न होंगे।

हिमाचल की राजनीति मुख्यतः दो दलों-भाजपा और कांग्रेस के इर्द-गिर्द घूमती है। पंचायती चुनाव में कई उम्मीदवार निर्दलीय के रूप में भी उतरते हैं, लेकिन राज्य में निर्दलीयों को अधिक महत्व नहीं मिलता। यहां की जनता आमतौर पर दो ध्रुवों में बंटी रहती है-एक वर्ग भाजपा समर्थक और दूसरा कांग्रेस समर्थक। इनके बीच एक तीसरा वर्ग भी है, जिसमें कर्मचारी और पेंशनर शामिल हैं, जो अपने हितों के आधार पर सत्ता का समर्थन या विरोध करते हैं। वर्तमान समय में कर्मचारी और पेंशनर वर्ग सरकार से नाराज नजर आ रहा है। कारण है डीए और 2016 से 2022 तक के नए वेतनमान के एरियर का लंबित भुगतान। सरकार का तर्क है कि वह व्यवस्था परिवर्तन और आपदा प्रबंधन में व्यस्त है, साथ ही केंद्र से अपेक्षित आर्थिक सहायता नहीं मिल रही। राजस्व घाटा ग्रांट बंद होने से स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है, जिससे सरकार एकमुश्त 12,000 करोड़ रुपए का भुगतान करने में असमर्थ है। हालांकि, सरकार ने 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भुगतान कर समूहों में विभाजन की रणनीति अपनाई है।

शेष कर्मचारियों और पेंशनरों को भुगतान कब होगा, यह अभी भी अनिश्चित है। कुछ कर्मचारियों ने इस मुद्दे को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। कोर्ट ने सरकार को चार सप्ताह का समय दिया है, लेकिन यह मामला लंबा खिंच सकता है और 6 से 12 महीने तक चलने की संभावना है। ऐसे में यह मुद्दा पंचायत चुनाव में प्रमुख रूप से उठेगा और विपक्ष इसे जोर-शोर से भुनाने की कोशिश करेगा।

पंचायत से लेकर जिला परिषद और नगर परिषद तक, हर स्तर पर डीए और एरियर का मुद्दा गूंजेगा। भाजपा समर्थक पेंशनर और कर्मचारी भी इस मुद्दे को लेकर सरकार के खिलाफ माहौल बना सकते हैं। वहीं, एक वर्ग यह मानता है कि वर्तमान वित्तीय बोझ पूर्व सरकार के निर्णयों का परिणाम है, जिसने चुनाव से पहले वेतनमान लागू किया लेकिन एरियर रोक दिया। हिमाचल में कर्मचारी और पेंशनर हर गांव और नगर में प्रभाव रखते हैं। वरिष्ठ नागरिकों की बात को समाज में महत्व दिया जाता है, जिससे उनका चुनावी असर और बढ़ जाता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह वर्ग पंचायत चुनाव में कितना निर्णायक साबित होता है।




हालांकि पंचायत चुनाव सीधे तौर पर विधानसभा चुनाव को प्रभावित नहीं करते, लेकिन यह जनता के मनोभाव का संकेत जरूर देते हैं। यदि सत्तारूढ़ दल को नुकसान होता है, तो कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है और इसका असर आगामी चुनावों में दिख सकता है। वर्तमान में भाजपा और कांग्रेस दोनों में टिकट वितरण को लेकर असंतोष है। कई जगहों पर बगावत, निर्दलीय उम्मीदवार और आंतरिक गुटबाजी देखने को मिल रही है।

ऊना जिले में कांग्रेस के भीतर विधायक और जिला अध्यक्ष के बीच टकराव इसका उदाहरण है। इसी तरह भाजपा में भी कई स्थानों पर मतभेद सामने आए हैं। यह आंतरिक संघर्ष चुनावी परिणामों को प्रभावित कर सकता है। इस चुनाव में युवाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय है। बेरोजगारी के चलते युवा अब राजनीति को एक करियर विकल्प के रूप में देख रहे हैं। पंचायत चुनाव को राजनीति की नर्सरी माना जा रहा है, जहां से शुरुआत कर विधायक और सांसद बनने का रास्ता खुलता है। पेंशन की सुविधा समाप्त होने के बाद राजनीति को सुरक्षित और लाभकारी विकल्प के रूप में देखा जा रहा है।

युवाओं के लिए पंचायत स्तर पर कार्य करना न केवल सामाजिक पहचान देता है, बल्कि आर्थिक अवसर भी प्रदान करता है। पंचायतों को मिलने वाला बजट और योजनाओं का क्रियान्वयन उन्हें आकर्षित कर रहा है। हालांकि, यह भी एक चिंता का विषय है कि सेवा की भावना की जगह लाभ की सोच हावी हो रही है।

पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की नींव हैं, लेकिन यदि इन्हें केवल आर्थिक लाभ का माध्यम बना दिया जाए तो यह व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकता है। इसलिए जरूरी है कि चुनावों में भाग लेने वाले उम्मीदवार सेवा और विकास को प्राथमिकता दें। हिमाचल के पंचायत चुनाव केवल स्थानीय प्रतिनिधियों के चयन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह राज्य की राजनीतिक दिशा, सामाजिक संतुलन और प्रशासनिक प्राथमिकताओं का संकेत भी हैं। देखना होगा कि जनता किसे चुनती है और किस आधार पर-हित, विकास या राजनीतिक रणनीति।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विश्व रेडक्रॉस दिवस : मानवता, सेवा और करुणा का वैश्विक प्रतीक

विश्व रेडक्रॉस दिवस प्रतिवर्ष 8 मई को मनाया जाता है। यह दिन केवल रेडक्रॉस संस्था के संस्थापक हेनरी डूनेंट की जयंती ही नहीं, बल्कि मानवता, सेवा, करुणा और निस्वार्थ सहयोग की भावना का प्रतीक भी है।



**लकेश चंदेल**
अध्यापक, जिला बिलासपुर

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

ररेडक्रॉस ने दुनियाभर में युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं, महामारी और संकट की घड़ी में लाखों लोगों की सहायता करके मानवीय सेवा की अद्भुत मिसाल कायम की है। यही कारण है कि आज यह संस्था विश्व की सबसे विश्वसनीय सहायता संस्थाओं में गिनी जाती है। रेडक्रॉस की स्थापना का विचार वर्ष 1859 में ऑस्ट्रिया और सारडीनिया के बीच हुए युद्ध के बाद उत्पन्न हुआ। इस भीषण युद्ध में हजारों सैनिक घायल हुए थे और उनकी सहायता करने वाला कोई नहीं था। स्विट्जरलैंड के उद्योगपति हेनरी डूनेंट यह दर्दनाक दृश्य देखकर बेहद व्यथित हुए। उन्होंने घायलों की सेवा और सहायता के लिए लोगों को संगठित किया तथा बाद में एक अंतरराष्ट्रीय संस्था बनाने का प्रस्ताव रखा। इसी सोच ने आगे चलकर रेडक्रॉस आंदोलन का रूप लिया। वर्ष 1863 में जिनेवा में अंतरराष्ट्रीय बैठक आयोजित हुई, जिसमें रेडक्रॉस के मूल सिद्धांत तय किए गए। बाद में यह संस्था विश्वभर में मानवीय सहायता का सबसे बड़ा नेटवर्क बन गई।

रेडक्रॉस का मुख्य उद्देश्य युद्ध, बीमारी, प्राकृतिक आपदा और अन्य संकटों से प्रभावित लोगों की सहायता करना है। यह संस्था बिना किसी जाति, धर्म, भाषा या देश के भेदभाव के मानव सेवा का कार्य करती है। इसका प्रमुख सिद्धांत मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, सेवा और सार्वभौमिकता है। यही कारण है कि विश्व के अधिकांश देशों में रेडक्रॉस और रेड क्रिसेंट संस्थाएं सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। आज रेडक्रॉस केवल युद्धकालीन सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य, रक्तदान, आपदा राहत, रोग नियंत्रण और जागरूकता अभियानों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कोरोना, टीबी, एड्स, मलेरिया और अन्य गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने में इस संस्था का योगदान सराहनीय रहा है। रेडक्रॉस द्वारा लगाए जाने वाले रक्तदान शिविरों ने लाखों लोगों की जान बचाई है। थैलेसीमिया, कैंसर और एनीमिया जैसे रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने में यह संस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।





प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान रेडक्रॉस ने असाधारण सेवा कार्य किए। घायल सैनिकों की चिकित्सा, युद्ध बंदियों की सहायता और विस्थापित लोगों के पुनर्वास में इस संस्था ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी सेवा भावना के लिए रेडक्रॉस को वर्ष 1917, 1944 और 1963 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हेनरी डूनेंट को भी उनके महान कार्यों के लिए वर्ष 1901 में पहला नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया था।

भारत में रेडक्रॉस की शुरुआत वर्ष 1920 में हुई। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी आज देश के सैकड़ों जिलों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। प्राकृतिक आपदाओं, महामारी और सामाजिक संकट के समय यह संस्था राहत कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती है। देश के विभाजन के दौरान भी रेडक्रॉस ने लाखों विस्थापित लोगों की सहायता करके मानवता की मिसाल पेश की थी। विश्व रेडक्रॉस दिवस हमें यह संदेश देता है कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। हेनरी डूनेंट की सकारात्मक सोच और निस्वार्थ सेवा भावना ने पूरी दुनिया को करुणा और सहयोग का नया मार्ग दिखाया। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम भी मानवता, भाईचारे और सहयोग की भावना को अपनाएं तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तैयार रहें। यही रेडक्रॉस दिवस का वास्तविक उद्देश्य और संदेश है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विकास बनाम प्रकृतिः क्या हम अपने ही अस्तित्व के संकट की ओर बढ़ रहे हैं?

धरती आज मानो एक बहती हुई नदी बन गई है-एक ऐसी नदी, जिसमें अनगिनत शाखाएं, पत्ते, किनारे और उनसे जुड़ी अनगिनत कहानियां एक साथ बह रही हैं, किंतु यह प्रवाह अब जीवनदायिनी नहीं, बल्कि अपने ही अस्तित्व के क्षरण की कहानी कह रहा है। विडंबना यह है कि यह नदी अब सूखने की कगार पर है। इसके किनारों पर पनपी सभ्यताएं धीरे-धीरे कंक्रीट में बदलकर अपने ही अस्तित्व को श्रद्धांजलि देती प्रतीत हो रही हैं।



**कनुप्रिया**
नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

मानव, जिसे सृष्टि का सर्वश्रेष्ठ कहा गया, आज विकास की अंधी दौड़ में इतना खो गया है कि उसे अपने ही कदमों की आहट सुनाई नहीं दे रही। वह यह भूल चुका है कि जिस प्रकृति की गोद में उसका जन्म हुआ, उसी के विनाश का मार्ग वह स्वयं प्रशस्त कर रहा है। प्रश्न यह उठता है- जब धरती ही नहीं बचेगी, तो विकास का यह प्रदर्शन किसके लिए होगा? धरती रोई मौन हो, नभ भी हुआ उदास। लोभ लालच में बंधा, मानव हुआ निराश। अरावली, हिमालय और शिवालिक की पर्वत श्रृंखलाएं, जो कभी अडिग और सशक्त प्रतीत होती थीं, आज अपने घावों को समेटे मौन खड़ी हैं। राजस्थान जैसे राज्य, जहां जल की हर बूंद अमूल्य है, वहां ग्रीन एनर्जी के नाम पर सोलर पैनलों को ठंडा रखने के लिए हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहाया जा रहा है। यह विरोधाभास हमारी विकास की सोच पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

जहां कभी खेजड़ी के वृक्ष जीवन का प्रतीक बनकर खड़े थे, आज वहां सूखे ठूंठ और बंजर धरती अपनी कहानी स्वयं कह रहे हैं। यह परिवर्तन केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि हमारी संवेदनाओं के क्षरण का भी प्रतीक है।

पेड़ों की हर एक श्वास, जीवन का विस्तार। इनको काटे जो मनुज, करता स्वयं संहार। मध्य प्रदेश में आदिवासी महिलाएं जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए जल सत्याग्रह कर रही हैं। उनका संघर्ष केवल संसाधनों के लिए नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व के लिए है। उनकी यह मौन पुकार आधुनिकता के शोर में कहीं खोती जा रही है।



दूसरी ओर, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में विकास के नाम पर लाखों पेड़ों की बलि देने की योजनाएं बनाई जा रही हैं। इसे प्रगति का प्रतीक कहा जा रहा है, किंतु पर्यावरण के दृष्टिकोण से यह एक गंभीर संकट का संकेत है। जैव विविधता का ह्रास और आदिवासी समुदायों का विस्थापन—क्या यही हमारे विकास की कीमत है? जब दुनिया के सबसे गर्म शहरों में अधिकांश हमारे देश में हैं, तब भी हम आंखें मूंदकर आगे बढ़ते जा रहे हैं। यह केवल अनदेखी नहीं, बल्कि आने वाले संकट को आमंत्रण है।

हाल ही में कुल्लू जिले में हुई त्रासदी ने यह स्पष्ट कर दिया कि प्रकृति का असंतुलन केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रहता, वह सीधे मानव जीवन को प्रभावित करता है। असमय बदलते मौसम, अनियंत्रित आपदाएं-ये सब उस असंतुलन के संकेत हैं, जिसे हमने स्वयं जन्म दिया है। प्रकृति संग जो छेड़छाड़, देती है परिणाम। क्षण भर की यह भूल फिर, ले लेती है प्राण। एक पेड़ का गिरना, एक नदी का सूखना, या मौसम का बदलना—ये केवल घटनाएं नहीं हैं, बल्कि अनगिनत जीवनों को प्रभावित करने वाली सच्चाइयां हैं। कितने घरों के चूल्हे बुझ जाते हैं, कितने बच्चे अपनी मां की ममता से वंचित हो जाते हैं- इनका हिसाब किसी आंकड़े में नहीं मिलता।

यह केवल एक लेख नहीं, बल्कि उस हर संवेदनशील हृदय की पुकार है, जो प्रकृति से प्रेम करता है। जो हरियाली में जीवन देखता है और खुले आकाश में स्वतंत्रता का अनुभव करता है। अब समय है कि हम विकास और विनाश के बीच की उस महीन रेखा को पहचानें। क्योंकि यदि प्रकृति नहीं बचेगी, तो न सभ्यता बचेगी और न ही मानव का अस्तित्व। प्रकृति बचे तो प्राण हैं, प्रकृति से ही श्वास। इसके बिन मानव सभी, केवल एक प्रयास।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# सोशल मीडिया, गैजेट्स से तनाव मुक्त रहने का एकमात्र विकल्प 'डिजिटल व्रत'

आज आम जनमानस के लिए मोबाइल, सोशल मीडिया और अन्य गैजेट्स से तनाव ग्रस्त होने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में तकनीक के इस दौर में अब लोगों में सोशल मीडिया और गैजेट्स से 'डिजिटल व्रत' करने का दौर शुरू हो गया है। देश-दुनिया में डिजिटल फास्टिंग अर्थात डिजिटल डिटॉक्स को लेकर व्यापक चर्चा होने लगी है।



**डॉ. नितिका शर्मा**
भोरंज, जिला हमीरपुर, लेखिका हि.प्र. केंद्रीय विवि की शोधार्थी रही हैं

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

साथ ही कई स्थानों पर डिजिटल फास्टिंग को लेकर अभियान भी शुरू हुए हैं, लेकिन एक व्यापक रूप देने के लिए समाज के हर वर्ग को डिजिटल फास्टिंग को लेकर अपने-अपने स्तर पर ही समय का नियोजन करना होगा, जिससे व्यक्ति अपने आपको मानसिक तनाव से मुक्त रख सकें। एक दौर होता था जब दोस्त और परिवार के साथ बैठकर हम अक्सर समय बिताया करते थे, लेकिन अब उनके साथ होकर भी साथ नहीं होते हैं। आज के समय में अगर चार लोग एक साथ बैठे हैं तो सभी कहीं न कहीं अपने मोबाइल में ही व्यस्त नजर आते हैं। यहां तक की टीवी देखते समय भी हमारा ध्यान सबसे अपने मोबाइल में ही होता है। अब सभी के लिए एक-दूसरे के साथ समय व्यतीत करने से ज्यादा जरूरी सोशल मीडिया को स्क्रॉल करना हो गया है। हम सभी इस लत के शिकार हो गए हैं और इससे निजात पाने के लिए डिजिटल फास्टिंग करना बेहद जरूरी हो गया है। चाहे बच्चे हो या बुजुर्ग या फिर युवा पीढ़ी। सभी के लिए एक ही हल है डिजिटल व्रत है जिसे करने के लिए आपको गैजेट्स से एक दिन का आराम लेना होगा।

जिस प्रकार पुराने जमाने में लोग एक दिन का व्रत रखते थे, जिसका कारण शरीर की मशीनरी को एक दिन के लिए आराम देना और शरीर को शुद्ध करना था। ठीक उसी प्रकार ही डिजिटल फास्टिंग है, लेकिन इसमें अंतर ये है कि आपको अपने मन को शांति देने और गैजेट्स को 24 घंटे इस्तेमाल करने की लत को दूर करने के लिए इसे रखना आज की जरूरत हो गया है। हर किसी को सप्ताह में एक दिन निश्चित करना होगा कि वह उस दिन डिजिटल फास्टिंग पर है और फोन, टैबलेट या लैपटॉप का पूरा दिन इस्तेमाल नहीं करेगा या फिर हर रोज कुछ निश्चित घंटों के लिए फोन, टैबलेट या लैपटॉप का प्रयोग नहीं करेगा। ऐसा जब हम नियमित रूप से करेंगे, तो इससे हमारे पारिवारिक रिश्ते, दोस्त और परिवार के साथ मजबूत संबंध बनाने की दिशा में और सहायता मिलेगी। इसके साथ हमारी मानसिक स्थिति अच्छी होगी। साथ ही शरीर में भी नई ऊर्जा का संचार होगा।



आज के समय में युवाओं का अधिकांश समय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यतीत होना एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है। कई लोग इस हद तक इसके आदी हो चुके हैं कि वे दिन के आठ से नौ घंटे तक मोबाइल और अन्य गैजेट्स का उपयोग करते रहते हैं। इसका सीधा प्रभाव उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत पर पड़ता है। लंबे समय तक स्क्रीन पर रहने से आंखों पर दबाव, नींद की कमी और एकाग्रता में गिरावट जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। साथ ही, व्यक्ति के व्यवहार में चिड़चिड़ापन और तनाव भी बढ़ने लगता है। ऐसी स्थिति में डिजिटल व्रत एक उपयोगी समाधान हो सकता है। इसके अंतर्गत व्यक्ति कुछ समय के लिए सोशल मीडिया और अनावश्यक डिजिटल गतिविधियों से दूरी बनाकर अपने समय का सदुपयोग करता है। इससे न केवल मानसिक शांति मिलती है, बल्कि पढ़ाई, काम और वास्तविक जीवन में संबंध भी बेहतर होते हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सरकाघाट में कल विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एनएचएआई के कार्य के चलते 11 केवी सरकाघाट फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 9 मई को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल सरकाघाट के सहायक अभियंता ई. हंस राज ने दी। उन्होंने बताया कि प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बेहड़, डबरोग, रामनगर, लाका, कराड़ी, लोअर बाजार, अपर बाजार, जमसाई, हॉस्पिटल, टटीह कुनालग तथा आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### तरुण पाठक बार काउंसिल हेतु निर्वाचित



**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश बार काउंसिल के हाल ही में सम्पन्न चुनावों में तरुण पाठक सदस्य के रूप में निर्वाचित घोषित हुए हैं। चुनावों में प्रदेशभर से कुल 45 प्रत्याशियों ने भाग लिया जिनमें से 14 पुरुष एवं 4 महिलाएं निर्वाचित हुईं। वर्तमान में वे प्रदेश सरकार के उप महाधिवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। अपनी जीत पर उन्होंने इसे अधिवक्ता समुदाय के विश्वास का परिणाम बताया। विजय उन्होंने एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बताया व कहा कि अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा एवं न्यायिक व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। अपनी इस जीत को अपने स्व. पिता अधिवक्ता अशोक पाठक की पावन स्मृति को समर्पित किया। उनके पिता का हाल ही में 23 अप्रैल को निधन हो गया था। तरुण पाठक वर्ष 2012 से 2017 तक भी इसी पद पर कार्य कर चुके हैं।

### महादेव में पंकज ने प्रधान पद के लिए भरा पर्चा



**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती नौ वार्डों वाली ग्राम पंचायत महादेव में वीरवार को पंचायतीराज चुनाव के दृष्टिगत पंचायत प्रतिनिधि बनने वाले पहले दिन कुल दस दावेदारों ने ग्राम पंचायत महादेव के सचिव के पास अपना नामांकन भरा। इसमें प्रधान पद के लिए तीन,उप प्रधान पद के लिए दो ने तथा वार्ड सदस्यों हेतु पांच दावेदारों ने पर्चे भरे। उधर धनोटू विकास खंड के बीडीओ ने बताया कि जिला परिषद वार्ड महादेव से एक ने एस डी एम बल्ह के कार्यालय में नामांकन दाखिल किया इसी प्रकार कोट वार्ड से दो ने नामांकन भरा। इसके साथ ही सोलह बी डी सी में से ग्यारह दावेदारों ने नायब तहसीलदार कार्यालय बल्ह में नामांकन प्रक्रिया पूरी की।

### दसेहड़ा स्कूल का 12वीं का परिणाम शानदार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दसेहड़ा में बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों ने तीनों संकायों में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य हुक्म चंद ने बताया कि आर्ट्स संकाय में ललित, नॉन मेडिकल में अंजली व सानिया वर्मा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कुल 11 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। प्रधानाचार्य ने सभी मेधावी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई दी, कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है।

### सरकाघाट की तमन्ना ने थाईलैंड में लहराया परचम



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के वार्ड नंबर-1 लाका की तमन्ना पुत्री राजकुमार ने थाईलैंड में आयोजित कोरफबॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए टॉप स्कोरर बनने का गौरव हासिल किया है। तमन्ना ने बारहवीं तक की शिक्षा राजकीय विद्यालय सरकाघाट से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने एपीजे यूनिवर्सिटी, जालंधर से ग्रेजुएशन तथा धर्मशाला से बीएड की पढ़ाई पूरी की। तमन्ना ने बताया कि उन्हें बचपन से ही खेलों का शौक था। उन्होंने सातवीं कक्षा से बास्केटबॉल खेलना शुरू किया और तीन बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इसी दौरान उनका चयन भारतीय अंतरराष्ट्रीय कोरफबॉल टीम में हुआ। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी उन्हें थाईलैंड और ताइवान में खेलने का अवसर मिल चुका है। वर्ष 2026 में 1 से 3 मई तक थाईलैंड में आयोजित प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने पांचवां स्थान हासिल किया, जबकि तमन्ना टीम की टॉप स्कोरर रहीं। तमन्ना के पिता राजकुमार निजी कार्य के साथ इलेक्ट्रिशियन का काम करते हैं, जबकि माता कांता देवी गृहिणी हैं। उनकी बड़ी बहन विवाहित हैं और छोटा भाई बीएड की पढ़ाई कर रहा है। तमन्ना ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय कोच विनोद कुमार तथा अपने माता-पिता के सहयोग को दिया। थाईलैंड से घर लौटने पर परिवार और स्थानीय लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर तथा भारत माता के जयघोष के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

### बीएसएस सुंदरनगर में चुने एनसीसी कैडेट्स



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीबीएमबी प्रबंधन द्वारा संचालित पाठशाला बीएसएल सुंदरनगर में राष्ट्रीय कैडेट कोर की वर्ष 2026-27 सत्र के लिए नई भर्ती प्रक्रिया का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस भर्ती में कक्षा 9वीं के 35 छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। भर्ती प्रक्रिया के तहत शारीरिक परीक्षण, लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन किया गया। पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुई, जिससे विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर 2 एचपी बटालियन एनसीसी मंडी से पहुंचे सूबेदार प्रगट सिंह एवं हवलदार अनवर चोपड़ा ने बताया कि चयनित कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, देशभक्ति और सामाजिक सेवा से जुड़ा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एनसीसी से जुड़ने वाले विद्यार्थियों को भविष्य में रक्षा सेवाओं सहित अन्य क्षेत्रों में भी विशेष लाभ प्राप्त होते हैं। कार्यक्रम के अंत में चयनित कैडेट्स को शुभकामनाएं दी गई और उनसे अपेक्षा की गई की वे एनसीसी के आदर्शों का पालन करते हुए देश और समाज की सेवा में अपना योगदान देंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य मंजीत सिंह नारंग और स्कूल के एनसीसी अधिकारी अनिल गुलेरिया ने मंडी से आए एनसीसी अधिकारियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों से अनुशासित रहकर राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा दी।

### मौसम की मार से मुरझाए किसानों के चेहरे

**अनंत ज्ञान, भौर।** बेमौसमी बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। छह महीने की कड़ी मेहनत के बाद जब गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार हुई तो लगातार बदलते मौसम ने किसानों के खिले चेहरे मुरझा दिए हैं। इन दिनों क्षेत्र भर में गेहूं की कटाई जोरों पर चल रही है। किसान सुबह से देर शाम तक खेतों में जुटे हुए हैं। फसल को सुरक्षित निकालने के लिए किसान दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, लेकिन बार-बार हो रही बारिश उनकी परेशानी बढ़ा रही है। किसानों के सामने कटाई और थ्रेशिंग को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।किसानों का कहना है कि मौसम विभाग की भविष्यवाणियां भी सटीक साबित नहीं हो रहीं, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। आसमान की ओर टकटकी लगाए किसान मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि कुदरत के आगे वे पूरी तरह बेबस नजर आ रहे हैं।

### वाहनों की पासिंग एवं ड्राइविंग टेस्ट 14 को

**अनंत ज्ञान, पधर।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप-मंडल पधर में 14 मई को वाहनों की पासिंग तथा ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वाहनों की पासिंग तथा ड्राइविंग टेस्ट हरडगलू मेला मैदान में आयोजित किए जाएंगे। सभी आवेदकों को निर्धारित तिथि पर प्रातः 10 बजे संबंधित दस्तावेजों सहित निर्धारित स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। एसडीएम ने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट हेतु ऑनलाइन पासिंग से संबंधित सभी औपचारिकताएं ऑनलाइन माध्यम से पूर्ण करनी होंगी तथा फीस एवं टैक्स की केवल ऑनलाइन रसीद ही मान्य होगी। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि ड्राइविंग टेस्ट हेतु स्लॉट बुकिंग 11 मई से शुरू कर दी जाएगी तथा बिना स्लॉट बुकिंग के किसी भी आवेदक का ड्राइविंग टेस्ट नहीं लिया जाएगा।

## करसोग में पहले दिन जिला परिषद के लिए 10 ने भरा पर्चा

अनंत ज्ञान

**करसोग।** पंचायती राज संस्थाओं के लिए चुनाव नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के पहले दिन करसोग में जिला परिषद सदस्य पद के लिए 10 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र भरे है। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि जिला परिषद् सदस्य पद के लिए नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन करसोग के अंतर्गत आने वाले जिला परिषद् के सभी वार्डों से प्रत्याशियों ने अपने- अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। उन्होंने बताया कि जिला परिषद वार्ड -15 चुराग से शकुंतला देवी जबकि जिला परिषद वार्ड लोअर करसोग -16 से निर्मला चौहान और चमेलु देवी ने अपना नामांकन पत्र भरा है। जिला परिषद वार्ड - 17 सराहन से वीपा देवी, नोम लता और सुमित्रा देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जबकि जिला परिषद वार्ड साविंधार -18 से कुलभूषण, राम लाल, ललित कुमार और केवल कुमार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

### पधर में पांच प्रत्याशियों ने किया नॉमिनेशन

**पधर।** उपमंडल मुख्यालय पधर में जिला परिषद के वार्ड नंबर 2 बथेरी, वार्ड नंबर 4 डलाह और वार्ड नंबर 5 कुफरी के लिए नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन पांच उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि डलाह वार्ड से सपना देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। कुफरी वार्ड से संतोष ठाकुर और चिंता देवी ने अपने नामांकन भरे, जबकि बथेरी वार्ड से शारदा देवी और सुभाष चंद ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

# जिला परिषद चुनाव : मंडी में तीन सरकाघाट में 7 ने भरा नामांकन

## 11 मई तक दाखिल होंगे नामांकन पत्र, 12 मई को होगी पत्रों की जांच

अनंत ज्ञान

**मंडी/सरकाघाट।** जिला परिषद के वार्ड नंबर 7, 8, 30 और 31 के लिए नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन कुल तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। यह जानकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मंडी सदर रूपिन्द्र कौर ने दी।

उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 7 स्योग से कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। वार्ड नंबर 8 कटौला से शेर सिंह और शुभम शर्मा ने नामांकन भरे, जबकि वार्ड नंबर 30 सदयाणा से कोई नामांकन नहीं हुआ। वार्ड नंबर 31 कोटली से हेम लता ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने बताया कि 8 और 11 मई को भी सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 12 मई को की जाएगी, जबकि नाम वापसी की प्रक्रिया 14 और 15 मई को पूरी होगी।

वहीं, सरकाघाट में जिला परिषद के चार वार्डों के लिए कुल 7 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि जिला परिषद वार्ड नंबर 27-कोट से दो नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें लता देवी ठाकुर पत्नी राजेंद्र कुमार तथा सुष्मिता शर्मा पत्नी मनोज कुमार शर्मा ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 28-भांबला से भी दो नामांकन दर्ज हुए हैं, जिनमें रिंकू पत्नी जगदीप सिंह तथा राज कुमारी पत्नी अजय कुमार शामिल हैं। वार्ड नंबर 29-थौना से अंजनी देवी पत्नी काली दास ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी प्रकार वार्ड नंबर 33-नबाही से भी दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे, जिनमें श्याम लाल सुपुत्र हरिया राम तथा सरसा देवी पत्नी बुधी राम शामिल हैं। नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के तुरंत बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे तथा अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदान आवश्यक होने की स्थिति में चुनाव तीन चरणों में आयोजित किए जाएंगे। प्रथम चरण का मतदान 26 मई, द्वितीय चरण का मतदान 28 मई तथा तृतीय चरण का मतदान 30 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा।

◆ **14 और 15 मई को पूरी होगी नाम वापसी की प्रक्रिया**

## नरेंद्र अत्री ने मां अवाह देवी मंदिर में परिवार के साथ नवाया शीश

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता नरेंद्र अत्री ने परिवार सहित माता जालपा अवाह देवी मंदिर में माथा टेका व सबके लिए मंगल कामना की। लगभग तीन दशकों से भाजपा संगठन के विभिन्न दायित्वों का विभिन्न क्षेत्रों में निर्वहन कर रहे नरेंद्र अत्री वर्तमान में हि. प्र. ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष के दायित्व निर्वहन के साथ युवाओं को खेलों में सहभागिता सुनिश्चित करने व ड्रग्स,नशे से दूर रहकर पारिवारिक व सामाजिक दायित्व निर्वाहन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित कर रहे हैं।

मूलत: टिहरा से संबंध रखने वाले हिम अकादमी हमीरपुर के छात्र अंतराष्ट्रीय योगासन खिलाड़ी यशोवर्धन अत्री ने भी अपनी दादी, माता-पिता व बहन के साथ मां के दरबार में माता टेक कर आशीर्वाद लिया व सबके लिए मंगल कामना की। यशोवर्धन अत्री को योगासन में जिला से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपने क्षेत्र-प्रदेश-देश का नाम रोशन करने के लिए मंदिर कमेटी ने अध्यक्ष श्री रमेश गुलेरिया के नेतृत्व में मां की चुनरी व चित्र भेंट का सम्मानित किया व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी ।

यशोवर्धन के पिता नरेंद्र अत्री भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ी रह चुके हैं। यशोवर्धन के दादा स्वर्गीय इंजीनियर बी.आर.अत्री पढ़ाई में मेरीटोरियस छात्र रहे व सरकारी सेवा में बतौर मैकेनिकल इंजीनियर अधीक्षण अभियंता उत्कृष्ट कार्य अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं।

◆ **अंतराष्ट्रीय योगासन खिलाड़ी यशोवर्धन अत्री ने भी टेका माथा**

## सलवाणा की सुनीता बनी वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल की सलवाणा पंचायत की सुनीता देवी का चयन छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित एम्स में वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी के पद पर हुआ है। सुनीता ने परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सलवाणा पंचायत के निचला गमोहू गांव की रहने वाली सुनीता के पिता राजकुमार गांव में छोटी सी दुकान चलाते हैं, जबकि माता रामकली गृहिणी हैं। बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही सुनीता ने सीमित संसाधनों के बावजूद कभी हार नहीं मानी। वह माता-पिता के कार्यों में हाथ बंटाने के साथ-साथ अपनी पढ़ाई भी जारी रखती रही। सुनीता ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जड़ोल से जमा दो की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद मोहाली के एक संस्थान से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उसने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में सेवाएं दीं और साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करती रही। दो माह पूर्व उसने एम्स में वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। गुरुवार को उसने रायपुर पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया। क्षेत्र के लोगों ने सुनीता की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उसे शुभकामनाएं दी हैं।



◆ **सीमित संसाधनों के बीच मेहनत से हासिल की सफलता**

## सरी से सपना देवी ने जिला परिषद के लिए भरा नामांकन

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** पंचायतीराज संस्थाओं के लिए तीन चरणों में होने वाले चुनावों के लिए वीरवार से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। इसके चलते ग्राम पंचायत, विकास खंड और एसडीएम कार्यालय में उमीदवार अपना पर्चा दाखिल करेंगे। इसी प्रक्रिया के तहत धर्मपुर विकास खंड के सरी जिला परिषद वार्ड से सामाजिक कार्यकर्ता सपना देवी ने आज अपना नामांकन पत्र एसडीएम धर्मपुर को सौंपा जिनके प्रस्तावक सरी निवासी सेवानिवृत्त स्कूल प्रिंसिपल सुरेंद्र गुलेरिया हैं। सपना ने नामांकन से पहले धर्मपुर बाज़ार में अपने समर्थकों सहित पारम्परिक ढोल तासे के साथ जुलूस निकाला जिसका नेतृत्व चुनाव अभियान संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप गुलेरिया पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, विजय गुलेरिया, भोलादत कश्यप,करतार सिंह चौहान। कुलदीप गुलेरिया ने बताया कि सपना देवी पिछले 15 वर्षों से सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में महिला मंडल, स्वयं सहायता समूहों, ज्ञान-विज्ञान एवं साक्षरता समिति, नशा मुक्ति अभियान और एफ़पीओ इत्यादि एक दर्ज़न संस्थाओं से जुड़ कर सक्रिय रूप में कार्य कर रही हैं।

इसके अलावा मनरेगा, आंगनबाड़ी, मिड डे मील, आशा वर्करों व अन्य मजदूरों, किसानों, एनएच प्रभवितों, आपदा प्रभवितों, खनन के खिलाफ भी समय समय पर आवाज़ उठती रही है। इसलिए जिला परिषद के लिए राजनीति पार्टियों से संबंद्धता के बजाए ऐसे उम्मीदवार को जीतना जरूरी है जो समाज के लिए पहले से ही सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सपना देवी सरी ग्राम पंचायत के कपाही गांव की निवासी है और सरी के मरैटी गांव में उनका मायका है और वे दस जमा दो तक पढ़ी लिखी है। उन्होंने अपने चुनावी घोषणा पत्र में धर्मपुर में बढ़ते नशे की रोकथाम को अपना पहला प्राथमिक कार्य तय किया है और महिला शसक्तीकरण, जैविक कृषि और बागवानी, अवैध खनन युवाओं को रोजगार, ग्रामीण विकास, स्वास्थ, शिक्षा, यातायात सुविधाओं को सुधरना प्रथमिकता में रखा है।

## अभिलाषी की अलिशा एमएससी केमिस्ट्री में गोल्ड मेडलिस्ट

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि अभिलाषी पीजी इंस्टिट्यूट ऑफ साइंसेज की मेधावी छात्रा अलिशा शर्मा ने अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। अलिशा शर्मा को एसपीयू यूनिवर्सिटी, मंडी के अंतर्गत आने वाले सभी कॉलेजों में एमएससी केमिस्ट्री में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें राज्यपाल कविंद्र गुप्ता द्वारा प्रदान किया गया। अलिशा शर्मा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को भी दिया, जिन्होंने हर परिस्थिति में उनका साथ दिया और हमेशा उनका हौसला बढ़ाया।

उनके निरंतर समर्थन, विश्वास और प्रेरणा ने अलिशा को अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की शक्ति दी। अलिशा शर्मा ने डॉ. आर.के. अभिलाषी का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने उन्हें आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने अपने विभागाध्यक्ष डॉ. कंचन शर्मा एवं प्रोफेसर डॉ. सुनाली गुप्ता का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन, प्रेरणा और निरंतर सहयोग ने अलिशा को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया और उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अलिशा शर्मा की इस सफलता पर उनके परिवार, शिक्षकों, कॉलेज प्रबंधन और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। अलिशा शर्मा की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र और कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया है।

## सरकाघाट में अर्धसैनिक बल के जवानों के लिए किराये पर लिए जाएंगे कैंटीन व कार्यालय

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भूतपूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण समिति सरकाघाट की मासिक बैठक वीरवार को अध्यक्ष ज्ञान चंद ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की गतिविधियों, पूर्व जवानों के कल्याण और भविष्य की योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बड़ी संख्या में मौजूद सदस्यों ने संगठन को और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान समिति द्वारा बीते माह में किए गए विभिन्न सामाजिक और कल्याणकारी कार्यों की जानकारी साझा की गई। इसके अलावा शिमला में आयोजित वार्षिक बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों और उठाए गए मुद्दों से भी सदस्यों को अवगत कराया गया। अध्यक्ष ज्ञान चंद ठाकुर ने कहा कि पूर्व अर्धसैनिक बल कर्मियों के अधिकारों और सुविधाओं के लिए समिति लगातार प्रयास कर रही है। संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति के कार्यालय और कैंटीन संचालन के लिए सरकाघाट में उपयुक्त भवन किराये पर लिया जाएगा। सदस्यों ने कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से पूर्व अर्धसैनिक बल के जवानों और उनके परिवारों के लिए नियमित कैंटीन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। कैंटीन शुरू होने से पूर्व जवानों को जरूरी वस्तुएं उचित दरों पर उपलब्ध हो सकेंगी और उन्हें दूरदराज क्षेत्रों में नहीं जाना पड़ेगा। समिति ने संबंधित विभागों और प्रशासन से मांग की कि कैंटीन स्थापना की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए, ताकि पूर्व जवानों को इसका लाभ मिल सके। बैठक में संगठन के विस्तार और सदस्यता अभियान से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## अरोमा कॉलेज सुंदरनगर में रंगों और रचनात्मकता से सजा नर्सिंग सप्ताह

### संस्थान में मेहंदी और नेल आर्ट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अनंत ज्ञान




**सुंदरनगर।** अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग सुंदरनगर (खिलरा) में चल रहे नर्सिंग सप्ताह को लेकर नेल आर्ट, मेकअप आर्ट एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की सभी कक्षाओं की प्रशिक्षु छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम 12 मई को आयोजित होने वाले समापन समारोह में घोषित किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्यतिथि कॉलेज के चेयरमैन ओम प्रकाश नाइक रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नर्सिंग सप्ताह का अपने आप में विशेष महत्व है और इसे पूरे विश्व में उत्सव के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं और उनका समर्पण, सेवा भावना तथा मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि मरीजों को स्वस्थ रखने और उन्हें बेहतर देखभाल प्रदान करने में नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहती है। इस प्रकार की गतिविधियां छात्राओं के आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता को निखारने में सहायक सिद्ध होती हैं। इस अवसर पर कॉलेज की प्रशासनिक अधिकारी नेहा ठाकुर, वाइस प्रिंसिपल प्रियंका ठाकुर सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

◆ **12 मई को समापन समारोह में घोषित किए जाएंगे परिणाम**

**वर्षगांठ** ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने सशस्त्र बलों के शौर्य को किया नमन

# ऑपरेशन सिंदूर भारत की बढ़ती सैन्य ताकत का प्रमाण: जयराम

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस, अद्वितीय पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान को भावपूर्ण नमन करते हुए देश की सुरक्षा में उनके योगदान की सराहना की है। मीडिया को जारी एक प्रेस बयान में जयराम ठाकुर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सैन्य इतिहास में राष्ट्रीय संकल्प, तत्परता और शक्ति का एक ऐसा सशक्त प्रतीक है, जिसने दुनिया को यह संदेश दिया है कि नया भारत अपनी संप्रभुता के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने एक वर्ष पूर्व पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले को याद करते हुए कहा कि उस समय पूरा देश आक्रोशित था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक और सशक्त नेतृत्व में भारत ने आतंक को उसके मूल केंद्र पर ही कुचलने का मार्ग चुना। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि मात्र 22 मिनट के भीतर भारतीय जांबाजों ने जिस सटीकता और तालमेल के साथ नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया और 100 से अधिक आतंकवादियों का सफाया किया, वह आधुनिक सैन्य अभियानों के लिए एक नया वैश्विक मानक बन गया है। इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता जल, थल और वायु तीनों सेनाओं के बीच का वह गहरा तालमेल था, जिसने दुश्मन को संभलने का एक भी मौका नहीं दिया। ठाकुर ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि ऑपरेशन सिंदूर 'आत्मनिर्भर भारत' की बढ़ती सैन्य ताकत का भी प्रमाण है, क्योंकि इस जटिल मिशन में स्वदेशी रक्षा तकनीक और हथियारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आज भारत न केवल सीमाओं पर चौकस है, बल्कि अपनी रक्षा जरूरतों के लिए स्वयं समर्थ और सशक्त हो रहा है। जयराम ठाकुर ने जोर देकर कहा कि सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण ही वह नींव है जिस पर राष्ट्र की सुरक्षा और प्रगति टिकी हुई है। आज का दिन उन वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का है जिन्होंने राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपनी जान की बाजी लगाकर देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता हमें निरंतर प्रेरणा देती है कि जब राष्ट्र का नेतृत्व साहसी हो और सेना का मनोबल ऊंचा हो, तो कोई भी चुनौती हिमालय जैसी अडिग इच्छाशक्ति को नहीं डिगा सकती। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रत्येक भारतीय को अपनी सेना की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व है और देश हमेशा अपने सुरक्षा बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। उन्होंने इस अवसर पर सेना में नारी शक्ति की सशक्त भूमिका पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि कैसे हमारी बहादुर सैन्य अधिकारी महिलाओं ने देश को पल पल की घटना की जानकारी मीडिया के सामने रखकर देशवासियों का गर्व से सीना चौड़ा कर दुनिया को हमारी मातृ शक्ति की ताकत दिखाई थी।

◆ **कहा-मोदी सरकार के दृढ़ संकल्प और स्वदेशी शक्ति से राष्ट्र की सीमाएं सुरक्षित**

### खेल जगत की उभरती प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**पूर्व** सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी में खेल जगत की उभरती प्रतिभाओं से भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने नेपाल के काठमांडू में आयोजित 7वीं एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर लौटीं सराज विधानसभा क्षेत्र के शिकावरी की सुश्री होमानी और मंडी के कोटली की सुश्री रेखा को बधाई दी। इस आत्मीय भेंट के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इन दोनों बेटियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर हिमाचल और देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों की मेहनत, लगन और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## अवैध खनन करने पर एक महीने में काटे 192 चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इस माह कड़ी कार्रवाई करते हुए 192 चालान किए हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में नियमित गश्त, नाकाबंदी और निगरानी बढ़ाई गई है, जिससे अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यह अभियान और अधिक सख्ती के साथ जारी रहेगा तथा अवैध खनन में लिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्राम पंचायत गंगोट में नामांकन प्रक्रिया तेज

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी के साथ लगती ग्राम पंचायत गंगोट में पंचायत चुनावों को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। वीरवार को पंचायत कार्यालय में विभिन्न पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। यह प्रक्रिया एआरओ (सहायक रिटर्निंग अधिकारी) विजय कुमार की निगरानी में संपन्न हुई। दोपहर 3 बजे तक चली नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रधान पद के लिए दो महिला उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की। इनमें सुनीता देवी पत्नी कुलदीप सिंह तथा नीरजा कुमारी पत्नी विनोद कुमार शामिल हैं। दोनों प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने के बाद पंचायत में चुनावी माहौल गर्माने लगा है। उपप्रधान पद के लिए भी दो उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं। रामधन पुत्र कुशल चंद तथा विजय कुमार पुत्र किशोरी लाल ने अपने नामांकन पत्र भरकर चुनावी मुकाबले को रोचक बना दिया है। वहीं, वार्ड सदस्य पद के लिए वार्ड नंबर-3 से विजय कुमारी व श्वेता ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इसके अलावा वार्ड नंबर-5 से विजय कुमार और सुनील कुमार ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। हालांकि, पंचायत के वार्ड नंबर-1, 2 व 4 से अभी तक किसी भी उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है, जिससे इन वार्डों में अभी चुनावी हलचल कम नजर आ रही है। प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई है कि इच्छुक प्रत्याशी 11 मई को शाम 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। इसके चलते आगामी दिनों में और अधिक उम्मीदवारों के मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है। पंचायत चुनावों को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं और ग्रामीणों की नजर अब आगामी चुनावी मुकाबलों पर टिकी हुई हैं।

### शहरी निकाय चुनावों के लिए ईवीएम की जांच आज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि शहरी निकाय चुनाव के दृष्टिगत इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों (ईवीएम) की प्रथम स्तरीय जांच 8 मई को प्रातः 10 बजे डीसी कार्यालय परिसर स्थित चौथी मंजिल के बैठक कक्ष में स्थापित स्ट्रांग रूम में की जाएगी। उन्होंने बताया कि मशीनों की तकनीकी जांच भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अभियंताओं द्वारा की जाएगी। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि वे जांच प्रक्रिया का अवलोकन कर सकें तथा पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से निर्धारित समय पर निर्धारित स्थल पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### संतुलित व पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, अंब।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग खंड अंब जिला ऊना की ओर से वीरवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सिविल अस्पताल अंब में कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों के लिए मासिक स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल कतना के निर्देशन में किया गया। कैंप में बाल विकास परियोजना कार्यालय अंब के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों में चिन्हित कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों को जांच के लिए बुलाया गया। इस दौरान डॉक्टरों की टीम ने बच्चों का वजन, लंबाई और हीमोग्लोबिन की जांच की। अति कुपोषित श्रेणी में पाए गए बच्चों को उपचार के लिए एसआरसी ऊना रीजनल अस्पताल रैफर किया गया, जबकि अल्प कुपोषित बच्चों को दवाइयां देकर अगले माह दोबारा जांच के लिए बुलाया गया। डॉक्टरों ने बच्चों के अभिभावकों को संतुलित व पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुपोषित और अल्प कुपोषित बच्चों की विशेष देखभाल और उचित उपचार के साथ पौष्टिक भोजन देने से उनके स्वास्थ्य में सुधार संभव है।

### लिवगार्ड में 24 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, अंब।** लिवगार्ड एनर्जी टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड में वीरवार को डॉक्टर रोहित की देखरेख में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें कुल 24 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर का शुभारंभ प्लांट हेड अक्षय कुमार राउत ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है व इससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। रक्तदान शिविर में स्वास्थ्य टीम ने रक्तदाताओं की जांच के बाद रक्त संग्रह किया। शिविर के दौरान कर्मचारियों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजन के अंत में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कंपनी प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

### अखिल भारतीय संस्था संघ का सम्मेलन कल से

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** अखिल भारतीय सामाजिक संस्था संघ (पंजीकृत दिल्ली) का वार्षिक सम्मेलन 9 और 10 मई को प्राचीन शिव मंदिर सुधार सभा काठगढ़, तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष के.एल. लाल करेंगे। संघ के प्रेस सचिव कमल देव ने बताया कि सम्मेलन में देशभर की लगभग 45 सामाजिक संस्थाओं के 120 प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें हिमाचल कल्याण सभा दिल्ली, कांगड़ा वेलफेयर सोसायटी नंगल, हिमोत्कर्ष ऊना, हिमाचल कल्याण सभा अमृतसर, देवभूमि कल्याणकारी सभा पटियाला, सामूहिक विकास मंच लंबाग्रां, हिमाचल सभा लखनऊ, सोलन साहित्य संगम तथा केंद्रीय हाटी समिति सिरमौर सहित कई संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में सामाजिक सरोकारों, जनकल्याण योजनाओं, सांस्कृतिक संरक्षण तथा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

### नर्सिंग कर्मियों के योगदान को सम्मान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर में 12 मई 2026 तक नर्सेस वीक का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शैक्षणिक, सामुदायिक और खेलकूद गतिविधियाँ शामिल हैं। इस आयोजन का उद्देश्य नर्सिंग कर्मियों की स्वास्थ्य सेवाओं में भूमिका को उजागर करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन 05 मई को कार्यकारी निदेशक द्वारा किया गया। इस दौरान 'सुरक्षित इन्फ्यूजन प्रैक्टिसेज एवं नर्सेस विज़न 2047' विषय पर शैक्षणिक सत्र आयोजित हुआ। ओपीडी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चल रहे हैं। साथ ही बैडमिंटन, क्रिकेट और शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नर्सेस वीक के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता और सेवा भावना को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### गृहरक्षकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** गृह रक्षक पांचवी वाहिनी के रिफ्रैशर कोर्स के तहत वीरवार को बामटा क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कमांडेंट सुशील कुमार के नेतृत्व में जवानों ने प्राचीन बावड़ी की सफाई कर उसमें क्लोरीन डाली तथा आसपास के रास्तों और झाड़ियों को भी साफ किया। कमांडेंट ने कहा कि प्राकृतिक जल स्रोतों को संरक्षित करना सभी की जिम्मेदारी है और अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### सड़क न मिलने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** झंडूता विकास खंड की ग्राम पंचायत भड़ोलीकलां के वार्ड भड़ोलीखुर्द के ग्रामीणों ने सड़क सुविधा न मिलने पर पंचायती राज चुनावों के बहिष्कार की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने उपायुक्त राहुल कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि 25-30 वर्षों से पक्की सड़क नहीं बनने के कारण एंबुलेंस सुविधा तक उपलब्ध नहीं हो पा रही है। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि चुनाव प्रक्रिया के बाद समस्या के समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### पीटी कैथल हरियाणा ने जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** गलोड़ सिकरोहा में महावीर हनुमान विशाल दंगल का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर मुख्य अतिथि रहे। दंगल में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और हिमाचल सहित कई राज्यों के पहलवानों ने भाग लिया। बड़ी माली पीटी कैथल हरियाणा ने जीती, जबकि अन्य मुकाबलों में भी पहलवानों ने दमदार प्रदर्शन किया। रामलाल ठाकुर ने कहा कि पारंपरिक दंगल युवाओं को खेलों से जोड़ने और नशे से दूर रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# कुटलैहड़ कांग्रेस में कुर्सी संग्राम तेज

## जिला अध्यक्ष बनाम ब्लॉक अध्यक्ष की जंग सड़कों पर, टिकट विवाद ने खोली गुटबाजी की परतें

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** जिला ऊना के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की अंदरूनी कलह अब पूरी तरह सार्वजनिक हो चुकी है। जिला परिषद चुनावों से पहले पार्टी के भीतर टिकट को लेकर छिड़ी जंग ने कांग्रेस संगठन की एकजुटता, अनुशासन व नेतृत्व क्षमता पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि कांग्रेस अब विपक्ष से कम और अपने ही नेताओं से ज्यादा लड़ती नजर आ रही है।

जिला परिषद वार्डों की उम्मीदवारी को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आमने-सामने आ गए हैं। एक ओर जिला कांग्रेस अध्यक्ष संगठनात्मक नियमों और हाईकमान के निर्देशों की दुहाई दे रहे हैं, तो दूसरी ओर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अपने स्तर पर उम्मीदवारों की घोषणा कर खुले तौर पर अलग लाइन खींचते दिखाई दे रहे हैं। इससे यह संदेश गया है कि पार्टी के भीतर अब कोई एक कमान प्रभावी नहीं रह गई है। राजनीतिक हलकों में सबसे ज्यादा चर्चा टक्का वार्ड को लेकर हो रही है। कांग्रेस के ही कई कार्यकर्ता जिला कांग्रेस अध्यक्ष देशराज गौतम के पुत्र एडवोकेट शोभित गौतम की दावेदारी का विरोध करते दिखाई दिए। विरोध के बावजूद शोभित गौतम द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने से मामला और अधिक उलझ गया है, अब पार्टी के भीतर यह बहस तेज हो गई है कि क्या कांग्रेस संगठन में परिवारवाद और गुटीय राजनीति हावी हो चुकी है। दरअसल, कुछ दिन पहले जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने जिन नामों पर सार्वजनिक रूप से आपत्ति जताई थी और उन्हें पार्टी लाइन के खिलाफ बताया था, उन्हीं नामों को बाद में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विवेक मिंका ने विधायक विवेक शर्मा की मौजूदगी में दोबारा घोषित कर दिया। इस घटनाक्रम ने कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति को खुलकर सामने ला दिया है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस पूरे घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जिला अध्यक्ष की संगठनात्मक पकड़ कमजोर पड़ती दिख रही है और स्थानीय स्तर पर अलग-अलग गुट अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने में जुटे हैं। कांग्रेस मंचों से अक्सर 'हाईकमान के आदेश सर्वोपरि' व 'पार्टी हित पहले' जैसे नारे सुनाई देते हैं, लेकिन जमीनी हालात इससे बिलकुल उलट दिखाई दे रहे हैं। टिकट वितरण जैसे मुद्दे पर ही नेताओं का आमने-सामने आ जाना पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए भी असहज स्थिति पैदा कर रहा है। कार्यकर्ताओं में भ्रम की स्थिति है कि आखिर अधिकृत उम्मीदवार कौन है और संगठन की वास्तविक लाइन क्या है।

### टिकट व पदों की लड़ाई से कांग्रेस की एकजुटता पर संकट

**राजनीतिक** पर्यवेक्षकों का कहना है कि पंचायत व जिला परिषद जैसे स्थानीय चुनाव संगठन की मजबूती का पैमाना माने जाते हैं, लेकिन कुटलैहड़ कांग्रेस में जिस तरह खुलेआम बयानबाजी, विरोध व समानांतर दावेदारी सामने आई है, उसने पार्टी की संगठनात्मक स्थिति को कमजोर संदेश दिया है। वहीं, आम जनता के बीच भी यह चर्चा तेज हो गई है कि यदि टिकट व पदों को लेकर ही कांग्रेस नेता एक-दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोल रहे हैं, तो भविष्य में जनहित के मुद्दों पर पार्टी कितनी एकजुट रह पाएगी। कांग्रेस की यह अंदरूनी खींचतान अब राजनीतिक गलियारों से निकलकर चौपालों और बाजारों तक चर्चा का विषय बन चुकी है। जिला परिषद चुनावों से ठीक पहले सामने आई इस खुली गुटबाजी ने यह भी संकेत दे दिया है कि कांग्रेस के भीतर अनुशासनात्मक नियंत्रण कमजोर पड़ चुका है। अब सभी की निगाहें कांग्रेस हाईकमान पर टिक गई हैं कि वह इस खुले टकराव और समानांतर राजनीति पर कोई सख्त कदम उठाता है या फिर स्थानीय गुटों को अपने-अपने तरीके से राजनीति करने की छूट जारी रहती है। फिलहाल इतना तय माना जा रहा है कि कुटलैहड़ कांग्रेस में छिड़ा यह कुर्सी संग्राम आने वाले दिनों में पार्टी की चुनावी रणनीति और संगठनात्मक एकता दोनों पर गहरा असर डाल सकता है।

अनंत ज्ञान स्पेशल

## पंचायतीराज संस्थान सामान्य चुनाव: ऊना जिले में 1,787 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

◆ नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित होंगे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** पंचायतीराज संस्थानों के सामान्य चुनाव-2026 के तहत ऊना जिला में नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन वीरवार को कुल 1,787 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

इनमें 10 जिला परिषद, 114 पंचायत समिति, 388 प्रधान, 366 उपप्रधान और 909 वार्ड सदस्य पद के प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र भरे। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी जतिन लाल ने दी। उन्होंने बताया कि उपमंडल ऊना के अंतर्गत 267 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र विभिन्न पदों के लिए दायरे किए हैं। इनमें 2 उम्मीदवारों ने जिला परिषद, 11 उम्मीदवारों ने पंचायत समिति, 62 उम्मीदवारों ने प्रधान पद, 52 उम्मीदवारों ने उपप्रधान और 140 उम्मीदवारों ने वार्ड पंच के नामांकन भरे हैं। इसी तरह गगरेट में 329 प्रत्याशियों ने नामांकन भरे हैं, जिनमें 4 प्रत्याशी जिला परिषद, 17 प्रत्याशी पंचायत समिति, 70 प्रत्याशी प्रधान पद, 68 प्रत्याशी उप प्रधान पद और 170 प्रत्याशी वार्ड सदस्य के हैं। उपमंडल अंब में कुल 456 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इनमें 1 जिला परिषद, 37 पंचायत समिति, 91 प्रधान पद के लिए, 105 उपप्रधान पद और 222 वार्ड सदस्य उम्मीदवार शामिल हैं। वहीं, उपमंडल हरोली में 311 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे हैं जिनमें 2 जिला परिषद, 25 पंचायत समिति सदस्य, 70 प्रधान, 55 उप प्रधान और 159 वार्ड सदस्य प्रत्याशी शामिल हैं। इसके अलावा उपमंडल बंगाणा में कुल 424 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे हैं।

इनमें 1 जिला परिषद, 24 पंचायत समिति, 95 प्रधान पद, 86 उप प्रधान पद और 218 वार्ड सदस्य उम्मीदवार शामिल हैं। जतिन लाल ने बताया कि इसके उपरांत अब नामांकन पत्र 8 तथा 11 मई को भी प्रात: 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संबंधित अधिकारियों के समक्ष दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 12 मई को प्रात: 10 बजे से होगी, जबकि 14 एवं 15 मई को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के तुरंत बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे तथा अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी।

## वार्ड-पांच बना सबसे चर्चित, युवा चेहरों पर भाजपा-कांग्रेस का दांव

अनंत ज्ञान

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** प्रदेश में नगर निकाय व पंचायत चुनावों की घोषणा होते ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नगर परिषद संतोषगढ़ का वार्ड नंबर-5 इस बार सबसे चर्चित वार्डों में शामिल हो गया है, जहां भाजपा व कांग्रेस दोनों ने युवा चेहरों पर दांव खेला है।

इस वार्ड पर दोनों दलों के नेताओं की विशेष नजरें टिकी हुई हैं। वार्ड-5 में पिछले करीब 25 वर्षों से भाजपा समर्थित उम्मीदवारों का कब्जा रहा है। विकास कार्यों व संगठनात्मक पकड़ के दम पर भाजपा यहां लगातार जीत दर्ज करती रही है। इस बार भाजपा ने युवा प्रत्याशी बौद्ध राज को मैदान में उतारा है, अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या यह नया चेहरा भाजपा की वर्षों पुरानी जीत की परंपरा को कायम रख पाएगा। वहीं, कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार रविकांत बस्सी भाजपा के इस मजबूत किले को ध्वस्त करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। रविकांत बस्सी वर्ष 2016 में नगर परिषद के वार्ड-4 से पार्षद रह चुके हैं। हालांकि, वर्ष 2021 में उन्हें वार्ड-1 से चुनाव मैदान में उतारा गया था, जहां उन्हें भाजपा समर्थित उम्मीदवार के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इससे पहले भी वह अलग-अलग वार्डों से चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन इस बार पार्टी ने उन्हें उनके अपने वार्ड से मौका दिया है। रविकांत बस्सी का कहना है कि उनका मुख्य संकल्प वार्ड में महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके लिए पूरे वार्ड के चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि कानून व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मिलने वाली हर सुविधा को जनता तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उधर, भाजपा समर्थित उम्मीदवार बौद्ध राज पहली बार चुनावी मैदान में उतरे हैं। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ वार्ड का समग्र विकास करना है। उन्होंने कहा कि वार्ड के अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

## बंगाल में भाजपा की जीत मोदी सरकार की नीतियों पर जनता की मुहर: विक्रम

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** पूर्व मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर ने चिंतपूर्णी में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणामों व हिमाचल प्रदेश में होने वाले पंचायत चुनावों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने असम, पश्चिम बंगाल व पुडुचेरी में भाजपा के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व तथा केंद्र सरकार की जनहितैषी नीतियों का परिणाम है। विक्रम ठाकुर ने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल के भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों, प्रताड़ना व हिंसा का सामना करने के बावजूद पार्टी के लिए निरंतर कार्य किया। उन्होंने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं के संघर्ष, समर्पण और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्यों के बीच बेहतर समन्वय तथा विकास कार्यों के लिए दिए जा रहे अनुदानों के चलते जनता का विश्वास भाजपा पर लगातार बढ़ रहा है।

## ऊना जिले में जिला परिषद के लिए 10 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

अनंत ज्ञान





**ऊना।** पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य चुनाव के तहत ऊना जिले में नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन वीरवार को जिला परिषद सदस्य पद के लिए विभिन्न वार्डों से कुल 10 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी जतिन लाल ने दी।

उल्लेखनीय है कि जिला ऊना में जिला परिषद के कुल 17 वार्ड हैं। उन्होंने बताया कि पहले दिन सर्वाधिक 4 नामांकन उपमंडल गगरेट के अंतर्गत दाखिल किए गए। इनमें वार्ड नंबर-15 अंबोटा से अश्वनी कुमार पुत्र कुलदीप सिंह तथा सुरिंद्र सिंह कंवर पुत्र जमीयत सिंह ने नामांकन पत्र भरे, जबकि वार्ड नंबर-17 भंजाल लोअर से दलविंद्र सिंह पुत्र साधु राम व शाम लाल पुत्र संत राम ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किए। इसी प्रकार उपमंडल अंब के तहत वार्ड नंबर-3 ठठल से अर्जुन सिंह सुपुत्र स्वर्गीय सरदार प्रीतम सिंह ने जिला परिषद सदस्य पद के लिए नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। उपमंडल हरोली के अंतर्गत वार्ड नंबर-8 बढ़ेड़ा से दिलबाग सिंह पुत्र रत्न सिंह तथा वार्ड नंबर-1 कुंगड़त से हेमलता धर्मपत्नी प्रवीन कुमार ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। उधर, उपमंडल ऊना के अंतर्गत वार्ड नंबर-7 टक्का से शोभित गौतम पुत्र देसराज गौतम तथा सतीश कुमार पिंटू पुत्र मक्खन सिंह ने नामांकन पत्र भरे। वहीं, उपमंडल बंगाणा के तहत वार्ड नंबर-5 लठियाणी से सत्या देवी धर्मपत्नी गिरधारी लाल ने जिला परिषद सदस्य पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जतिन लाल ने बताया कि इसके उपरांत अब नामांकन पत्र 8 तथा 11 मई को भी प्रात: 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संबंधित अधिकारियों के समक्ष दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 12 मई को प्रात: 10 बजे से होगी, जबकि 14 व 15 मई को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के तुरंत बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे तथा अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी।

# बिलासपुर नप चुनाव: सरकार कांग्रेस की और विधायक भाजपा का

## चुनावी मुकाबला तेज, सत्ता और संगठन की साख दांव पर, शहर में दिलचस्प राजनीतिक संग्राम

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** बिलासपुर नगर परिषद चुनाव इस बार केवल स्थानीय निकाय का चुनाव नहीं रह गया है, बल्कि यह सत्ता और संगठन के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई बनता जा रहा है। एक ओर प्रदेश में भारतीय नेशनल कांग्रेस की सरकार है, जबकि दूसरी ओर सदर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी का विधायक होने के कारण यह चुनाव राजनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि नगर परिषद का यह चुनाव कहीं न कहीं प्रदेश सरकार बनाम स्थानीय विधायक की प्रतिष्ठा से भी जुड़ चुका है। यही कारण है कि दोनों दलों ने चुनाव को पूरी ताकत के साथ लड़ने की तैयारी कर ली है।

### कांग्रेस के लिए सत्ता बचाने व पकड़ मजबूत करने की चुनौती

**प्रदेश** में कांग्रेस सरकार होने के कारण पार्टी इस चुनाव को अपने विकास मॉडल व सरकारी योजनाओं के समर्थन के रूप में देख रही है। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि सरकार बनने के बाद विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों का लाभ जनता तक पहुंचा है, जिसका फायदा पार्टी को नगर परिषद चुनाव में मिल सकता है। कांग्रेस की कोशिश है कि शहर में संगठनात्मक पकड़ मजबूत की जाए व यह संदेश दिया जाए कि प्रदेश में सत्ता होने के कारण नगर परिषद में कांग्रेस समर्थित बोर्ड बनने से विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

### भाजपा के लिए सदर में निकाय चुनाव सियासी साख का सवाल

**दूसरी** तरफ भाजपा के लिए यह चुनाव सदर विधानसभा क्षेत्र में अपनी राजनीतिक पकड़ बनाए रखने का बड़ा अवसर माना जा रहा है। चूंकि क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भाजपा विधायक कर रहे हैं, इसलिए पार्टी इस चुनाव को अपनी जनाधार की परीक्षा के रूप में देख रही है। भाजपा यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि स्थानीय स्तर पर जनता आज भी पार्टी और उसके नेतृत्व पर भरोसा जता रही है। पार्टी नेताओं का फोकस स्थानीय विकास, संगठन की मजबूती और वार्ड स्तर पर व्यक्तिगत संपर्क पर है।

### सत्ता बनाम स्थानीय प्रभाव

**राजनीतिक** विश्लेषकों की मानें तो इस चुनाव में सबसे बड़ा सवाल यही है कि जनता प्रदेश सरकार के प्रभाव को प्राथमिकता देती है या स्थानीय विधायक और संगठनात्मक नेटवर्क को। कांग्रेस जहां सत्ता के दम पर विकास और योजनाओं का हवाला दे रही है, वहीं भाजपा स्थानीय मुद्दों और जमीनी पकड़ को चुनावी हथियार बना रही है।

### निर्दलीय भी बना सकते हैं समीकरण

**कई** वार्डों में बागी और निर्दलीय प्रत्याशी भी मुकाबले को रोचक बना रहे हैं। खास बात यह है कि कुछ वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवारों का सीधा असर भाजपा और कांग्रेस दोनों के वोट बैंक पर पड़ सकता है।

### शहर के मुद्दे अब भी लोगों के लिए अहम

**भले** ही चुनाव में बड़े राजनीतिक चेहरे सक्रिय हो चुके हों, लेकिन आम जनता अब भी शहर की मूल समस्याओं को लेकर जवाब चाहती है। पार्किंग, सफाई, ट्रैफिक जाम, पेयजल और शहर के सौंदर्यीकरण जैसे मुद्दे मतदाताओं के लिए अहम बने हुए हैं।

### चुनाव परिणाम देंगे बड़ा राजनीतिक संदेश

**राजनीतिक** जानकारों का मानना है कि बिलासपुर नगर परिषद चुनाव के नतीजे केवल स्थानीय बोर्ड तय नहीं करेंगे, बल्कि यह भी संकेत देंगे कि सदर क्षेत्र में जनता का झुकाव किस ओर है। प्रदेश सरकार की ओर या स्थानीय भाजपा नेतृत्व की ओर। यही कारण है कि इस बार नगर परिषद चुनाव ने सामान्य स्थानीय चुनाव से आगे बढ़कर पूरे जिले की राजनीति का केंद्र बिंदु बना लिया है।

## कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही मान ली हार: त्रिलोक जम्वाल

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि झूठी गारंटियों के दम पर सत्ता में आई सरकार ने अपने साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में जनता को राहत देने के बजाय केवल ठगने और परेशान करने का काम किया है। सरकार की नीतियों से हर वर्ग में भारी नाराजगी है और कांग्रेस इस जनाक्रोश को भलीभांति समझ चुकी है।

उन्होंने कहा कि यही कारण है कि सरकार लंबे समय तक पंचायत चुनाव करवाने से बचती रही। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चुनाव प्रक्रिया शुरू तो हुई है, लेकिन जनता के बीच बढ़ते विरोध को देखते हुए कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा करने से भी पार्टी बच रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने, युवाओं को सरकारी नौकरियां उपलब्ध करवाने, 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने, स्टार्ट-अप के लिए 700 करोड़ रुपये का प्रावधान करने, गाय और भैंस का दूध 80 व 100 रुपये प्रति लीटर खरीदने तथा गोबर 2 रुपये प्रति किलो खरीदने जैसी बड़ी-बड़ी गारंटियों में से एक भी आज तक पूरी नहीं हो सकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि गारंटियां पूरी करने के बजाय सरकार लगातार जनता पर बोझ डालने में लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि यह प्रदेश की पहली ऐसी सरकार है जिसने जनहित में नए संस्थान खोलने के बजाय पहले से चल रहे हजारों संस्थानों पर ताले लगाने का काम किया। इतना ही नहीं, अब 100 और स्कूल बंद करने की तैयारी की जा रही है, जिससे लोगों में सरकार के प्रति आक्रोश और बढ़ रहा है।

## पीएम मोदी होंगे श्रीश्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव समारोह में शामिल

अनंत ज्ञान



◆ आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण होने पर बेंगलुरु में होगा वैश्विक आध्यात्मिक समागम

**ब्यूरो, बिलासपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन अपने स्थापना के 45 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 10 मई को बेंगलुरु में भव्य समारोह आयोजित करने जा रहा है।

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं विश्वप्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु गुरुदेव श्री श्री रविशंकर का 70वां जन्मोत्सव भी मनाया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

यह जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग के जिला बिलासपुर मीडिया समन्वयक अरुण डोगरा रीतू ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष संबोधन देंगे तथा ध्यान, मानसिक स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा से जुड़ी विभिन्न पहलों का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि इस वैश्विक समागम में 182 से अधिक देशों के लोग प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग भाग लेंगे और इसे मानव मूल्यों, विश्व शांति और सेवा भावना के उत्सव के रूप में देखा जा रहा है। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी अत्याधुनिक 'ध्यान मंदिर' का उद्घाटन भी करेंगे। आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन वर्तमान में योग, ध्यान, नशामुक्ति, शिक्षा, प्राकृतिक खेती, महिला सशक्तिकरण और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में विश्वभर में कार्य कर रहा है।

## ईवीएम की जांच और रखरखाव का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आगामी नगर निकाय चुनाव 2026 की तैयारियों के तहत बचत भवन में उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की प्रथम स्तर जांच संबंधी एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अधिकारियों और कर्मचारियों को ईवीएम की जांच प्रक्रिया, रखरखाव, सुरक्षित परिवहन, सीलिंग तथा रिकॉर्ड संधारण के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि ईवीएम की सही जांच और सुरक्षित संचालन निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रतिभागियों को मशीनों की तकनीकी जांच के साथ-साथ उनकी सुरक्षा और हैंडलिंग के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी भी दी गई। उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम की एफएलसी प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित मानकों के अनुसार पूरी सावधानी और पारदर्शिता के साथ कार्य करें।

# बिलासपुर चुनावों पर पुलिस का सख्त पहरा

## ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम से पंजाब सीमा तक हाई अलर्ट, हर गतिविधि पर नजर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में होने वाले नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल में संपन्न करवाने के लिए जिलेभर में सुरक्षा का कड़ा घेरा तैयार किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने साफ किया है कि चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हर संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

नगर निकाय चुनावों के तहत जिले के चार नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों के 34 वार्डों में मतदान होगा। वहीं पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में 182 पंचायतों और 1140 वार्डों में वोटिंग करवाई जाएगी। इसके अलावा जिला परिषद और बीडीसी चुनाव भी साथ ही संपन्न होंगे। इतने बड़े चुनावी दायरे को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा रणनीति को बहुस्तरीय बनाया है। पुलिस प्रशासन ने जिले के सभी पोलिंग स्टेशनों का वर्गीकरण कर लिया है। बूथों को अति संवेदनशील, संवेदनशील और सामान्य श्रेणियों में बांटा गया है। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार हर केंद्र पर पुलिस बल की तैनाती की विस्तृत योजना तैयार कर ली गई है। आने वाले दिनों में चरणबद्ध तरीके से जवानों की डिप्लॉयमेंट शुरू कर दी जाएगी।

आदर्श आचार संहिता लागू होते ही पुलिस ने फील्ड में विशेष टीमें सक्रिय कर दी हैं। ये टीमें फ्लाइंग स्क्वाड की तरह लगातार छापेमारी और निगरानी कर रही हैं। पुलिस का फोकस खासतौर पर उन गतिविधियों पर है, जिनके जरिए मतदाताओं को डराने, लालच देने या चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की जा सकती है। एसपी संदीप धवल ने बताया कि मतदान से 48 घंटे पहले पंजाब सीमा से लगते क्षेत्रों में विशेष निगरानी और सीलिंग प्रक्रिया लागू कर दी जाएगी। सीमा से गुजरने वाले वाहनों और संदिग्ध गतिविधियों की गहन जांच होगी। पुलिस किसी भी गैरकानूनी गतिविधि, नकदी, शराब या बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए पूरी तरह सतर्क है।

एसपी संदीप धवल ने कहा कि पुलिस विभाग का पहला उद्देश्य चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाना है। इसके लिए पूरे जिले में व्यापक सुरक्षा रणनीति लागू की गई है ताकि मतदान से लेकर मतगणना तक हर प्रक्रिया बिना किसी बाधा के पूरी हो सके।

### ईवीएम व बैलेट बॉक्स पर 24 घंटे सुरक्षा कवच



**एसपी** ने बताया कि 17 मई को होने वाले नगर निकाय चुनावों के लिए निर्धारित स्थलों पर रखी गई ईवीएम मशीनों की सुरक्षा हेतु पुलिस गार्ड तैनात कर दिए गए हैं। स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर और भीतर चौबीस घंटे पुलिस जवान निगरानी में जुटे हैं। वहीं 26, 28 और 30 मई को होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के लिए रखे गए बैलेट पेपर और बैलेट बॉक्स स्ट्रॉन्ग रूम पर भी सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है।

### पहली बार पहुंचे राज्यपाल कविंद्र गुप्ता का भव्य स्वागत, सिस्सू और हिडिंबा मंदिर का किया दौरा

# अटल टनल ने लाहौल-स्पीति को विकास व पर्यटन की नई पहचान दी

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा/एम बोकटापा, कुल्लू/मनाली।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने वीरवार को लाहौल-स्पीति व मनाली प्रवास के दौरान विश्व प्रसिद्ध अटल टनल रोहतांग का दौरा कर इसकी तकनीकी विशेषताओं, सामरिक महत्व तथा क्षेत्रीय विकास में इसकी भूमिका की सराहना की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि अटल टनल सीमा सड़क संगठन द्वारा निर्मित आधुनिक इंजीनियरिंग और अत्याधुनिक तकनीक का अद्भुत उदाहरण है, जिसने हिमालयी क्षेत्र में विकास व संपर्क के नए आयाम स्थापित किए हैं। राज्यपाल ने साउथ पोर्टल से नॉर्थ पोर्टल तक टनल का अवलोकन किया तथा बीआरओ अधिकारियों से इसके निर्माण, सुरक्षा प्रबंधन व संचालन संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने उन्हें वर्षभर यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए अपनाई जा रही व्यवस्थाओं की भी जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि यह परियोजना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी सोच का साकार रूप है। उन्होंने कहा कि अटल टनल केवल एक सुरंग नहीं, बल्कि देश की सामरिक मजबूती, सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास और जनसुविधा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस सुरंग के निर्माण से जिला लाहुल-स्पीति अब वर्षभर शेष प्रदेश से जुड़ा रहने लगा है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा आवश्यक सेवाओं में बड़ी सुविधा प्राप्त हुई है। राज्यपाल ने कहा कि अटल टनल बनने के बाद क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिली है और देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। इससे स्थानीय रोजगार एवं अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। इसके उपरांत राज्यपाल ने हिडिंबा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की तथा प्रदेश की समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत की सराहना की। इस अवसर पर कुल्लू के डीसी अनुराग चंद्र शर्मा, एसपी कुल्लू मदन लाल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



हिमाचल के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता माता हिडिंबा के दर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

### हिमाचल की धार्मिक विरासत देश की अमूल्य धरोहर

**राज्यपाल** ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि के रूप में विश्वभर में अपनी विशेष पहचान रखता है। यहां देवी-देवताओं के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा और आस्था प्रदेश की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु और पर्यटक यहां दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने आते हैं, जिससे प्रदेश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को नई पहचान मिलती है। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हिमाचल की धार्मिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता देश की अमूल्य धरोहर है, जिसे संरक्षित एवं संवर्धित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### सिस्सू झील व सिस्सू वॉटरफॉल का किया दौरा

**राज्यपाल** ने सिस्सू झील एवं सिस्सू वॉटरफॉल का भी दौरा किया। उन्होंने लाहुल घाटी की मनोरम प्राकृतिक छटा की सराहना करते हुए कहा कि सिस्सू आज प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपनी विशेष पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि अटल टनल बनने के बाद पर्यटकों की आवाजाही बढ़ी है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन एवं स्थानीय व्यवसायों को व्यापक लाभ हुआ है। राज्यपाल ने लाहुल के आराध्य देवता राजा घेपन मंदिर में दर्शन कर प्रदेश एवं देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। लाहुल-स्पीति पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त किरण भड़ाना ने अधिकारियों सहित नॉर्थ पोर्टल पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल का लाहुल की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्मान भी किया गया।

## विकास खंड आनी में नामांकन के प्रथम दिन वार्ड सदस्य के 127 नामांकन प्राप्त

अनंत ज्ञान



**आनी।** पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के अंतर्गत जिला कुल्लू के विकास खंड आनी में नामांकन के प्रथम दिन 7 मई को पंचायत सदस्य के कुल 127 नामांकन, उपप्रधान के कुल 35 नामांकन तथा प्रधान के कुल 50 नामांकन प्राप्त हुए।

प्रधान पद के लिए कराना-1 तथा रोपा पंचायत से 4-4 तथा उपप्रधान के लिए शिली तथा बखनाओ से 3-3 तथा पंचायत सदस्य के लिए बिश्लाधार से सर्वाधिक 8 नामांकन प्राप्त हुए। पंचायत समिति के लिए कुल 16 नामांकन तथा जिला परिषद के बखनाओ वार्ड के लिए एक नामांकन प्राप्त हुआ तथा लझेरी वार्ड के लिए कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट ने कहा कि सभी 36 पंचायतों सहित पंचायत समिति व जिला परिषद नामांकन में प्रथम दिन नामांकन प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई। इच्छुक अभ्यर्थी प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्य के लिए 8 तथा 11 मई को संबंधित पंचायत व बीडीसी सदस्य नामांकन के लिए तहसीदार आनी के कोर्ट रूम तथा जिला परिषद सदस्य नामांकन के लिए एसडीएम आनी के कोर्ट रूम में नामांकन पत्र जमा कर सकते हैं। 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 14 और15 मई को नाम वापस लिए जा सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर मतदान 26, 28 तथा 30 मई को संपन्न होगा। चुनाव से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए फोन नंबर 01904 299014 पर शिकायत दर्ज की जा सकती है।

## क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में 'स्पोर्ट्स डे' की धूम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** ढालपुर स्थित क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में 'नर्सिंग वीक' के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में वीरवार, को खेलकूद प्रतियोगिता (स्पोर्ट्स-डे) का शानदार आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर खेल भावना व जबरदस्त उत्साह से सराबोर नजर आया।



नर्सिंग सप्ताह के दूसरे दिन आयोजित इस खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। विभिन्न स्पर्धाओं में छात्र-छात्राओं के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। प्रतियोगिता के दौरान आयोजित प्रमुख खेलों का विवरण इस प्रकार है। कैच मी इफ यू कैन इस खेल में विद्यार्थियों की फुर्ती देखते ही बनी। इसके अलावा ऑब्स्टैकल रेस बाधा दौड़ के माध्यम से छात्रों ने अपने मानसिक और शारीरिक तालमेल का प्रदर्शन किया। थ्री लेग रेस जोड़ियों में तालमेल बिठाते हुए विद्यार्थियों ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया। रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में पूरे परिसर में रोमांच भर दिया, जहां दर्शकों ने तालियों के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

इस आयोजन की खास बात यह रही कि केवल विद्यार्थियों ने ही नहीं, बल्कि शिक्षकों ने भी खेल के मैदान में अपना हुनर दिखाया। शिक्षकों के लिए म्यूजिकल चेयर और अन्य मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिससे माहौल में अपनापन व और अधिक ऊर्जा भर गई। प्रतियोगिता के अंत में सभी प्रतिभागियों को जलपान (रिफ्रेशमेंट) वितरित किया गया। संस्थान की एसोसिएट डायरेक्टर ने बताया कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं, बल्कि यह टीम वर्क व अनुशासन की भावना भी विकसित करते हैं। नर्सिंग जैसे सेवा क्षेत्र में इन गुणों का होना अनिवार्य है। कार्यक्रम की सफलता में कॉलेज प्रबंधन का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। एसोसिएट डायरेक्टर मिस ज्योति मारिया मसीह व ऑफिशियेटिंग एसोसिएट डायरेक्टर मिस्टर सैमुअल मसीह के कुशल नेतृत्व में इस पूरे इवेंट को व्यवस्थित किया गया। कॉलेज के समस्त शैक्षणिक स्टाफ व कर्मचारियों ने भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए इस दिन को यादगार बनाया। विद्यार्थियों के जोश और अनुशासन ने इस स्पोर्ट्स-डे को कॉलेज के इतिहास में एक सुनहरे अध्याय के रूप में दर्ज कर दिया है।

## पंचायतीराज चुनावों से पहले लाहौल में हथियारों पर प्रतिबंध

अनंत ज्ञान

◆ **जिला प्रशासन का आदेश**
**लाइसेंसी शस्त्र जल्द करें जमा**

**ब्यूरो, केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति में पंचायतीराज चुनाव के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व सुव्यवस्थित संचालन को ध्यान में रखते हुए जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त किरण भड़ाना ने विकास खंड लाहौल के लिए हथियारों के संबंध में आदेश जारी किया है, जिसके अनुसार आदेश में स्पष्ट किया गया है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

इसी उद्देश्य से विकास खंड लाहौल की सीमा के भीतर कानून प्रवर्तन एजेंसियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को आग्नेय शस्त्र या अन्य घातक हथियार रखने अथवा लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी। आदेश के अनुसार, सभी लाइसेंसधारक शस्त्र धारकों को अपने हथियार व गोला-बारूद तुरंत निकटतम पुलिस थाना या अधिकृत शस्त्र विक्रेता के पास जमा करवाने के निर्देश दिए गए हैं।



प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कदम चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है। यह आदेश पंचायतीराज चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण होने तक प्रभावी रहेगा। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे इस आदेश का पालन करें और चुनाव को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करवाने में सहयोग दें।

## पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर की पत्नी प्रेम लता ने मौहल वार्ड से ठोंकी ताल, भरा नामांकन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला परिषद चुनावों को लेकर हिमाचल की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

इसी कड़ी में पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर की पत्नी प्रेम लता ठाकुर एक बार फिर चुनावी दंगल में उतर चुकी हैं। वीरवार सुबह उन्होंने एसडीएम कार्यालय कुल्लू पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रेम लता ठाकुर का जिला परिषद चुनावों में शानदार इतिहास रहा है। उन्होंने वर्ष 2010 और 2015 में बल्ह वार्ड से चुनाव लड़ा था और दोनों ही बार रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज की थी। हालांकि, पिछले चुनावों में वार्ड आरक्षित हो जाने के कारण वह चुनाव नहीं लड़ पाई थीं। सत्य प्रकाश ठाकुर के राजनीतिक कद और प्रेम लता ठाकुर की व्यक्तिगत लोकप्रियता को देखते हुए, मोहल वार्ड का यह मुकाबला काफी दिलचस्प होने की



प्रेमलता ठाकुर नामांकन दाखिल करने जाते हुए। अनंत ज्ञान

उम्मीद है। इस बार वार्ड के पुनर्गठन और सीमांकन के बाद वार्ड का नाम मोहल हो गया है।

इसी वार्ड से अपनी दावेदारी पेश करते हुए प्रेम लता ठाकुर ने विधिवत रूप से नामांकन भरा। नामांकन के उपरांत उन्होंने कहा कि वह पहले भी दो बार पार्षद रहकर जनता की सेवा कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य क्षेत्र की जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और विकास कार्यों को गति देना है। उन्होंने कहा कि अपने पुराने कार्यकाल के अनुभवों को आधार बनाकर वह एक बार फिर जनता का आशीर्वाद मांग रही हैं। वहीं, प्रेमलता ठाकुर ने कहा है कि मैं पहले भी दो बार जिला परिषद सदस्य के रूप में लोगों की सेवा कर चुकी हूं। जनता का जो स्नेह मुझे पहले मिला है, उसी विश्वास के साथ मैं फिर से चुनावी मैदान में हूं ताकि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### कुल्लू जिले में पहले दिन 1383 नामांकन हुए प्राप्त

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** पंचायती राज संस्थाओं के आगामी चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया वीरवार को शुरू हुई । प्राप्त सूचना के अनुसार जिला कुल्लू में नामांकन के पहले दिन विभिन्न पदों के लिए कुल 1383 नामांकन प्राप्त हुए हैं। प्रधान पद के लिए अब तक 325 उम्मीदवारों ने अपने पर्चे दाखिल किए हैं, जबकि उपप्रधान के पद के लिए 270 नामांकन प्राप्त हुए हैं। स्थानीय स्तर पंचायत वार्ड सदस्यों के लिए कुल 702 नामांकन दर्ज किए गए हैं। इसके अतिरिक्त पंचायत समिति सदस्य के लिए 74 और जिला परिषद सदस्य के पद के लिए अब तक 12 उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी पेश की है।

### नादौन में 10 मई को सजेगा शपथ ग्रहण समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के व्यापारियों की आवाज को बुलंद करने और संगठन को नई ऊर्जा देने के लिए भारतीय व्यापार मंडल, हिमाचल प्रदेश की नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 10 मई को हमीरपुर जिला के नादौन में आयोजित किया जा रहा है। प्रातः 10 बजे से शुरू होने वाले इस भव्य आयोजन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सरदार हंसपाल सिंह करेंगे। समारोह में प्रदेश भर से व्यापारी एकजुट होकर संगठन की भावी रणनीति व व्यापारी हितों पर मंथन करेंगे। समारोह के दौरान मुख्य रूप से निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की जाएगी। चर्चा के उपरांत सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को विधिवत नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। कार्यक्रम के संयोजक सुमित वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समारोह में राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज नेता शिरकत करेंगे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं अंकुर सिंघल (राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय व्यापार मंडल), जेडआर रब्बानी (राष्ट्रीय महामंत्री),वैभव जैन (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष),दिनेश गुप्ता (राष्ट्रीय मंत्री),अजय जनमेजय (राष्ट्रीय प्रवक्ता) है। प्रदेश अध्यक्ष सरदार हंसपाल सिंह ने प्रदेश के समस्त व्यापारियों से इस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल शपथ ग्रहण है, बल्कि व्यापारी एकता का परिचायक भी है। मीडिया प्रभारी जसपाल सिंह पाल ने बताया कि आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और व्यापारियों में इस कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली ने रचा सफलता का इतिहास

**अनंत ज्ञान, मनाली।** डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली ने इस वर्ष 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया। विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम से विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों में खुशी की लहर है। 10वीं कक्षा के आईसीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में चैतन्य डढ़वाल ने 91.60% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। श्रेयांश कोहली ने 87.80% अंक हासिल कर दूसरा स्थान तथा अन्विता ने 85.40% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं कक्षा के राज्य बोर्ड परीक्षा परिणाम में भी विद्यालय का शत-प्रतिशत परिणाम रहा। संदेश अधिकारी ने 94.20% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रुही पराशर ने 94% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा अक्षत चौधरी ने 91% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। 12वीं कक्षा के परिणाम में 16 छात्रों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता वर्मा ने इस गौरवपूर्ण व शानदार उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन व शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी उत्साह, आत्मविश्वास और मेहनत के साथ निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### रवि ठाकुर ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर ने वीरवार को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंदर गुप्ता से शिष्टाचार भेंट कर लाहौल-स्पीति व मनाली क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं और विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अटल टनल रोहतांग के खुलने के बाद क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे पर्यटन को देखते हुए आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान कचरा प्रबंधन, सार्वजनिक शौचालय, सोलर लाइट व स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने का विषय प्रमुखता से उठाया गया। रवि ने लाहौल-स्पीति में घटते ग्लेशियरों के कारण किसानों को हो रही पेयजल एवं उठाऊ सिंचाई जल की समस्या से भी राज्यपाल को अवगत कराया। साथ ही बाढ़ एवं भूस्खलन से प्रभावित मनाली-लाहौल स्टेट हाईवे के स्थायी सुधार एवं बेहतर रख-रखाव की मांग भी रखी। बैठक में धार्मिक एवं एडवेंचर पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तांदी संगम घाट के विकास, उदयपुर स्थित प्राचीन मृकुला माता मंदिर के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार तथा क्षेत्र के प्राचीन बौद्ध मठों के संवर्धन पर भी चर्चा हुई।

## चकुरठा वार्ड से पंचायत समिति सदस्य पद के लिए झाबे राम ठाकुर मैदान में

अनंत ज्ञान

**सैंज।** पंचायत समिति चकुरठा से पंचायत समिति सदस्य पद के उम्मीदवार व क्षेत्र के लोकप्रिय समाजसेवी झाबे राम ठाकुर ने अपना नामांकन पत्र भरकर चुनावी रण में कदम रख दिया है।

नामांकन भरने के बाद उन्होंने क्षेत्र की जनता से समर्थन मांगते हुए कहा कि क्षेत्र के चहुमुखी विकास व जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें अपना कीमती वोट देकर विजयी बनाएं। झाबे राम ने कहा कि वह पूर्व में भी जनता के आशीर्वाद से इस पद पर रह चुके हैं व अपने कार्यकाल के दौरान वार्ड व क्षेत्र में लाखों रुपए के विकास कार्य करवाए हैं, जो क्षेत्र की जनता भली-भांति जानती है। सड़क, पेयजल, स्वच्छता, आधारभूत ढांचे व जनसुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि जनता उन्हें पुन: सेवा का अवसर देती है, तो विकास की रफ्तार को और तेज किया जाएगा व क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी समस्या के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य होगा। झाबे राम



ठाकुर ने कहा कि उनका लक्ष्य राजनीति नहीं, बल्कि जनसेवा है। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग व आशीर्वाद से क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा । नामांकन के दौरान समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला व बड़ी संख्या में लोगों ने उनका समर्थन जताया। झाबे राम ठाकुर ने सभी मतदाताओं से अपील की कि क्षेत्र के समग्र विकास, मजबूत नेतृत्व व निरंतर जनसेवा के लिए उन्हें अपना समर्थन प्रदान करें। क्षेत्र की तीन पंचायतों में विकास कार्यों को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच झावे राम ठाकुर ने मीडिया से रूबरू होते हुए अपने कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले भी क्षेत्र में लाखों रुपए के विकास कार्य करवाए हैं व आगे भी विकास की गति को रुकने नहीं दिया जाएगा। ठाकुर ने कहा कि सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य व सामुदायिक भवनों सहित कई योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है, जिसका लाभ आज क्षेत्र की जनता को मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि पूर्व कार्यकाल में विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि गांव-गांव तक पहुंचे हैं। मीडिया से बातचीत में ठाकुर ने कहा कि तीन पंचायतों की जनता के सामने उन्होंने अपने कार्यों का पूरा रिपोर्ट कार्ड रखा है, ताकि लोगों को यह पता चल सके कि क्षेत्र में किस स्तर पर विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों को चकुरठा वार्ड की देवतुल्य जनता के समक्ष पेश किया है। उन्होंने बताया कि विभिन्न गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल मैदान व पेयजल योजनाओं जैसी मूलभूत सुविधाओं पर लाखों रुपए खर्च किए गए हैं। इस अवसर पर लारजी पंचायत के निवर्तमान प्रधान गुड्डू राम, कोटला पंचायत के पूर्व उपप्रधान जय सिह, देऊ नाग के गुर नीरत सिह, देऊ तुदाला के गुर चमन लाल व रोहित ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## रघुनाथ हॉस्पिटल कुल्लू में 9 मई को हेल्थ चेकअप कैंप


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित रघुनाथ हॉस्पिटल में 9 मई (शनिवार) को एक निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप शैल्बी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, मोहाली के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध करवाना है। कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। इसमें यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. मनोज शर्मा और प्लास्टिक एवं एस्थेटिक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. शमिक शर्मा मरीजों को निशुल्क परामर्श देंगे। स्वास्थ्य शिविर के दौरान किडनी स्टोन, पेशाब में संक्रमण, बार-बार पेशाब आना, प्रोस्टेट बढ़ना, पेशाब में खून आना तथा ब्लैडर और किडनी से संबंधित बीमारियों की जांच और परामर्श किया जाएगा। इसके अलावा यूरोलॉजी से जुड़ा यूरोफ्लोमेट्री टेस्ट भी निशुल्क किया जाएगा।

## भुंतर की बेटी ने बढ़ाया मान, इशिता सूद ने एमए इंग्लिश में टॉप कर जीता गोल्ड मेडल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** नगर पंचायत भुंतर के वार्ड नंबर-3 की होनहार छात्रा ईशिता सूद ने एमए इंग्लिश में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया है।

उनकी इस शानदार उपलब्धि से पूरे भुंतर क्षेत्र सहित कुल्लू जिले गौरवान्वित महसूस कर रहा है। सफलता की खबर मिलते ही परिजनों, शिक्षकों व क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। हाल ही में आयोजित सरदार वल्लभभाई पटेल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में प्रदेश के राज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने ईशिता सूद को गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनकी मेहनत, लगन व प्रतिभा की सराहना की। ईशिता ने अपनी सफलता से न केवल अपने माता-पिता का सपना साकार किया है, बल्कि भुंतर और पूरे कुल्लू जिले का नाम भी रोशन किया है। उनके पिता मनोज सूद व माता अंबिका सूद ने बेटी की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए इसे परिवार के लिए यादगार पल बताया। पढ़ाई में शुरू से ही मेधावी रही ईशिता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ओएलएस स्कूल से प्राप्त की तथा वहीं से मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने भारत भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल से जमा दो की शिक्षा उत्कृष्ट अंकों के साथ पूरी की। आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने



कुल्लू कॉलेज से बीए की डिग्री हासिल की और बाद में मंडी स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल विश्वविद्यालय से एमए इंग्लिश में प्रवेश लिया। लगातार मेहनत व समर्पण के दम पर ईशिता ने जुलाई 2025 में नेट परीक्षा उत्तीर्ण की तथा मार्च 2026 में आयोजित गेट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक-730 हासिल कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय दिया, अब एमए इंग्लिश में गोल्ड मेडल जीतकर उन्होंने शिक्षा जगत में एक नई पहचान बनाई है। क्षेत्र के शिक्षाविदों और समाजसेवियों ने ईशिता को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए बनाए।

## मैं राजनीति में नेता बनने नहीं, जनता की सेवा के लिए आया हूं: अनिल राणा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** मैं राजनीति में नेता बनने नहीं जनता की सेवा के लिए आया हूं।

यह बात भाजपा युवा नेता व लरांकेलो जिला परिषद वार्ड के भाजपा समर्थित प्रत्याशी अनिल राणा ने कही है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर क्षेत्र की अनदेखी व विकास कार्यों की उपेक्षा के गंभीर आरोप लगाए हैं। लरांकेलो क्षेत्र में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने विकास कार्यों को गति देने के बजाय क्षेत्र के महत्वपूर्ण संस्थानों को बंद करने का काम किया है। अनिल राणा ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में लरांकेलो वार्ड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया, जिससे क्षेत्र की जनता स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि खराहल क्षेत्र में पहले तीन पटवार सर्कल कार्यरत थे, लेकिन कांग्रेस सरकार ने उनमें से दो को बंद कर दिया, जिससे आम लोगों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने क्षेत्र की बदहाल सड़कों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि खराहल सड़क के चौड़ीकरण कार्य में भारी



अनियमितताएं बरती गईं। सड़क निर्माण के दौरान न तो उचित नालियों की व्यवस्था की गई व न ही सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्य किए गए। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों को भुगतान कर दिया गया, लेकिन सड़क की वास्तविक स्थिति आज भी खराब बनी हुई है। महिलाओं और युवाओं से किए गए वादों को लेकर भी अनिल राणा ने कांग्रेस सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने का वादा कर उन्हें भ्रमित किया गया, जबकि आज महिलाएं स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं। वहीं, युवाओं को सरकारी नौकरियों का सपना दिखाया गया, लेकिन बड़ी संख्या में युवा आज भी बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं।

**विकास** गांव में सौहार्द और एकजुटता के साथ हुआ चयन, ग्रामीणों ने जताया विश्वास

## काऊंचा वार्ड से गोपाल सिंह निर्विरोध पंच निर्वाचित

अनंत ज्ञान

**तीर्थन।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी स्थित ग्राम पंचायत नोहांडा से एक सकारात्मक और सराहनीय खबर सामने आई है।



विश्व धरोहर स्थल ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क से सटी दूरदराज पंचायत नोहान्डा के वार्ड नंबर-2 काऊंचा से गोपाल सिंह को पंच पद के लिए निर्विरोध चुना गया है। गोपाल सिंह पुत्र जीवन लाल निवासी गांव खरूंगचा के निर्विरोध चयन से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों ने इसे आपसी समझ, सौहार्द व एकजुटता का प्रतीक बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना किसी मुकाबले के हुआ यह चुनाव गांव में आपसी विश्वास व सहयोग की भावना को दर्शाता है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि गोपाल सिंह ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा पंचायत क्षेत्र के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ग्राम पंचायत नोहांडा व काऊंचा वार्ड के लोगों ने गोपाल सिंह को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है। वहीं, गोपाल सिंह ने वार्ड की जनता का सर्वसम्मति से पंच चुनने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में क्षेत्र के विकास व लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे तथा हर सुख-दुख में जनता के साथ खड़े रहेंगे। यह निर्विरोध चुनाव पंचायत स्तर पर भाईचारे, समझदारी और लोकतांत्रिक सहमति का एक अच्छा उदाहरण बनकर सामने आया है।

### रोपा पंचायत के फरबोग वार्ड ने छठी बार सर्वसम्मति से चुना वार्ड पंच

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** आनी विकास खंड की ग्राम पंचायत रोपा के सदर वार्ड फरबोग में पंचायत चुनावों से पहले आपसी भाईचारे व सहमति की मिसाल देखने को मिली। वार्ड के लोगों ने शलाल निवासी बीर सिंह को सर्वसम्मति से वार्ड सदस्य चुन लिया है।



स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2000 से पहले ही इस वार्ड में आपसी सहमति से प्रतिनिधि चुनने की परंपरा रही है। ग्रामीणों के अनुसार जब मुंडदढ़ पंचायत से अलग होकर ग्राम पंचायत रोपा का गठन हुआ, उसके बाद से आज तक फरबोग वार्ड में वार्ड पंच के लिए चुनाव की नौबत नहीं आई। हर बार आपसी सहमति व भाईचारे के साथ प्रतिनिधि चुना जाता रहा है। ग्रामीण रणबीर ने बताया कि बीर से पहले ब्रिज लाल, लाल चंद, मधु देवी व मोहर सिंह को भी सर्वसम्मति से चुना गया था। उन्होंने बताया कि फरबोग वार्ड के अंतर्गत शलाल, तदोचा, मंडार व फरबोग गांव आते हैं। सभी गांव आपसी तालमेल व सहमति से हर गांव को बारी-बारी प्रतिनिधित्व का अवसर देते हैं, जिससे क्षेत्र में सामाजिक एकता व सौहार्द बना रहता है। ग्रामीणों ने कहा कि वर्तमान समय में जहां पंचायत चुनावों में प्रतिस्पर्धा व राजनीतिक खींचतान देखने को मिलती है, वहीं, फरबोग वार्ड की यह परंपरा आपसी विश्वास, भाईचारे और लोकतांत्रिक सहमति का अनूठा उदाहरण पेश करती है।

# वार्ड-2 से निर्दलीय प्रत्याशी रमेश बंसल 'राजा' ने झोंकी ताकत, किए बड़े वादे

अनंत ज्ञान

सोलन नगर निगम चुनाव

**सोलन।** नगर निगम सोलन चुनाव 2026 को लेकर चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। वार्ड-2 से निर्दलीय प्रत्याशी रमेश बंसल उर्फ राजा ने अपने प्रचार अभियान का विधिवत शुभारंभ करते हुए मतदाताओं से समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने वार्ड के विकास और जनसेवा को अपनी प्राथमिकता बताया। रमेश बंसल ने कहा कि यदि जनता उन्हें पार्षद चुनती है, तो वह 15 दिनों के भीतर अपने वादों को अमलीजामा पहनाने की दिशा में कार्य शुरू कर देंगे। उन्होंने घोषणा की कि पार्षद बनने के बाद मिलने वाला पूरा वेतन वार्ड के विकास और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए समर्पित किया जाएगा। साथ ही वह हर माह अपनी ओर से अतिरिक्त आर्थिक सहयोग भी वार्ड हित में देंगे। निर्दलीय प्रत्याशी ने वार्ड में निजी स्तर पर एम्बुलेंस सेवा शुरू करने, पांच वाटर कूलर लगाने तथा जरूरत के अनुसार विभिन्न स्थानों पर पांच बैंच स्थापित करने का वादा किया। इसके अलावा निजी खर्च पर सफाई कर्मियों की व्यवस्था कर वार्ड की स्वच्छता सुनिश्चित करने की बात भी कही। उन्होंने मतदाताओं से एक मौका देने की अपील करते हुए कहा कि वह विकास और जनसेवा के वादों को धरातल पर उतारकर दिखाएंगे।



मतदाताओं के बीच पहुंचकर प्रचार करते रमेश बंसल। अनंत ज्ञान

## वार्ड-5: भाजपा ने खोला चुनाव कार्यालय

# भाजपा प्रत्याशी प्रियंका पांजा की जीत का किया दावा

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने वार्ड-5 में अपना चुनाव कार्यालय खोलकर चुनावी गतिविधियों को तेज कर दिया है। चुनाव कार्यालय का शुभारंभ सोलन भाजपा प्रभारी संजीव कटवाल ने किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला और भाजपा प्रत्याशी प्रियंका पांजा की जीत का दावा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजीव कटवाल ने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने तथा प्रियंका पांजा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले चुनाव में सस्ता पानी और मुफ्त कूड़ा उठाने जैसे वादे कर जनता को गुमराह किया गया, लेकिन धरातल पर लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं।

कटवाल ने कहा कि शहर में लोगों को 10-10 दिनों बाद पानी मिल रहा है, जिससे आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की झूठी गारंटियों और अधूरे वादों से जनता अब तंग आ चुकी है और इस बार मतदाता भाजपा के पक्ष में मन बना चुके हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. राजेश कश्यप, विनय गुप्ता तथा पूर्व पार्षद अमरदीप पांजा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नाहन ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क का पर्दाफाश उत्तराखंड का एक और आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस सक्रिय, मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तराखंड से जुड़े एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी नाहन में दर्ज मादक पदार्थ अधिनियम के मामले की जांच के दौरान की गई।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना नाहन में तीन अप्रैल 2026 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22, 25, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज किया गया था। उस दौरान एसआईयू टीम नाहन ने एक व्यक्ति से ट्रामाडोल के 56 नशीले कैप्सूल और टेपेंटाडोल की 49 गोलियां बरामद की थीं। बरामदगी के बाद आरोपी साबिर अहमद को गिरफ्तार कर पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू की।

जांच के दौरान पूछताछ और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को बाहरी राज्य से संचालित सप्लाई नेटवर्क की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने विकासनगर, जिला देहरादून निवासी मोहम्मद मुस्तफा उर्फ शोयब को डकरानी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी नशीले पदार्थों की सप्लाई चैन में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत, चालक फरार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर पुलिस के तहत माजरा क्षेत्र में सड़क हादसे का एक गंभीर मामला सामने आया है। पांवटा साहिब-कालाअंब नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आरोपी वाहन चालक की तलाश जारी है। माजरा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रॉयल रेडिएंस रिसॉर्ट भारापुर में मैनेजर के पद पर कार्यरत परीक्षित शर्मा पुत्र राम चंद्र निवासी गांव व डाकघर माजरा ने बताया कि वह भारापुर से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान धौलाकुआं स्थित पीएनबी बैंक के समीप सड़क पर एक व्यक्ति गिरा हुआ दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत अपनी कार सड़क किनारे खड़ी कर मौके पर जाकर देखा तो व्यक्ति सड़क पर उल्टा पड़ा हुआ था। इसके बाद तुरंत हादसे की सूचना पुलिस थाना माजरा को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि किसी अज्ञात वाहन ने व्यक्ति को टक्कर मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस अधीक्षक निश्चित सिंह नेगी ने मामले की पुष्टि की है।

## न्यूज ब्रीफ

### एबीवीपी का सोलन में दो दिवसीय केंद्रीय प्रवास कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के केंद्रीय प्रवास के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के सोलन विभाग में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में गुजरात प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री हिमालय सिंह झाला ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों, विस्तार योजनाओं, छात्र हितों से जुड़े मुद्दों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर गहन चर्चा की गई। इस दो दिवसीय प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ संवाद और संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सोलन विभाग की इस बैठक में कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। केंद्रीय प्रवास के दौरान गुजरात प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री झाला ने नौणी विश्वविद्यालय के कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में विश्वविद्यालय संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें छात्र हितों, शैक्षिक गतिविधियों और संगठन की भूमिका पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। इस अवसर पर झाला ने कार्यकर्ताओं को संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया और विश्वविद्यालय में छात्र हितों के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

# बिंदल का कांग्रेस पर हमला दस गारंटियां झूठ का पुलिंदा

## चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को व्यापक समर्थन मिलने का दावा

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और 7, 8 व 11 मई को वार्ड पंच, उपप्रधान, प्रधान, बीडीसी तथा जिला परिषद पदों के लिए नामांकन होंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा ने जिला परिषद चुनावों के लिए अपने समर्थित उम्मीदवारों की सूची पहले ही जारी कर दी है। नाहन के बनला वार्ड से भाजपा समर्थित उम्मीदवार अंकिता शर्मा के नामांकन अवसर पर पहुंचे बिंदल ने दावा किया कि उन्हें क्षेत्र की जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। डॉ. बिंदल ने सुखविंद्र सिंह सुखू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि तीन वर्षों में प्रदेश की जनता निराश और परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 2022 के चुनाव में महिलाओं को 1500 प्रतिमाह देने सहित कई गारंटियां दीं, लेकिन 42 महीने बाद भी यह वादे पूरे नहीं हुए। उन्होंने कहा कि महिलाओं का हजारों रुपए बकाया हो चुका है और युवा, कर्मचारी, किसान व बागवान सभी वर्ग परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिला, कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा और पेंशनर्स को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिंदल ने यह भी कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था कमजोर है और विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कमी है, इसलिए जनता को भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को समर्थन देना चाहिए।



नाहन में चुनाव प्रचार के दौरान डॉ. राजीव बिंदल। अनंत ज्ञान

# नगर निगम सोलन : प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह किए आवंटित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन के निर्वाचन-2026 के तहत वार्ड नंबर 1 से 17 तक के प्रत्याशियों को राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। यह जानकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल ने दी। वार्ड-1 देहूंघाट में कांग्रेस प्रत्याशी अर्चना ठाकुर को 'हाथ' और भाजपा प्रत्याशी नीलम को 'कमल' चिन्ह मिला है। वार्ड-2 रेलवे स्टेशन में कांग्रेस, भाजपा और आजाद उम्मीदवारों को क्रमशः 'हाथ', 'कमल' और 'उगता सूरज' चिन्ह दिए गए। वार्ड-3 कथेड़ में कांग्रेस और आजाद उम्मीदवारों को विभिन्न चिन्ह आवंटित किए गए।

वार्ड-4 से 7 तक में कांग्रेस, भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच 'हाथ', 'कमल', 'उगता सूरज', 'कार', 'कुर्सी' और 'ताला-चाबी' जैसे चिन्ह बांटे गए। वार्ड-8 से 10 में भी कांग्रेस और भाजपा के बीच मुख्य मुकाबला दिख रहा है। वार्ड-11 से 17 तक डिग्री कॉलेज, सन्नी साइड, कलीन, हाउसिंग बोर्ड, तहसील पटराड, रबौन आंजी और बसाल-कथेड़ वार्डों में भी कांग्रेस, भाजपा और निर्दलीय उम्मीदवारों को अलग-अलग चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं।

डॉ. बंसल ने बताया कि सभी प्रत्याशी अब अपने-अपने चिन्ह के साथ प्रचार में उतरेंगे और चुनावी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

# नगर पंचायत कंडाघाट : वार्ड 1 से 7 तक उम्मीदवारों को मिले चुनाव चिन्ह

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर पंचायत कंडाघाट के निर्वाचन-2026 के तहत वार्ड नंबर एक से सात तक के प्रत्याशियों को राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी कंडाघाट गोपाल शर्मा ने दी। वार्ड नंबर-1 सिलहारी वार्ड से अनिल शर्मा को 'कुर्सी', किशोर को 'ताला और चाबी' तथा रवि सेठी को 'सिलाई मशीन' चिन्ह मिला है। वार्ड-2 हिमुडा वार्ड से पारस शर्मा को 'कुर्सी', पुनीत शर्मा को 'ताला और चाबी' और रोहित को 'सिलाई मशीन' आवंटित हुआ।

वार्ड-3 पड़ाव वार्ड में राजकुमार को 'कुर्सी', राहुल ठाकुर को 'ताला और चाबी' तथा विवेक अग्रवाल को 'सिलाई मशीन' चिन्ह मिला है। वार्ड-4 में दीपा रानी को 'कुर्सी' और पुष्पा को 'ताला और चाबी' दिया गया। वार्ड-5 में भारती को 'कुर्सी' और रजिता को 'ताला और चाबी' मिला। वार्ड-6 में जसमीन कौर को 'कुर्सी', नीरज कुमार को 'ताला और चाबी' और वीरेंद्र कुमार को 'सिलाई मशीन' चिन्ह मिला है। वार्ड-7 बृजेश्वर महादेव वार्ड में कमलेश वर्मा को 'कुर्सी', मोनिका पंडित को 'ताला और चाबी' तथा शिप्रा ठाकुर को 'सिलाई मशीन' चिन्ह आवंटित किया गया।

## पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में देशभर के शिक्षा-नेताओं का संगम

# भावी शिक्षा प्रणाली व नेतृत्व पर विचारों का आदान-प्रदान



*अनंत ज्ञान, सोलन। पाइनग्रोव स्कूल ने 5 मई 2026 को देशभर के विभिन्न विद्यालयों से आए वरिष्ठ शिक्षा प्रतिनिधियों के एक विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की। इस प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राज्यों के प्रिंसिपल, निदेशक और शिक्षा विशेषज्ञ शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल में गुरुकुला पब्लिक स्कूल कर्नाटक की प्रिंसिपल डॉ. रूपा शेनॉय, फाउंटेनहेड स्कूल गुजरात की प्रियंका चहवाला, हार्वेस्ट पब्लिक स्कूल तेलंगाना की आर पार्वती रेड्डी, प्रकृति द स्कूल हैदराबाद की संस्थापक लक्ष्मी रेड्डी सहित अन्य शिक्षा विशेषज्ञ मौजूद रहे। विद्यालय के प्रमुख अध्यापक संजय चौहान ने पाइनग्रोव स्कूल की कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसने शिक्षा और नेतृत्व को लेकर सार्थक संवाद को बढ़ावा दिया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल को विद्यालय परिसर का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने संस्थान की आधुनिक सुविधाओं और शैक्षिक वातावरण का अवलोकन किया।*

# ईमानदारी की मिसाल : ऑस्ट्रेलिया निवासी महिला का खोया आईफोन-15 लौटाया

## ऑटो यूनियन और पुलिस की तत्परता से मिला मोबाइल

अनंत ज्ञान



**सोलन।** ऑटो रिक्शा यूनियन सोलन और सोलन पुलिस ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की अनूठी मिसाल पेश की है। करीब एक सप्ताह पहले एक ऑटो में छूटा आईफोन-15 सुरक्षित रूप से उसके परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार यूनियन के महासचिव राजेंद्र कुमार को ऑटो में मोबाइल मिला, जिसे उन्होंने तुरंत यूनियन प्रधान धर्मपाल ठाकुर को सौंप दिया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई और मालिक की तलाश शुरू की गई। कांस्टेबल पंकज ठाकुर ने तकनीकी जानकारी और संपर्कों की मदद से मालिक की पहचान की। पता चला कि मोबाइल ऑस्ट्रेलिया निवासी महिला का है, जो भारत यात्रा के बाद लौट चुकी थीं। वीडियो कॉल के माध्यम से महिला से पुष्टि के बाद मोबाइल उनके परिजनों को सौंप दिया गया। इस कार्य से लोगों का पुलिस और यूनियन पर भरोसा और मजबूत हुआ।

# अपराध समीक्षा बैठक : लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के निर्देश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला स्तरीय अपराध समीक्षा एवं पुलिस जवानों के वेलफेयर संबंधी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला सोलन के समस्त पर्यवेक्षक अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा पुलिस लाइन के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वर्ष 2026 में जिला में घटित/दर्ज आपराधिक मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी पर्यवेक्षक अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को थानों में लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, सभी थाना प्रभारियों को लंबे समय से लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा कर अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना/चौकी प्रभारियों को विशेष रूप से संगीन अपराधों, मादक पदार्थों तथा साइबर अपराधों पर कड़ी निगरानी रखने तथा इन मामलों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नागरिकों, युवाओं एवं शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव एवं साइबर ठगी के प्रति जागरूक करने हेतु भी निर्देशित किया गया। इसके अलावा, पुलिस कर्मियों के वेलफेयर के संबंध में भी चर्चा की गई तथा उनकी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी पुलिस कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ निभाने के निर्देश दिए गए।

◆ **एसपी की अध्यक्षता में अपराध नियंत्रण और पुलिस वेलफेयर पर विस्तृत समीक्षा**

# नगर निगम सोलन के निर्वाचन के लिए 30 ईवीएम भंडारण कक्ष में रखवाई



**अनंत ज्ञान, सोलन।** अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन की निगरानी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नगर निगम सोलन के निर्वाचन के लिए वीरवार को 30 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पूरी सुरक्षा के साथ नगर निगम के भंडारण कक्ष में रखवाई गई।

### एसएनएस फाउंडेशन ने किया मलेरिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** एसएनएस फाउंडेशन के प्रांगण में बुधवार को सीएमओ सोलन की मौजूदगी में मलेरिया एवं डेंगू से बचाव को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आशा वर्कर्स, फाउंडेशन के छात्र-छात्राओं और स्वास्थ्य विभाग की टीम सहित 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों को मलेरिया और डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने साफ-सफाई बनाए रखने, पानी को इकट्ठा न होने देने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अमित रंजन उपस्थित रहे।

### सोलन ट्रांसपोर्ट ट्रक ऑपरेटर सोसायटी की कार्यकारिणी गठन पंचायत चुनावों के बाद

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** जिला सोलन ट्रांसपोर्ट ट्रक ऑपरेटर सोसायटी दाड़लाघाट (एसडीटीओ) की कार्यकारिणी गठन को लेकर आयोजित बैठक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी। प्रधान, उपप्रधान एवं कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदों पर सहमति न बनने के चलते बैठक बेनतीजा रही। अब पंचायत चुनावों के समापन के पश्चात ही परिवहन सभा की चुनाव प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिसके बाद तीनों पदों का चयन चुनाव के माध्यम से किया जाएगा। बुधवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता दभोटा वार्ड से ट्रक निदेशक सुरमुख सिंह ने की। जानकारी के अनुसार जिला में सोसायटी के कुल 21 वार्ड हैं। 23 अप्रैल को यूनियन की चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें 14 वार्डों में सदस्यों का चुनाव हुआ, जबकि 7 वार्डों में सदस्य निर्विरोध चुने गए। उधर चुनाव प्रबंधक नरपत राम शर्मा ने बताया कि पंचायत चुनावों के बाद कार्यकारिणी के तीन प्रमुख पदों प्रधान, उपप्रधान और कोषाध्यक्ष के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### लघु उद्योग भारती की एचपीएसईबी अधिकारियों के साथ अहम बैठक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** लघु उद्योग भारती कालाअंब एसोसिएशन की ओर से औद्योगिक क्षेत्र में बिजली से जुड़ी समस्याओं और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने को लेकर हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लघु उद्योग भारती कालाअंब के अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने की। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं उद्योगपति केसी पारिख, अजय गर्ग, संदीप गर्ग, अंकुश क्लेयर, दिलीप कुमार और अमन दुग्गल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में एचपीईबी की ओर से अध्यक्ष प्रबोध सक्सेना, निदेशक संचालन एमजी शर्मा, मुख्य अभियंता संचालन दक्षिण अनुप राम तथा मुख्य अभियंता ई. एस मनदीप सिंह मौजूद रहे।

## ईवीएम पर फिर विवाद

# संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने उठाए चुनाव प्रणाली पर सवाल

अनंत ज्ञान

**नाहन।** हर्षवर्धन चौहान ने ईवीएम से हो रहे चुनावों पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि देश में चुनाव निष्पक्ष नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग और केंद्रीय एजेंसियां केंद्र सरकार के दबाव में काम कर रही हैं। उन्होंने ईवीएम प्रणाली पर संदेह जताते हुए कहा कि कुछ देशों में अब बैलेट पेपर से चुनाव की ओर वापसी हो रही है। साथ ही ईवीएम हैकिंग की संभावना की बात भी दोहराई। हालांकि उन्होंने परंपराओं का हवाला देते हुए यह भी कहा कि चुनाव हारने के बाद पद से इस्तीफा देना चाहिए और इस संदर्भ में उन्होंने ममता बनर्जी के इस्तीफे को उचित बताया।

◆ **नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की स्थिति मजबूत भाजपा में बगावत का दावा**

नगर निगम सोलन चुनाव को लेकर उन्होंने कांग्रेस की स्थिति मजबूत बताते हुए कहा कि पार्टी ने जिताऊ उम्मीदवारों को टिकट दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के बागी उम्मीदवारों को मनाने की कोशिश जारी है, जबकि भाजपा में अधिक बगावत देखने को मिल रही है। इसके अलावा उन्होंने शिमला के भराड़ी क्षेत्र में धमकी भरे पोस्टरों को शरारती तत्वों की करतूत बताया और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही जनता से अफवाहों से बचने की अपील की। उद्योगों के पलायन के आरोपों पर उन्होंने कहा कि हिमाचल से कोई बड़ा उद्योग बाहर नहीं गया है और छोटे उद्योगों के जाने के कई कारण हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार नई औद्योगिक नीति के जरिए निवेश को बढ़ावा दे रही है।

## नई दिल्ली सम्मेलनों में नवाचार, डिजाइन और आईपीआर पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा

# शूलिनी विवि ने मजबूत की बौद्धिक संपदा में पहचान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने नई दिल्ली में आयोजित दो प्रमुख राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेकर बौद्धिक संपदा, नवाचार और डिजाइन के क्षेत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। विश्वविद्यालय की इस उपस्थिति को अनुसंधान और आईपीआर विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

शूलिनी बौद्धिक संपदा अधिकार कार्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने 28 अप्रैल को वाणिज्य भवन में आयोजित विश्व बौद्धिक संपदा दिवस सम्मेलन 2026 में हिस्सा लिया। यह सम्मेलन फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग तथा बौद्धिक संपदा अधिकार संवर्धन एवं प्रबंधन प्रकोष्ठ के सहयोग से आयोजित किया गया। सम्मेलन का विषय 'बौद्धिक संपदा और खेल: तैयार, शुरू, नवाचार' रहा। विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ प्रबंधक हिमांशु शर्मा और सहायक प्रोफेसर डॉ. ऋचिका मेहता ने किया। सम्मेलन में खेल क्षेत्र में बौद्धिक संपदा की बढ़ती भूमिका, खिलाड़ी और मीडिया अधिकार, जीआई टैग, खेल उपकरणों में नवाचार, डेटा, वियरेबल तकनीक और प्रदर्शन विश्लेषण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। विश्वविद्यालय ने कहा कि यह भागीदारी अनुसंधान, नवाचार और बौद्धिक संपदा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल के तीन छात्र राष्ट्रीय थ्रो बॉल चैंपियनशिप के लिए चयनित



राष्ट्रीय थ्रो बॉल चैंपियनशिप के लिए चयनित खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अर्की।** लक्ष्य कान्वेंट स्कूल मंजयाट के पांच विद्यार्थियों हार्दिक, दिया, हर्षित, कार्तिक और हर्ष का चयन राष्ट्रीय थ्रोबॉल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। चयनित विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर राजस्थान में आयोजित प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है। विद्यालय प्रशासन ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. कुसुमलता गुप्ता ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

# सेंसेक्स 114 अंक गिरकर 77,845 के स्तर पर पहुंचा



**एजेंसी, मुंबई**

विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव के बीच घरेलू शेयर बाजार में वीरवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। पूरे कारोबारी सत्र में उतार-चढ़ाव के बाद प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 114.00 (0.14%) अंकों की गिरावट के साथ 77,844.52 के स्तर पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला निफ्टी 4.30 (0.02%) अंक टूटकर 24,326.65 पर लगभग सपाट बंद हुआ।

दिनभर के अस्थिर कारोबार के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 114 अंक या 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,844.52 के स्तर पर बंद हुआ। ट्रेडिंग सत्र के दौरान सेंसेक्स ने 78,384.70 का उच्च और 77,713.21 का निचला स्तर छुआ, जो करीब 671 अंकों के भारी उतार-चढ़ाव को दर्शाता है। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 4.30 अंक या 0.02 प्रतिशत के नुकसान के साथ 24,326.65 पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

### बाजार में गिरावट के ये रहे मुख्य कारण

**शेयर** बाजार में इस सुस्ती और दबाव की सबसे बड़ी वजह विदेशी संस्थागत निवेशकों की आक्रामक बिकवाली रही है। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने सिर्फ बुधवार को ही 5,834.90 करोड़ रुपए मूल्य के इक्विटी शेयर बेचे। लेमन मार्केट्स डेस्क के रिसर्च एनालिस्ट गौरव गर्ग के अनुसार, 'एफआईआई की निकासी और कमजोर वैश्विक संकेतों ने बाजार पर नकारात्मक असर डाला है। इसके साथ ही भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने भी निवेशकों के जोखिम लेने की क्षमता और उनके आत्मविश्वास को सीमित कर दिया है।'

# नीति आयोग ने स्कूली शिक्षा के लिए तैयार किया रोड मैप

## शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर करना और सभी को एक जैसे शिक्षा अवसर देना ध्येय

**एजेंसी नई दिल्ली**

नीति आयोग ने एक रिपोर्ट जारी की है जिसका नाम है 'भारत में स्कूली शिक्षा सिस्टम: क्वालिटी बढ़ाने के लिए समय का एनालिसिस और पॉलिसी रोडमैप'। इस रिपोर्ट में पिछले 10 वर्षों में भारत के स्कूल शिक्षा सिस्टम का पूरा अध्ययन किया गया है। इसमें यह देखा गया है कि कितने बच्चे स्कूल में पढ़ रहे हैं और सिस्टम में क्या-क्या सुधार हुए हैं।

रिपोर्ट का मकसद पूरे देश में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना और सभी छात्रों को एक जैसे अच्छे सीखने के अवसर देना है। इस पॉलिसी में 11 बड़ी सिस्टमिक और एकेडमिक चुनौतियों की पहचान की गई और स्कूल शिक्षा की क्वालिटी को मजबूत करने के लिए 13 पूरी सिफारिशों वाला एक रोडमैप पेश किया गया। (अनंत ज्ञान)



स्कूली शिक्षा को लेकर रिपोर्ट जारी करते नीति आयोग के सदस्य।

### 33 क्रियान्वयन उपाय और 125+ इंडिकेटर तय

**आठ** सिस्टमिक सिफारिशों में कम्पोजिट स्कूलों के जरिए स्कूल के स्ट्रक्चर में सुधार, इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना, गवर्नेंस में सुधार, टीचर की तैनाती और प्रोफेशनल डेवलपमेंट, डिजिटल लर्निंग को बढ़ाना और बराबरी और समावेश को बढ़ावा देना शामिल है। पांच एकेडमिक सिफारिशें पढ़ाने के तरीके और असेसमेंट को बदलने, बुनियादी पढ़ाई को मजबूत करने, पूरी शिक्षा और स्टूडेंट की भलाई को बढ़ावा देने, वोकेशनल शिक्षा को जोड़ने और पढ़ाने के इनोवेशन के लिए एआई के इस्तेमाल को बढ़ाने पर फोकस करती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रिपोर्ट में शॉर्ट-टर्म, मीडियम-टर्म और लॉन्ग-टर्म टाइमलाइन में 33 लागू करने के तरीके भी बताए गए हैं और इसमें प्रोग्रेस को ट्रैक करने के लिए 125 से ज्यादा मापने लायक परफॉर्मेंस इंडिकेटर शामिल हैं।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और लर्निंग आउटकम में प्रगति दर्ज

**रिपोर्ट** में दिया गया एनालिसिस स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी तरक्की को दिखाता है, फंक्शनल सैनिटेशन सुविधाओं और इनक्लूसिव इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोविजन में साथ ही स्कूलों में कंप्यूटर, इंटरनेट कनेक्टिविटी और स्मार्ट क्लासरूम तक बेहतर एक्सेस के जरिए डिजिटल लर्निंग इकोसिस्टम के बड़े विस्तार को भी दिखाता है।' रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि 'इक्विटी और इनक्लूजन में बढ़ावा देने वाले फायदे, खासकर लड़कियों की भागीदारी में और सभी एजुकेशनल स्टेज में एससी और एसटी स्टूडेंट्स के बेहतर एनरोलमेंट में।' इसमें महामारी के बाद सीखने के नतीजों में सुधार के संकेत भी बताए गए, खासकर बुनियादी साक्षरता और गिनती में, जिसे एनईपी 2020, निपुन भारत मिशन और समग्र शिक्षा अभियान जैसी पहलों से मदद मिली।

# शादी की सालगिरह पर पूर्व मंत्री महेश जोशी गिरफ्तार

**एजेंसी, जयपुर**

◆ बोले-सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पूर्व मंत्री महेश जोशी को जयपुर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया है। जल जीवन मिशन में हुए करीब 900 करोड़ रुपए के घोटाले में एसीबी की एसआईटी ने यह कार्रवाई की है। आज ही जोशी की शादी की सालगिरह भी है। डीआईजी डॉ. रामेश्वर सिंह ने बताया कि एसीबी सुबह करीब साढ़े चार बजे सैन कॉलोनी, पावर हाउस रोड, जयपुर रेलवे स्टेशन के पास पहुंच गई थी। यहां महेश जोशी को उनके आवास से पकड़ा गया। सुबह करीब 10 बजे जयपुरिया हॉस्पिटल में मेडिकल कराया गया। मेडिकल टेस्ट के बाद महेश जोशी को एक बार फिर एसीबी मुख्यालय लाया गया। इसके बाद दोपहर करीब 12:30 बजे उन्हें एसीबी कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने महेश जोशी को 5 दिन के रिमांड पर भेज दिया है।



उधर, जोशी ने कहा- मैं निर्दोष हूं, मेरी कोई गलती नहीं। सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। यदि मैं खुद को निर्दोष साबित नहीं कर सका तो कुछ ऐसा करूंगा कि किसी को मुझसे कोई शिकायत नहीं होगी। पूर्व मंत्री महेश जोशी को एसीबी सुबह जयपुरिया हॉस्पिटल लेकर पहुंची। यहां उन्होंने कहा- मैं निर्दोष हूं, मेरी कोई गलती नहीं है। पूर्व मंत्री महेश जोशी को एसीबी सुबह जयपुरिया हॉस्पिटल लेकर पहुंची। यहां उन्होंने कहा- मैं निर्दोष हूं, मेरी कोई गलती नहीं है। जयपुर रेलवे स्टेशन के पास सैन कॉलोनी, पावर हाउस रोड के इसी घर में पूर्व मंत्री महेश जोशी रहते हैं। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे यहीं से उनकी गिरफ्तारी हुई। शादी की सालगिरह की वजह से जोशी का आज विभिन्न मंदिरों में दर्शन करने जाने का कार्यक्रम था। इससे पहले ही सुबह 5:00 बजे एसीबी की टीम ने उन्हें पकड़ लिया। जोशी के रिक्वेस्ट करने पर टीम ने उन्हें स्नान करने के बाद शिव मंदिर में जल चढ़ाने की अनुमति भी दे दी थी। इसके बाद जोशी को एसीबी मुख्यालय लाया गया। (अनंत ज्ञान)

# केंद्र का एनटीएफ एनर्जी के साथ समझौता

## सस्वदेशी टाइप-4 सीएनजी सिलेंडर का होगा वाणिज्यिक उत्पादन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में सीएनजी सिलेंडरों के आधुनिक स्वरूप को बढ़ाने के लिए भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के अंतर्गत प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) ने एनटीएफ एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है।

इस समझौते के तहत कंपनी स्वदेशी तकनीक से विकसित टाइप-चार सीएनजी सिलेंडर के वाणिज्यिक उत्पादन के लिए अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा स्थापित करेगी।

केंद्रीय विज्ञान एवं तकनीक मंत्रालय ने बताया कि यह परियोजना सरकार के क्लीन एनर्जी मोबिलिटी विजन और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के अनुरूप है। इसका उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन कम करना, स्वदेशी विनिर्माण को मज़बूत करना और उन्नत गैस स्टोरेज सिस्टम के जरिए स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देना है। टाइप-4 कंपोजिट सिलेंडर पारंपरिक स्टील सिलेंडरों की तुलना में 75 प्रतिशत तक हल्के होते हैं। इससे वाहनों की दक्षता बढ़ती है और उत्सर्जन में कमी आती है। इन सिलेंडरों में जंग-रोधी पॉलिमर लाइनर, उन्नत सीएफआरपी ले-अप और मैकेनिकल लॉकिंग सिस्टम का उपयोग किया गया है। इनका बर्स्ट प्रेशर 600 बार से अधिक है, जो नियामकीय मानकों से कहीं ज्यादा है और सुरक्षा को और मजबूत करता है। (अनंत ज्ञान)

### स्वच्छ व कुशल परिवहन में आगे बढ़ेगा भारत

**एनटीएफ** एनर्जी सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक नवीन जैन और निदेशक नमन जैन ने कहा कि टीडीबी का सहयोग इस तकनीक के वाणिज्यिकरण को तेज करेगा और कंपनी भारत को स्वच्छ व कुशल परिवहन की दिशा में आगे बढ़ाने में योगदान दे सकेगी। वहीं, टीडीबी सचिव राजेश कुमार पाठक ने कहा कि स्वदेशी तकनीक से बने उन्नत सिलेंडरों का वाणिज्यिक उत्पादन भारत की क्लीन मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडिजिनस मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को मजबूत करेगा।

# मणिपुर में कई उग्रवादी काबू हथियार-विस्फोटक बरामद

**एजेंसी, इंफाल**

मणिपुर में सुरक्षा बलों और पुलिस द्वारा बीते 24 घंटे में चलाए गए अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के कई कैडरों को गिरफ्तार किया। अभियान के दौरान भारी मात्रा में नकदी, हथियार, विस्फोटक और अन्य सामान भी बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के लामसांग थाना क्षेत्र स्थित लामलोंगेई आवांग लेकाई निवासी केसीपी (पीएससी-पोलित ब्यूरो स्टैंडिंग कमेटी) के कैडर हाओबाम जॉनसन मैतेई (25) उर्फ सनाथोई उर्फ सागेई को उसके घर से गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाइल फोन और आधार कार्ड बरामद किया गया। इसी संगठन की एक महिला कैडर सलाम ओंगबी कोंजेंगबाम करुणा देवी (51) उर्फ पिपिक को भी इंफाल थाना क्षेत्र के सगोलबंद मेइनो लेइराक स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 6.81 लाख नकद, एक मोबाइल फोन और आधार कार्ड बरामद किया गया। एक अन्य अभियान में प्रीपाक (पीआरओ) के कैडर वांगखेम रोहित सिंह उर्फ अंगखेई (25) को चिंगमेइरोंग मानिंग लेकाई स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। वहीं, मणिपुर पुलिस ने तीन मई को इंफाल एयरपोर्ट के निकट हुए विस्फोट मामले में संलिप्त केसीपी (पीएससी) के कैडर लैशराम इबोमचा मैतेई (47) को इंफाल पूर्व जिले के पोरोमपट थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। (अनंत ज्ञान)

# एफडीआई : गुजरात देश में तीसरे स्थान

## नौ महीनों में 44,041.7 करोड़ रुपए का भारी विदेशी निवेश किया आकर्षित

**एजेंसी, गांधीनगर**

फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) प्राप्त करने में गुजरात देशभर में तीसरे स्थान पर रहा है। अप्रैल-2025 से दिसंबर-2025 के नौ महीनों के दौरान गुजरात ने करीब 44,041.7 करोड़ रुपए का भारी विदेशी निवेश आकर्षित किया है। इन आंकड़ों से साफ है कि गुजरात देश के टॉप-3 राज्यों में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखते हुए विदेशी निवेशकों के लिए सुरक्षित और प्रगतिशील गंतव्य बनकर उभरा है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात 'विकसित भारत' के लिए 'विकसित गुजरात' के मंत्र के साथ विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भारत सरकार के




डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) प्राप्त करने में गुजरात देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

अप्रैल-2025 से दिसंबर-2025 के नौ महीनों के दौरान गुजरात ने करीब 44,041.7 करोड़ रुपए का भारी विदेशी निवेश आकर्षित किया है। इस अवधि में राज्य में आए कुल एफडीआई का 52 प्रतिशत हिस्सा अकेले अहमदाबाद जिले में दर्ज किया गया। गुजरात ने सिर्फ अक्तूबर-2025 से दिसंबर-2025 के तीन महीनों में ही 24,716 करोड़ रुपए का निवेश हासिल किया, जिसमें अहमदाबाद को सर्वाधिक 23,699 करोड़ रुपए का निवेश मिला। इससे यह स्पष्ट होता है कि अहमदाबाद तेजी से वैश्विक स्तर के बिजनेस सेंटर के रूप में विकसित हो रहा है।

दूसरे स्थान पर गांधीनगर रहा, जहां 590 करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ। गिफ्ट सिटी राज्य में विदेशी निवेश आकर्षित करने में अहम भूमिका निभा रही है। इसके अलावा खेड़ा, कच्छ, महेसाणा, पंचमहल, राजकोट, सूरत, सुरेंद्रनगर, वडोदरा, आनंद और नवसारी भी विदेशी निवेश आकर्षित करने में सफल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# 'सीएम दी योगशाला' पहल से समाज को स्वस्थ बनाने की दिशा में सराहनीय प्रयास

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर ,साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** साहिबजादा अजीत सिंह नगर जिले में मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की महत्वाकांक्षी एवं जनहितकारी पहल 'सीएम दी योगशाला' के अंतर्गत लोगों में स्वास्थ्य, योग एवं सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है। पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई यह विशेष पहल आज हजारों लोगों को योग से जोड़कर स्वस्थ एवं खुशहाल पंजाब के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

जानकारी देते हुए जिला योगा को-ऑर्डिनेटर प्रतिमा डावर ने बताया कि पंजाब सरकार का उद्देश्य है कि योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचें, ताकि प्रत्येक नागरिक स्वस्थ, तनावमुक्त एवं ऊर्जावान जीवन जी सके। 'सीएम दी योगशाला' अभियान के माध्यम से पंजाब सरकार लोगों को निशुल्क योग प्रशिक्षण उपलब्ध करवा रही है, जिससे 'रंगला पंजाब' की परिकल्पना को साकार करने में सहायता मिल रही है।

जिले के विभिन्न गांवों, वार्डों, पार्कों एवं सामुदायिक स्थलों पर नियमित रूप से योग कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। वर्तमान समय में जिले में कुल 545 योग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएँ, युवा, बुजुर्ग एवं विद्यार्थी भाग लेकर योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कर रहे हैं।

प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा लोगों को योग के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली, तनाव प्रबंधन एवं दैनिक स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियां भी दी जा रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार नियमित योगाभ्यास से मानसिक तनाव कम होता है, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से अधिक स्वस्थ रहता है।

इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त कोमल मित्तल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा शुरू की गई 'सीएम दी योगशाला' पहल समाज को स्वस्थ एवं जागरूक बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। जिले में नागरिकों की बढ़ती भागीदारी यह दर्शाती है कि लोग योग के प्रति जागरूक हो रहे हैं।

# पंजाब की सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ेगी लोक जनशक्ति पार्टी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 में राज्य की सभी 117 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। पार्टी ने इसके लिए तैयारियों की शुरुआत तेज कर दी है और 14 जून 2026 को जालंधर में राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. केपी चौधरी ने बताया कि तैयारियों की शुरुआत 9 मई 2026 को जालंधर स्थित रेडक्रॉस भवन में समीक्षा बैठक के साथ होगी। इसी दिन भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत देवी तालाब मंदिर, वाल्मीकि मंदिर, अंबेडकर चौक और गुरु रविदास भवन में श्रद्धांजलि और दर्शन के बाद समीक्षा बैठक होगी। बैठक में सदस्यता अभियान की शुरुआत और पंजाब राज्य समिति व विभिन्न मोर्चों के गठन पर चर्चा की जाएगी। पार्टी नेताओं ने दावा किया कि पंजाब में संगठन को मजबूत कर व्यापक स्तर पर चुनावी तैयारी की जा रही है।




# स्पेन में दस्तावेज प्रक्रिया तेज करने की मांग, सांसद संधू ने सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, मोहाली।** राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने स्पेन के मैड्रिड और बार्सिलोना में रह रहे प्रवासी भारतीयों के लिए पासपोर्ट और अन्य दस्तावेजों की प्रक्रिया तेज करने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है।

विदेश मामलों की स्थायी समिति के सदस्य संधू ने बताया कि उन्हें सिख गुरुद्वारा समुदाय और अन्य भारतीय संगठनों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि पासपोर्ट नवीनीकरण, पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) और अन्य कांसुलर सेवाओं में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि स्पेन में चल रही इमिग्रेशन रेगुलराइजेशन प्रक्रिया के बीच दस्तावेजों की कमी के कारण कई भारतीय अपने कानूनी काम पूरे नहीं कर पा रहे हैं, जिससे वे गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

संधू ने विदेश मंत्रालय से आपातकालीन दस्तावेज़ सेवाओं में तेजी, कांसुलर सहायता बढ़ाने और विशेष दस्तावेज शिविर आयोजित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति से प्रवासी भारतीयों के काम, स्वास्थ्य और पारिवारिक जीवन पर असर पड़ रहा है। वहीं यूरोप में रहने वाले भारतीय समुदाय ने भी उनके हस्तक्षेप की सराहना करते हुए प्रक्रिया को और तेज करने की मांग की है।

# सीबीआई स्टाफ फेडरेशन का 25-26 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन ने 25 और 26 मई को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। फेडरेशन का कहना है कि अवार्ड स्टाफ (लिपिक और अधीनस्थ कर्मचारियों) से जुड़े मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं और प्रबंधन का रवैया इन पर उदासीन बना हुआ है। एसबीआई स्टाफ एसोसिएशन, चंडीगढ़ सर्कल के महासचिव इकबाल सिंह मल्ही ने प्रेस मीट में बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान द्विपक्षीय चर्चाओं, समझौतों और संवाद के माध्यम से किया जाता रहा है, लेकिन अब यह व्यवस्था प्रभावी ढंग से काम नहीं कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई समझौतों का सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो रहा है और उनका उल्लंघन बढ़ता जा रहा है। इसी कारण कर्मचारियों में असंतोष बढ़ा है और फेडरेशन को हड़ताल का निर्णय लेना पड़ा है।

# डीसी कार्यालय कर्मचारियों के लिए स्व-गणना सत्र आयोजित




अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, मोहाली।** आज जिला प्रशासनिक परिसर के मीटिंग हॉल में, डिप्टी कमिश्नर कार्यालय के कर्मचारियों के लिए जनगणना 2027 के 'स्व-गणना' चरण के संबंध में एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का संचालन सहायक आयुक्त (सामान्य) डॉ. अंकिता कंसल ने किया।

सत्र के दौरान, अधिकारियों और कर्मचारियों को ऑनलाइन 'स्व-गणना' पोर्टल के माध्यम से अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक विवरण अपलोड करने की प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। उन्हें पोर्टल के माध्यम से डेटा भरने और जमा करने के तरीके पर व्यावहारिक सहायता भी प्रदान की गई। यह जानकारी दी गई कि कोई भी नागरिक 14 मई तक पोर्टल ce.census.gov.in के माध्यम से अपने परिवार का 'स्व-गणना' डेटा ऑनलाइन अपलोड कर सकता है। इसके बाद, गणना करने वाले विवरणों को सत्यापित करने के लिए घरों का दौरा करेंगे और 15 मई से 13 जून तक जनगणना 2027 का पहला चरण शुरू करेंगे।

डॉ. अंकिता कंसल ने जिले के निवासियों से अपील की कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और अपना जनगणना डेटा ऑनलाइन अपलोड करें। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया बहुत सरल है और इसे मोबाइल फोन का उपयोग करके आसानी से पूरा किया जा सकता है।

# अमर प्रोफेशनल्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग में वर्ल्ड रेडक्रॉस-डे मनाया

**अनंत ज्ञान, साहिबजदा अजीत सिंह नगर।** अमर प्रोफेशनल्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग, दयालपुरा में वर्ल्ड रेडक्रॉस-डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने किया, जो डिस्ट्रिक्ट रेड क्रॉस सोसाइटी की अध्यक्ष भी हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर गीतिका सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम 'इंसानियत को जिंदा रखना' नर्सिंग क्षेत्र के छात्रों की सेवा भावना से जुड़ी हुई है। कार्यक्रम में राज्य एंबुलेंस प्रतियोगिता में जिले के लिए तीसरा स्थान हासिल करने वाले 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अतिथियों ने पौधारोपण भी किया। डिस्ट्रिक्ट रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव हरबंस सिंह ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि स्पेशल बच्चों के लिए 'विंग्स कैंटीन' सफलतापूर्वक चलाई जा रही है, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। कार्यक्रम में कॉलेज प्रिंसिपल बबीता, मनोज शर्मा, संदीप सिंह सहित रेडक्रॉस और कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# अशोक गोयल ने लॉन्च किया 'मूनशाइन उबटन पैक'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उबटन को आयुर्वेद में सबसे पुराना और प्राकृतिक कॉस्मेटिक माना जाता है, और इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए चंडीगढ़ के 73 वर्षीय अशोक कुमार गोयल ने अपना नया उत्पाद 'मूनशाइन उबटन पैक' लॉन्च किया है। उन्होंने बताया कि उबटन हल्दी, चंदन, गुलाब, नीम और दूध जैसे प्राकृतिक तत्वों से तैयार किया जाने वाला फेस मास्क है, जो त्वचा को निखारने और डेड स्किन हटाने में मदद करता है। उनके अनुसार यह पूरी तरह आयुर्वेदिक और प्राकृतिक उत्पाद है, जो त्वचा को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता बल्कि उसे स्वस्थ और चमकदार बनाता है। गोयल ने कहा कि नियमित उपयोग से त्वचा फ्रेश और मॉइश्चराइज रहती है तथा दाग-धब्बे, पिंपल और टैनिंग जैसी समस्याओं में भी लाभ मिल सकता है। उन्होंने बताया कि इस फॉर्मूले की शुरुआत पारिवारिक सलाह से हुई थी, जब उन्होंने घरेलू स्तर पर उबटन तैयार किया था। बेहतर परिणाम मिलने के बाद परिवार के सुझाव पर इसे अब बाजार में लॉन्च किया गया है।




# आरबीयू में आईसीएएएस-2026 का आयोजन, कृषि तकनीकों पर मंथन

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, मोहाली।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी (आरबीयू) के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज ने पंजाब स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी तथा माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स सोसायटी ऑफ इंडिया के सहयोग से 'एडवांस इन एग्रीकल्चर साइंसेज (आईसीएएएस-2026)' विषय पर दूसरी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह सम्मेलन हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया, जिसमें भारत और विदेशों से 250 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सभा का स्वागत करते हुए डीन प्रो. (डॉ.) अमिता महाजन ने सहयोगात्मक शोध के महत्व पर जोर दिया। वाइस-चांसलर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने राष्ट्रीय विकास में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि चांसलर गुरविंदर सिंह बाहरा ने कृषि विज्ञान में नई तकनीकों पर अपने विचार साझा किए। मुख्यातिथि, पंजाब राज्य खाद्य आयोग के चेयरमैन बाल मुकंद शर्मा ने कृषि व्यवसाय उद्यमिता पर एक रोचक व्याख्यान दिया, जिसमें विद्यार्थियों ने विशेष रुचि दिखाई। प्रमुख वक्ताओं में डॉ. प्रीतपाल सिंह, डॉ. रवनीत कौर और डॉ. बलबीर सिंह खड्डा शामिल थे, जिन्होंने कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उभरते रुझानों के बारे में जानकारी साझा की। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय से अंतरराष्ट्रीय वक्ता डॉ. सुभाष मिद्धा ने कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर संबोधित किया। सम्मेलन में पेपर प्रस्तुतियां, पोस्टर सत्र और प्रोजेक्ट डिस्प्ले भी आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। अंत में डॉ. केएस चंदेल द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### जूलियन मेथेरेल होंगे मेरिलबोन क्रिकेट क्लब के नए अध्यक्ष

**एजेंसी, लंदन।** द हंड्रेड फ्रेंचाइजी लंदन स्पिरिट के अध्यक्ष जूलियन मेथेरेल इस साल अक्टूबर से तीन साल के लिए मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अगले अध्यक्ष होंगे जो इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज एड स्मिथ की जगह लेंगे। मेथेरेल पिछले 40 साल से एमसीसी के सदस्य हैं और 2025 एजीएम में सदस्यों से हरी झंडी मिलने के बाद इसकी समिति का हिस्सा बने। स्मिथ ने नए अध्यक्ष के तौर पर उनका नामांकन किया। 1787 में स्थापित एमसीसी प्रतिष्ठित लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड का मालिक है और खेल को नियंत्रित करने वाले नियमों का संरक्षक है। (अनंत ज्ञान)

### तस्कीन की वापसी से मजबूत होगा बांग्लादेश आक्रमण : नजमुल

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने करीब दो साल बाद टेस्ट टीम में लौट रहे तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद पर भरोसा जताते हुए कहा कि वह पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में प्रभावी प्रदर्शन करेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 8 मई से शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। तस्कीन ने अपना पिछला टेस्ट मैच 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। नजमुल ने कहा, 'तस्कीन ने अच्छी तैयारी की है। मौसम की वजह से मुश्किलें जरूर रहीं, लेकिन उन्होंने अपना वर्कलोड सही तरीके से संभाला। फिजियो और ट्रेनर से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।' कप्तान ने कहा कि चोट और फिटनेस कारणों से तस्कीन लगातार टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं बन सके, लेकिन उनकी मौजूदगी टीम को अतिरिक्त मजबूती देती है। उन्होंने युवा सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन तमीम का भी समर्थन करते हुए कहा कि टीम उनसे अपनी स्वाभाविक बल्लेबाजी शैली बदलने की उम्मीद नहीं करेगी। नजमुल ने आगामी टेस्ट चक्र में बांग्लादेश के लिए शीर्ष पांच में जगह बनाने का लक्ष्य रखा। उन्होंने कहा कि घरेलू सीरीज टीम के लिए बेहद अहम होंगी। पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज पर उन्होंने कहा कि टीम का फोकस सिर्फ बेहतर और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने पर है, न कि बड़े दावों पर। (अनंत ज्ञान)

### मैनचेस्टर सिटी ने 10 साल बाद जीता महिला फुटबॉल सुपर लीग का खिताब

**एजेंसी, ब्राइटन।** मैनचेस्टर सिटी ने बुधवार को एक दशक बाद पहली बार वुमंस फुटबॉल सुपर लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। खिताब की दौड़ में बची आखिरी चुनौती देने वाली टीम आर्सेनल को ब्राइटन एंड होव एल्बियन ने 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया, जिसके बाद मैनचेस्टर सिटी चैंपियन बन गई। मैनचेस्टर सिटी ने 22 में से 21 मुकाबले खेलकर 52 अंक हासिल किए हैं। दूसरी ओर आर्सेनल को शीर्ष स्थान हासिल करने की उम्मीद बनाए रखने के लिए अपने बाकी बचे चारों मैच जीतने जरूरी थे, लेकिन ब्राइटन के खिलाफ ड्रॉ के बाद उसका सपना टूट गया और खिताब नॉर्थ लंदन के बजाय नॉर्थ-वेस्ट पहुंच गया। पिछले सप्ताह ओएल लियोनेस के खिलाफ हारकर चैंपियंस लीग सेमीफाइनल से बाहर होने वाली आर्सेनल टीम पर इस मुकाबले में दबाव साफ नजर आया। मैच के पहले हाफ के अंत से ठीक पहले फुका सुनोडा ने गोल कर ब्राइटन को बढ़त दिला दी। हालांकि, नॉर्वे की मिडफील्डर फ्रिडा मानुम ने एक घंटे के खेल के बाद आर्सेनल के लिए बराबरी का गोल दागा, लेकिन टीम अंतिम समय तक जीत दिलाने वाला गोल नहीं कर सकी। इस परिणाम के साथ मैनचेस्टर सिटी ने 10 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद विमेंस सुपर लीग ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। (अनंत ज्ञान)

### बूचार्ड की खूबसूरती की दुनिया दीवानी

**कनाडा।** कनाडा की स्टार टेनिस खिलाड़ी यूजिनी बूचार्ड अपने खेल के साथ-साथ अपनी खूबसूरती को लेकर भी तारीफें लूट चुकी हैं। यूजिनी बूचार्ड की खूबसूरती की तुलना एक्ट्रेस से की जाती है। बूचार्ड के इंस्टाग्राम पर 2.3 मिलियन फॉलोवर्स हैं।



## आईपीएल | दिल्ली को बल्लेबाजों पर भरोसा, केकेआर भी करो या मरो के लिए तैयार

# दिल्ली-केकेआर में टक्कर आज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आईपीएल में लगातार अस्थिर प्रदर्शन से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स शुक्रवार को अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में उतरेगी। प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए दोनों टीमों के लिए जीत बेहद जरूरी है। दिल्ली ने 10 मैचों में आठ अंक जुटाए हैं और वह अंकतालिका में सातवें स्थान पर है। प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखने के लिए उसे अपने बाकी चारों मैच जीतने होंगे। वहीं आठवें स्थान पर मौजूद केकेआर को भी शेष पांचों मुकाबले जीतने की चुनौती है।

मैच में पिच की भूमिका अहम रहने वाली है। माना जा रहा है कि दिल्ली बल्लेबाजों के अनुकूल पिच नंबर छह चुन सकती है, जिस पर उसने पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रन बनाए थे। हालांकि उस मैच में भी उसे हार का सामना करना पड़ा था। दिल्ली के बल्लेबाज हाल में मुश्किल पिचों पर संघर्ष करते दिखे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सीम लेती विकेट पर टीम ने नौ रन के भीतर छह विकेट गंवा दिए थे, जबकि गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के स्पिनरों के सामने भी बल्लेबाजी लड़खड़ा गई थी।

ऐसे में सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती की फिरकी से बचने के लिए दिल्ली तेज रन बनाने वाली पिच पर उतरना चाहती है। पाथुम निसांका, समीर रिजवी और करुण नायर जैसे बल्लेबाजों के लिए स्पिन चुनौती बन सकती है। दिल्ली के लिए कुलदीप यादव की खराब फॉर्म भी चिंता का विषय है। वह 10 मैचों में सिर्फ सात विकेट ले सके हैं और उनकी इकॉनॉमी रेट 10 से ऊपर रही है। टीम को उम्मीद होगी कि बल्लेबाज बड़ा स्कोर खड़ा करें और बाद में मिचेल स्टार्क तथा लुंगी एंगिडी गेंदबाजी में असर दिखाएं।

दूसरी ओर, केकेआर का शीर्षक्रम भी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। कप्तान अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए हैं। रिंकू सिंह ने हालांकि लगातार उपयोगी योगदान दिया है। दिल्ली के लिए केएल राहुल शानदार फॉर्म में हैं और 180 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 445 रन बना चुके हैं। लेकिन टीम को निसांका, करुण नायर और नीतिश राणा से बेहतर प्रदर्शन की दरकार है। गेंदबाजी में मुकेश कुमार, टी नटराजन और अकीब नबी महंगे साबित हुए हैं, जबकि कप्तान अक्षर पटेल अब तक सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**दिल्ली कैपिटल्सः** अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, साहिल पारख, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, अजय जादव मंडल, करुण नायर, टी नटराजन।


**कोलकाता नाइट राइडर्सः** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती, कैमरन ग्रीन, मथीशा पथिराना, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, तेजस्वी दहिया, रचिन रवींद्र, आकाश दीप, ब्लेसिंग मुजाराबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, फिन एलन, दक्ष कामरा, कार्तिक त्यागी। सार्थक रंजन, सौरभ दुबे।

## फ्रेंकलिन बोले-कमिंस की रणनीति से फंसे प्रियांश

◆ कहा-आईपीएल में गेंदबाजों को बल्लेबाजों की हर कमजोरी की गहरी समझ जरूरी

**एजेंसी, हैदराबाद**

सनराइजर्स हैदराबाद के सहायक कोच जेम्स फ्रेंकलिन ने कहा कि आईपीएल में गेंदबाजों को बल्लेबाजों के आक्रामकता से रन बनाने के तरीकों की गहरी समझ होनी चाहिए।



उन्होंने अपने इस तर्क को पैट कमिंस के उस दांव से जोड़ा, जिसमें उन्होंने पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की 'पूल शॉट' खेलने की आदत का फायदा उठाया था। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान कमिंस ने आर्य को ऑफ स्टम्प के बाहर बाउंसर फेंका और अपर कट की बजाय आर्य ने पूल शॉट खेला, जिससे गेंद डीप स्क्वेयर लेग पर खड़े एशान मलिंगा के हाथों में गई।

फ्रेंकलिन ने मैच के बाद कहा,'' पैट कमिंस और मुख्य कोच डेनियल विटोरी को काफी बारीकी से जानकारी है और मुझे लगता है कि आईपीएल में बल्लेबाजी इतनी मजबूत है कि हर गेंदबाज को बारीकी से जानकारी होनी चाहिए। खासकर शीर्ष तीन या चार बल्लेबाजों को, विशेष तौर पर पावरप्ले में।''

फ्रेंकलिन ने कहा कि सनराइजर्स के गेंदबाजों को मैच से पूर्व फीडबैक से पंजाब के आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ रणनीति तैयार करने में मदद मिली। उन्होंने कहा,''कई बार आपको वह गेंद फेंकने की जरूरत नहीं होती जिसकी फील्ड अपेक्षा करती है। आपको विरोधी बल्लेबाजों की ताकत और कमजोरियों का ज्ञान होना चाहिए। हमारे गेंदबाजी समूह को फीडबैक मिला था और पंजाब की पारी में हमने उसका इस्तेमाल किया।'' (अनंत ज्ञान)

## सुपर रैपिड और ब्लिट्ज : गुकेश ने सिंदारोव को हराया, सो से ड्रॉ खेला

**एजेंसी, वारसा**




डी गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप मुकाबले की तैयारियां पुख्ता करते हुए सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में अपने चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव को पांचवें दौर में हराया और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेसले सो को ड्रॉ पर रोका। उजबेकिस्तान के सिंदारोव को हराने के बाद गुकेश ने वेसले सो को ड्रॉ पर रोका। अब उनके छह अंक हो गए हैं जबकि रैपिड वर्ग में तीन राउंड बाकी हैं। सिंदारोव के खिलाफ जीत से उन्हें दो अंक मिले जबकि ड्रॉ से एक अंक हासिल हुआ।

सो नौ अंक लेकर अमेरिका के ही हैंस नीमैन के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद ब्लादीमिर फेडोसीव हैं जो एक अंक पीछे हैं। गुकेश, फेबियानो कारूआना, जान क्रिस्टोफ डुडा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के छह अंक हैं। ग्रैंड शतरंज टूर के इस टूर्नामेंट में गुकेश ने अपने फॉर्म के कारण और विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के अभ्यास पर फोकस करने के लिए मुख्य टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था। रैपिड मुकाबले में उन्होंने चाल दर चाल सिंदारोव को कड़ी चुनौती दी। दोनों इस दौर से पहले अपने पिछले मुकाबले हार चुके थे। गुकेश को पोलैंड के राडोस्लाव वोज्ताशेक ने हराया जबकि सिंदारोव को अमेरिका के वेसले सो ने मात दी। गुकेश ने 52 चालों के बाद जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

## तीरंदाजी विश्व कप : महिला टीम ने कोरिया को हराकर पदक किया पक्का, पुरुष टीम हारी

**एजेंसी, शंघाई**



भारत का तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में वीरवार को प्रदर्शन मिलाजुला रहा, जब महिला रिकर्व टीम ने रिकॉर्ड दस बार की ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को सेमीफाइनल में हराकर पहला पदक पक्का किया, लेकिन पुरुष टीम पहले दौर में बांग्लादेश से हार गई।

महिला टीम की सदस्यों दीपिका कुमारी, अंकिता भक्त और कुमकुम मोहोद ने सेमीफाइनल में कोरिया को 5-1 से मात दी। अब उसका सामना स्वर्ण पदक के मुकाबले में रविवार को चीन से होगा। पुरुष रिकर्व टीम में तरूणदीप रॉय, धीरज बोम्मादेवरा और यशदीप भोगे थे जिन्हें बांग्लादेश ने 6-2 से मात दी। भारतीय महिला टीम ने लगातार तीन मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने छह तीरों में से चार पर 10 स्कोर किया और सिर्फ दो अंक गंवाकर पहला सेट 58-55 से जीता। दूसरे सेट में मुकाबला 56- 56 से बराबर रहा लेकिन भारत ने 3-1 की बढ़त बना ली।

मैच जीतने के लिए अब सिर्फ दो अंक की जरूरत थी और अगला सेट भारत ने 58 . 56 से अपने नाम किया, लेकिन कोरिया ने यहां अनुभवहीन टीम भेजी है क्योंकि उसका फोकस चार महीने बाद जापान में होने वाले एशियाई खेलों पर है। कोरियाई टीम में दो नए चेहरे ली युंजी और ओ येजिन थे जबकि मौजूदा विश्व चैम्पियन कांग चाएयंग एकमात्र अनुभवी तीरंदाज थी। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने उज्बेकिस्तान को पहले दौर में 6-2 (53-56, 57-54, 55-54, 55-51) से हराया। क्वार्टर फाइनल में तनावपूर्ण शूटआफ में वियतनाम पर 5. 4 से जीत दर्ज की। पुरुष टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसने पहला सेट 52-55 से गंवाया। दूसरे सेट में बांग्लादेश ने उसे 54-54 से बराबरी पर रोका। तीसरे सेट में दोनों टीमों का स्कोर 53 रहा। बांग्लादेश ने चौथा सेट 57-53 से जीता। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल में हैदराबाद नंबर-वन पंजाब दूसरे स्थान पर खिसकी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल-2026 पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। उसने बुधवार को अपने घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स को 33 रन से हराया। वहीं, पंजाब की टीम दूसरे स्थान पर खिसक गई है। राजीव गांधी उप्पल स्टेडियम में 236 रन चेज कर रही पंजाब की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 202 रन तक ही पहुंच सकी। आईपीएल के मौजूदा सीजन में शानदार शुरुआत करने वाली पंजाब किंग्स ने लगातार तीसरा मैच गंवाया है, जबकि हैदराबाद ने सीजन में 7वीं जीत हासिल की है। श्रेयस अय्यर की टीम के पास 10 मैचों में 13 अंक हैं। टीम ने 6 जीत हासिल की है, जबकि एक मैच नो रिजल्ट रहा है। अभी पंजाब को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अगले 4 में कम से कम 2 मैच जीतने होंगे। पैट कमिंस की टीम ने 11 में से 7 मैच जीत लिए हैं। टीम के पास 14 अंक हैं। एक और जीत प्लेऑफ में उसकी जगह लगभग पक्की कर देगी। टीम को गुजरात, चेन्नई और बेंगलुरु के साथ अपने बचे हुए मैच खेलने हैं।

**क्लासेन को ऑरेंज कैपः** हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन सीजन के टॉप स्कोरर बन गए हैं। वे 11 मैचों में 5 फिफ्टी के सहारे 494 रन बना चुके हैं। उन्होंने अपनी टीम के अभिषेक शर्मा (475 रन) को और दिल्ली के केएल राहुल (445 रन) को पीछे छोड़ दिया है। आज कोहली टॉप-3 में जगह बना सकते हैं।

**पर्पल कैप लीडरबोर्ड में बदलाव नहींः** मैच के बाद टॉप विकेट टेकर्स की लिस्ट में बदलाव नहीं हुआ है। बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई के अंशुल कंबोज एक समान 17-17 विकेट के साथ पहले और दूसरे स्थान पर हैं। गुजरात के कगिसो रबाडा 16 विकेट लेकर नंबर-3 पर हैं। (अनंत ज्ञान)

## बायर्न म्युनिख से ड्रॉ के बाद पेरिस सेंट जर्मेन चैंपियंस लीग फाइनल में

**एजेंसी, म्युनिख**



पेरिस सेंट जर्मेन ने बायर्न म्युनिख से 1-1 से ड्रॉ खेलकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में उस्मान डेम्बेले ने तीसरे ही मिनट में गोल दाग दिया। हैरी केन ने स्टॉपेज टाइम में म्युनिख के लिये गोल किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इसके साथ ही उनकी टीम का एक ही सत्र में बुंडेस्लिगा, जर्मन कप और चैंपियंस लीग जीतने का सपना टूट गया।

गत चैंपियन पीएसजी ने औसत के आधार पर 6-5 से जीत दर्ज की। उसने पेरिस में पिछले सप्ताह पहले चरण का मुकाबला 5-4 से जीता था। अब उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में आर्सनल से होगा जिसने एटलेटिको मैड्रिड को 1-0 से हराया और 2-1 से जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। लगातार दो साल खिताब जीतने वाली रीयाल मैड्रिड आखिरी टीम थी, जिसने 2016 से 2018 तक खिताब की हैट्रिक लगाई थी। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल में बल्लेबाजों से आगे रहने के लिए गेंदबाजी में विविधता जरूरी : क्रुणाल पांड्या

**एजेंसी, लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हरफनमौला क्रुणाल पांड्या ने कहा कि आईपीएल में बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन के बीच प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए गेंदबाजों को अपने हुनर में विविधता लानी होगी।



पांड्या ने जियोस्टार से कहा,''पिछले दस साल से अगर आईपीएल आपने करीब से देखा हो तो समझ में आयेगा कि लीग किस तरह बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन की बानगी बन चुकी है। बल्लेबाजों की बड़े शॉट खेलने की क्षमता भी बदल गई है। नई पीढ़ी के बल्लेबाज आसानी से चौके छक्के लगा रहे हैं।''

उन्होंने कहा,''एक गेंदबाज के तौर पर मेरा मानना है कि गेंदबाजी में विविधता लानी जरूरी है। बल्लेबाजों से एक कदम आगे रहने की जरूरत है। ऐसे में बाउंसर्स और यॉर्कर अहम हो जाते हैं।''

उन्होंने कहा कि हेनरिच क्लासेन और श्रेयस अय्यर जैसे शानदार बल्लेबाजों को गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन हालात को भांपकर उसके अनुकूल ढलने से उन्हें काफी मदद मिली है। उन्होंने कहा,''मैं हालात के अनुरूप गेंदबाजी करता हूं। कई बार आक्रामक गेंदबाजी की जरूरत होती है तो कई बार रन रोकने होते हैं। मेरा फलसफा सर्वश्रेष्ठ गेंद फेंकने का होता है। कई बार क्रीज पर कोई खतरनाक बल्लेबाज है और आपको विकेट चाहिए तो जोखिम लेना होता है। सब कुछ मैच हालात पर निर्भर करता है।'' (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए अंडर-18 पुरुष और महिला भारतीय हॉकी टीमों का ऐलान

**एजेंसी, भोपाल।** हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 से 20 मई तक होने वाली घरेलू सीरीज के लिए 24 सदस्यीय अंडर-18 पुरुष और महिला टीमों का ऐलान किया। चार मैचों की सीरीज भोपाल के भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर खेली जाएगी। यह जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से छह जून तक होने वाले पुरुष और महिला अंडर 18 एशिया कप की तैयारियों के लिए अहम है।

टीम का चयन राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के दौरान किया गया, जिसमें 42 खिलाड़ियों के समूह में से मैच फिटनेस और तकनीकी कौशल के आधार पर 24 को चुना गया। फॉरवर्ड केतन कुशवाहा अंडर 18 पुरुष टीम के कप्तान होंगे, जबकि महिला टीम की कमान स्वीटी कुजूर को सौंपी गई है। पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा,''शिविर के बाद हमने 24 खिलाड़ियों को चुना जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के योग्य हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच इस टीम की असल परीक्षा होगी। जापान में होने वाले अंडर-18 एशिया कप से पहले यह देखना होगा कि टीम ऑस्ट्रेलियाई शैली की हॉकी का दबाव कैसे झेल पाती है।'' महिला टीम की कोच रानी रामपाल ने कहा,''हमने उन 24 खिलाड़ियों को चुना जिन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलिया जैसी शीर्ष टीम के खिलाफ चार मैच खेलने से हमें अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा। एशिया कप से पहले यह सीरीज टीम के लिए ड्रेस रिहर्सल की तरह होगी।'' (अनंत ज्ञान)

**अंडर-18 पुरुष टीम**

**गोलकीपर : सावन** कुमार, आयुष रजक, विशाल बड़ा। **डिफेंडर :** अंश बहुत्रा, आशीष तानी पूर्ति, अरमान सोरेंग, दीपकप्रकाश टोप्पो, करण गौतम, करण धानुक। **मिडफील्डर :** प्रेमचंद सोय, राहुल यादव, वरिंदर सिंह, रोमित पाल, अर्जनदीप सिंह, गुरसिमरनप्रीत सिंह, अर्शदीप सिंह, अवि मानिकपुरी। **फॉरवर्ड :** आकाश दीप, केतन कुशवाहा (कप्तान), शाहरूख अली, गाजी खान, प्रहलाद राजभर, सिद्धार्थ बेन, जेसान कांडुल्ना।

**अंडर-18 महिला टीम**


**गोलकीपर :** महक परिहार, हैरी, खिली कुमारी। **डिफेंडरः** सुगन सांगा, नीलम टोप्नो, रूबिना बक्सला, किरण इक्का, दिव्या यादव, सुलोचनी। **मिडफील्डर :** श्रुति कुमारी, दिया, हर्षिता, रशमीन कौर, लामिंगांबी एकोइजाम, नैंसी सरोहा, तोंगब्राम लांचेंबी देवी, स्नेहा दावडे। **फॉरवर्ड :** नौशीन नाज, स्वीटी कुजूर (कप्तान), प्रियंका मिंज, संदीपा कुमारी, नम्मी गीताश्री, प्रिंसेस प्रिया इक्का, पुष्पा मांझी।

## क्रिकेट | क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कमिंस समेत खिलाड़ियों को आईपीएल 2026 पूरा करने की दी मंजूरी

# आईपीएल खत्म कर ही पाकिस्तान जाएंगे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

**एजेंसी, मेलबर्न**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वीरवार को पुष्टि की कि कप्तान पैट कमिंस सहित उसके खिलाड़ियों को आईपीएल-2026 में अपनी प्रतिबद्धता पूरी करने की स्वीकृति मिलेगी और उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ 30 मई से शुरू हो रही तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज के लिए छूट दी जाएगी।



फाइल फोटो

आईपीएल का लीग चरण 24 मई को संपन्न होगा, जबकि टूर्नामेंट का फाइनल 31 मई को खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के 23 मई को इस्लामाबाद पहुंचने का कार्यक्रम है, जो आईपीएल का अंतिम चरण होगा। सनराइजर्स हैदराबाद के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, ''हां, हमें सूचना मिली है कि हमारी टीम में शामिल ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल के लिए रुकेंगे।'' कप्तान कमिंस के अलावा ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी सनराइजर्स की टीम का हिस्सा हैं। हैदराबाद की टीम अभी 14 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर चल रही है और प्ले ऑफ में जगह बनाने की प्रबल दावेदार है।

आईपीएल में खेल रहे ऑस्ट्रेलिया के अन्य खिलाड़ी जोश हेजलवुड, टिम डेविड (दोनों रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), मिचेल मार्श, जोश इंग्लिस (दोनों लखनऊ सुपर जाइंट्स), जेवियर बार्टलेट, मार्कस स्टोइनिस, कूपर कोनोली (तीनों पंजाब किंग्स), मैथ्यू शॉर्ट (चेन्नई सुपरकिंग्स), मिचेल स्टार्क (दिल्ली कैपिटल्स) और कैमरन ग्रीन (कोलकाता नाइट राइडर्स) हैं। इनमें से अगर दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स नॉकआउट चरण में नहीं पहुंच पाते हैं तो ग्रीन और स्टार्क लीग चरण के बाद आईपीएल छोड़कर जा सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स अभी 10 मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है जबकि नाइट राइडर्स नौ मैच में सात अंक के साथ आठवें पायदान पर हैं।

दूसरी ओर सुपर जाइंट्स की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं क्योंकि वे नौ मैच में सिर्फ चार अंकों के साथ 10वें स्थान पर हैं, इसलिए मार्श और इंग्लिस भी पहले एकदिवसीय से पूर्व पाकिस्तान में ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक इस दौरे के लिए टीम की घोषणा नहीं की है। हेजलवुड, डेविड, कोनोली जैसे खिलाड़ियों को हालांकि, यहीं रुकना पड़ सकता है क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलरु और पंजाब किंग्स के भी प्लेऑफ में पहुंचने की पूरी संभावना है। अब उम्मीद है कि वे जून के पहले हफ्ते में बांग्लादेश में राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे। ऑस्ट्रेलिया नौ जून से बांग्लादेश के खिलाफ तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा।